सुप्रभात
रांची, सोमवार
24.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 279



12 भारतीय संस्कृति रुढ़ीवादी नहीं : संघ प्रमुख


# गिरफ्तार अमृतपाल को डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया

## कारा में 57 सीसीटीवी कैमरे, बाहर ब्लैक पैंथर कमांडो तैनात

एजेंसी

नयी दिल्ली, चंडीगढ़। लंबे समय से फरार पंजाब की अमृतसर पुलिस और इंटेलिजेंस विंग ने एक संयुक्त आरेशन में वारिस द पंजाब संगठन के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक भगोड़े अमृतपाल सिंह को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर कर कड़ी सुरक्षा में डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया। जेल के बाहर असम पुलिस के उग्रवाद विरोधी विशेष बल के ब्लैक पैंथर कमांडो तैनात किये गये हैं। इनके आगे परिंदा भी पर नहीं मार सकता। ये देश की सबसे सख्त निगरानी कमांडो दल में से एक माने जाते हैं। रविवार सुबह रोडे गांव के एक गुरूद्वारे से उसकी गिरफ्तारी हुई। इससे पहले उसने मोगा के एक गुरुद्वारे में आत्मसमर्पण किया था। अमृतपाल सिंह को मोगा जिले के रोडे से गिरफ्तार किया गया जो जरनैल सिंह भिंडरावाले का पैतृक गांव है।

डिब्रूगढ़ जेल ले जाने के पूर्व उसे एयरफोर्स स्टेशन बठिंडा लाया गया। एयरफोर्स स्टेशन पर ही उसकी मेडिकल जांच करायी गयी। पंजाब पुलिस ने लोगों से शांति बनाये रखने फर्जी खबरों से दूर रहने की भी अपील की है। पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक (आइजीपी) सुखचैन सिंह गिल ने कहा कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) वारंट जारी किया गया था। (शेष पेज 11 पर)







### पूर्वोत्तर की सबसे पुरानी जेल

1859-60 में बनी डिब्रूगढ़ जेल सबसे सुरक्षित जेल मानी जाती है। 1857 के पहले स्वतंत्रता संग्राम में पकड़े गये कैदियों को रखने के लिए बनाया गया था। यह पूर्वोत्तर की सबसे पुरानी जेल है। इसका इस्तेमाल यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम इंडिपेंडेंट (उल्फा-क) के कई शीर्ष नेताओं को रखने के लिए किया जाता था। हालांकि अब यह जेल खालिस्तानी कट्टरपंथियों का ठिकाना बन गयी है। नौ खालिस्तान समर्थक नेता पहले से ही डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं। इनमें अमृतपाल के सहयोगी पप्पलप्रीत और चाचा हरजीत सिंह भी यहीं बंद हैं।

## जंगल हो या सरहद, जवानों के साहस में कमी नहीं

# 15 मिनट तक अकेल लड़कर दो भालूओं को मार भगाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/लातेहार। सरहद हो या जंगल देश के बहादुर जवान किसी भी हालत में किसी से भी लोहा लेने के लिए तैयार रहता है। ऐसे में एक जवान, अदम्य साहस और दिलेरी का परिचय देते हुए 15 मिनट तक जंगली भालुओं से लड़ता रहा। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उसने जंगली भालूओं को भागने पर मजबूर कर दिया। महुआडांड़ थाना के केवरकी गांव निवासी आइआरबी का जवान संदीप टोप्पो रविवार को पास के जंगल में महुआ चुनने के लिए गया था। उसी दौरान उस पर जंगली भालुआं ने हमला कर दिया। जवान की बहादुरी और हिम्मत को देख हमलावर भालू उसे छोड़ कर जंगल की ओर भाग गया। संदीप टोप्पो भी जख्मी हो गया। लातेहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार करने के बाद संदीप टोप्पो को बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है।

**कुल्हाड़ी ले कर टूट पड़ा :** जानकारी के मुताबिक महुआ चुनने के दौरान अचानक उस पर दो जंगली भालूओं ने हमला कर दिया। अचानक इस हमले से एक बार तो संदीप घबरा गया, फिर भी उसने हिम्मत नहीं हारी। पूरी हिम्मत और ताकत के साथ जंगली भालूओं से भिड़ गया। इस दौरान संदीप बुरी तरह से घायल भी हो गया। (शेष पेज 11 पर)



### पिता बोले, बहुत बहादुर है संदीप

घायल संदीप टोप्पो के पिता ने बताया कि संदीप काफी हिम्मतवाला लड़का है। जिस प्रकार दो भालूओं ने उस पर हमला किया था, उस परिस्थिति में सामान्य व्यक्ति तो अपने प्राणों से हाथ धो बैठता। पर संदीप ने अपने हौसले के बल पर अपनी जान बचायी और जंगली भालूओं को खदेड़ दिया। पिता ने बताया कि संदीप आइआरबी का जवान है और दो साल से घर पर ही रह कर खेतीबाड़ी का काम कर रहा है। पत्नी के छोड़ जाने और दूसरे व्यक्ति से विवाह के बाद संदीप काफी दुखी रहने लगा था। दो साल से वह नौकरी पर भी नहीं गया।

## न्यूज डायरी

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 29 को

रांची। जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिले की प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल को होगी। इसके लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। दो घंटे की परीक्षा ऑफलाइन मोड में 11:30 बजे से शुरू होगी। झारखंड में यह परीक्षा चार भाषाओं हिंदी, इंग्लिश, उर्दू और उड़िया में ली जायेगी। सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव प्रकार के होंगे और प्रत्येक के लिए 1 अंक मिलेगा। कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रश्न पत्र में 3 खंड में कुल 100 अंक के 80 प्रश्न होंगे।

### सीएम ने शहीद तेलंगा खड़िया को दी श्रद्धांजलि

रांची। सीएम हेमन्त सोरेन ने अमर वीर शहीद तेलंगा खड़िया के शहादत दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। सीएम ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेज शोषकों के खिलाफ उनके विद्रोह और शहादत को सदैव याद रखा जायेगा। झारखंड की माटी के वीर सपूत को शत-शत नमन।

### आनंद मोहन की रिहाई से मायावती नाखुश

लखनऊ । उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व बाहुबली सांसद आनंद मोहन की रिहाई के लिए नियमों में बदलाव की बिहार सरकार की कोशिश बसपा प्रमुख मायावती ने निंदा की है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार से फैसले पर पुनर्विचार की मांग की। उन्होंने कहा कि करीब 29 साल पहले बिहार में गोपालगंज के जिलाधिकारी रहे जी कृष्णैया की हत्या के मामले में में नीतिश सरकार के इस कदम से दलित समाज में खासा रोष है।

### कपिलो मुखिया को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

गिरिडीह। बिरनी के कपिलो पंचायत के मुखिया मुकेश यादव को कोड़रमा सांसद व केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने दिल्ली आवासीय कार्यालय में बुके एंव अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुखिया मुकेश इससे पहले नानाजी देशमुख सर्वोत्तम राष्ट्रीय पंचायत सतत विकास पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कपिलो पंचायत विकास के सतत प्रयास की सराहना कर मुखिया यादव को शुभकामनाएं दीं।

### झारखंड में कोरोना के 22 नये मामले

रांची। झारखंड में कोरोना के मामले धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में राज्यभर में कोरोना के 22 नये मरीज मिले हैं। वर्तमान में राज्यभर में कोराना के 302 केस सक्रिय हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोरोना के नए मामलों में रांची में सात, धनबाद में दो, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 12 और खूंटी में एक मरीज मिला है।

### 220 करोड़ में बिका मुंबई का एक बंगला

नयी दिल्ली। मुंबई का एक बंगला एक बार फिर से चर्चा में है। मुंबई के पॉश इलाके में फिर से करोड़ों में घर की डील हुई है। साउथ मुंबई के इस बंगले की कीमत 220 करोड़ रुपये है। अरबपतियों के मोहल्ले में बने इस बंगले को जाने-माने कारोबारी ग्रुप आदित्य बिड़ला समूह ने खरीदा है। इस बंगले की कीमत चर्चा में है।

## सुरेश्वर महादेव मंदिर के वार्षिकोत्स पर कलश यात्रा



## लोगों को राहत देने को जेबीवीएनएल तीन कंपनियों से करेगा पीपीए

# सरकार रोज खरीदेगी दो करोड़ की बिजली

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हर हार में लोगों को बिजली उपलब्ध कराने के सीएम के निर्देश पर बिजली की खपत और डिमांड को पूरा करने के लिए जेबीवीएनएल सेंट्रल एक्सचेंज की तीन कंपनियों के साथ पावर परचेज एक्सचेंज (पीपीए) करेगा। इस पर प्रतिदिन करीब 2 करोड़ रुपये का खर्च आ रहा है। सीएमडी अविनाश कुमार और डायरेक्टर कॉर्मिशियल मनीष कुमार, निदेशक वितरण और प्रोजेक्ट केके वर्मा के निर्देश के बाद जीएम रिषिनंदन इस प्रस्ताव को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार, इस महीने के अंत तक पीपीए को अंतिम रूप दिया जायेगा। **बुकिंग करने पर महंगी मिलती है बिजली :** गर्मी में बिजली संकट को देखते हुए आनन-फानन में इंडिया एनर्जी पावर एक्सचेंज से बुकिंग करके बिजली लेनी पड़ती है। बिजली की उपलब्धता की स्थिति के अनुसार जेबीवीएनएल को अचानक बिजली खरीद की दर महंगी पड़ती है। 10 रुपया प्रति यूनिट तक दर हो जाती है। सामान्य दिनों में यही बिजली औसतन 5-7 रुपया तक मिलती है, लेकिन ऑन डिमांड पर दर बढ़ जाती है। यही कारण है कि जेबीवीएनएल ने गर्मी में डिमांड के अनुसार स्थाई तौर पर पीपीए करके ही बिजली खरीदी का निर्णय ले लिया है। (शेष पेज 11 पर)

## मोदी का आज से केरल दौरा धमकी देनेवाला धराया, खोला राज

तिरुवनन्तपुरम। पीएम मोदी सोमवार को दो दिनों के केरल दौरे पर रवाना होने वाले हैं। 24 और 25 अप्रैल को पीएम विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उनकी यात्रा को ले कर सुरक्षा अत्यंत कड़ी कर दी गयी है। वहीं दूसरी ओर कोच्चि के पुलिस आयुक्त के सेतु रमन ने कहा कि पीएम के खिलाफ धमकी भरा पत्र भेजने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसे फोरेंसिक की मदद से खोज निकाला। पीएम मोदी को आत्मघाती बम हमले से उड़ा देने की धमकी भरा पत्र लिखने वाले आरोपी को केरल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने खुलासा किया है कि आरोपी जेवियर अंजनिकल (53) को कोच्चि से गिरफ्तार कर लिया गया। वह कलूर-काथरीकाडावु रोड में किराये के मकान में रहता है। कोच्चि में एक कैटरिंग फर्म चलाता है। पूछताछ में जेवियर ने धमकी भरा पत्र लिखने की वजह का खुलासा भी किया है। जेवियर ने निजी दुश्मनी की वजह से उसने अपने पड़ोसी को फंसाने के लिए पत्र लिखा था।

**कोच्चि वाटर मेट्रो राष्ट्र को सौपेंगे मोदी :** पीएम मोदी कोच्चि वाटर मेट्रो भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह अपनी तरह की एक अनोखी परियोजना है। यह कोच्चि शहर में बिना बाधा के कनेक्टिविटी देने के लिए बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक हाइब्रिड नावों के जरिये कोच्चि के आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ेगी।

## छविरंजन आज इडी के समक्ष पेश होंगे

रांची। सेना के कब्जे वाली जमीन घोटाले के मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की आज इडी में परीक्षा है। छवि रंजन सोमवार को इडी के सवालों का सामना करेंगे, इडी ने छवि रंजन को एक के बाद एक तीन समन जारी किये थे। एजेंसी को छवि रंजन से आर्मी जमीन घोटाले मामले में पूछताछ करनी है। मिली जानकारी के अनुसार छवि रंजन ने इसकी तैयारी कर रखी है। सोमवार को दिन के 11 बजे छवि इडी कार्यालय पहुंच जाएंगे। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इडी ने समन जारी कर 21 अप्रैल को ही पूछताछ के लिए बुलाया था। पर छवि रंजन ने अपने वकील के माध्यम से दो सप्ताह का समय मांगा था, लेकिन छवि रंजन के इस आग्रह को इडी ने जांच के अनुसंधान को टालने की कोशिश मानते हुए समय देने से साफ इनकार कर दिया था। शुक्रवार को छवि रंजन के वकीलों के द्वारा कई बार प्रयास किया गया कि छवि रंजन को दो सप्ताह का समय मिल जाये, लेकिन ऐसा हुआ नहीं और इडी ने तीसरा समन जारी करते हुए छवि रंजन को 24 अप्रैल को एजेंसी के दफ्तर में हाजिर होने का निर्देश दिया। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य ईडी को मिले है।

## चार टर्म विधायक रहे निरंजन बाबू के गांव जाने तक सड़क नहीं

# 90 साल की उम्र में भी लड़ रहे हैं, किसी तारणहार का इंतजार

सुधीर

रांची। एकीकृत बिहार में चार बार के विधायक रहे निरंजन प्रसाद सिंह के गांव में जाने को सड़क तक नहीं है। गांव की सड़क बनाने के लिए वह 33 सालों से जद्दोजहद कर रहे हैं। इसके बाद भी किसी अधिकारी या राजनेता का दिल नहीं पसीज रहा है। चतरा जिले के फुलांग गांव के रहनेवाले 90 वर्षीय निरंजन बाबू आज भी गांव की सड़क को बनाने के लिए बिना संकोच प्रोजेक्ट भवन के दूसरे तले पर चढ़कर मंत्री से मिलने पहुंच जा रहे हैं। उनसे गांव की सड़क को बनाने की गुहार लगा रहे हैं। परंतु न तो उनके गांव की सड़क बनी और न ही किसी अधिकारी या राजनेता ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनके गांव की सड़क बन जायेगी। निरंजन बाबू के गांव को जिला मुख्यालय से जोड़नेवाली सड़क को आज भी किसी तारणहार का इंतजार है। **दैनिक खबर मन्त्र** से बातचीत में उन्होंने बताया कि वह दो बार चौपारण और दो बार बरही से विधायक रह चुके हैं। (शेष पेज 11 पर)



### उग्रवाद और आबादी बन रहा निर्माण में बाधक

निरंजन प्रसाद सिंह झारखंड के चतरा जिले के फूलांग के रहने वाले हैं। अलग झारखंड बनने के बाद से ही वह सड़क बनाने को लेकर हर तरह के प्रयास कर रहे हैं। तब से वह लगातार मंत्री से ले कर अधिकारी तक सड़क बनाने की गुहार लगा रहे हैं। चतरा डीसी ने मुख्य सचिव को फोन पर यह बताते हुए सड़क बनाने से इनकार कर दिया कि यह इलाका न तो उग्रवाद प्रभाबित है और न कोई बड़ी आबादी है। सिर्फ गौरक्षणी है। पथ की लंबाई 3 किमी से अधिक होने के कारण 80 लाख रुपये का खर्च आयेगा। यह जिले से नहीं किया जा सकता। निरंजन बाबू के गांव को जिला मुख्यालय से जोड़नेवाली सड़क को आज भी किसी तारणहार का इंतजार है।



भाजपा नेता ने ईडी से जमीन घोटाले की गहराई से जांच करने का किया आग्रह

# हजारों करोड़ रुपये की जमीन की हुई लूट : बाबूलाल मरांडी

उदय चौहान

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में करीब 10 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक मूल्य की जमीन लूट का खेला हुआ है। श्री मरांडी रविवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जमीन महाघोटाले की गहराई से जांच करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जमीन की अवैध लूट में अफसर-नेता और अपराधी तत्वों का गठजोड़ है। इडी निदेशक को जमीन महाघोटाले में कई अहम बिंदुओं पर जवाबदेह लोगों से विस्तार से पूछताछ करनी चाहिये। पर्दे के पीछे रिमोट कंट्रोल से इस धंधे में शामिल चेहरों को भी बेनकाब करना जरूरी है।

*बाबूलाल ने दावा किया कि रांची जमीन गोरखधंधे के षड्यंत्र की गहराई से जांच होगी तो साहिबगंज का चर्चित 1000 करोड़ का खनन घोटाला छोटा पड़ जायेगा। रांची में 10,000 करोड़ रुपये से भी अधिक का जमीन घोटाला हुआ है।*



उन्होंने कहा कि अवैध कारोबारियों की गर्दन पकड़नी होगी। माफिया तत्वों के चलते आज झारखंड की देश-दुनिया में बदनामी हो रही है। उन्होंने दावा किया कि रांची जमीन गोरखधंधे के षड्यंत्र की गहराई से जांच होगी तो साहिबगंज का चर्चित 1000 करोड़ का पत्थर खान लूट घोटाला इसके सामने बौना हो जायेगा। रांची में 10,000 करोड़ से भी ज्यादा का घोटाला हुआ है।

**सत्ता के संरक्षण में जमीन की हुई गड़बड़ी :** बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राँची में हुये जमीन महाघोटाले के बारे में कई लोगों से उन्होंने बातचीत की है। इस गोरखधंधे के बारे में विस्तार से समझने का प्रयास किया है। सत्ता के संरक्षण में दलालों, कुछ धन लोभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने मिलकर भ्रष्टाचार का ऐसा काम किया है, जिसकी गूंज लम्बे समय तक सुनायी देगी। इसकी जाँच जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे कई बड़े सरकारी-गैर सरकारी लुटेरे लाईन लगाकर जेल जाते देखे जायेंगे।

### सत्ता का कुख्यात दलाल प्रेम प्रकाश था जमीन लूट योजना का डायरेक्टर !

बाबूलाल ने कहा कि गठबंधन सरकार बनने के चंद महीने बाद ही कोविड लॉकडाउन लग गया। सरकारी-गैर सरकारी कामकाज, रोजगार ठप पड़ गये लेकिन, बेईमानों ने इस अवधि में इजी मनी मेकिंग का सबसे आसान रास्ता जमीन की हेराफेरी को बनाया। उन्होंने कहा कि कोडरमा में सरकारी पेड़ कटवा कर बेच खाने के मामले में हाईकोर्ट से जमानत प्राप्त चार्जशीटेड आईएएस छवि रंजन को इस 'काम' के लिए सही आदमी समझ कर लाया गया था। जमीन लूट योजना का नियंत्रण और डायरेक्शन सत्ता के कुख्यात दलाल प्रेम प्रकाश था। इसका पहला शिकार मेडिका अस्पताल के बगल वाली जमीन को बनाया गया। भारी संख्या में पुलिस के बल पर जमीन कब्जा करवाया गया। बेइमानों का मनोबल इतना बढ़ गया कि कागजातों में हेराफेरी कर जमीन कब्जाने के धंधे को मोटी कमाई का जरिया ही बना लिया। बजरा की जमीन भी इनके निशाने पर रही। 75 सालों की लगान रसीद एक दिन में काटकर भारी संख्या में पुलिस के दम पर दिन-रात जमीन कब्जा कराने का ऐसा काम हुआ।

## पंचायतों के सतत विकास के लिए आज ली जायेगी शपथ

**रांची।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस आज 24 अप्रैल को पूरे देशभर में मनाया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश के रेवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। इस दौरान डिजिटल सिस्टम का अधिक से अधिक प्रयोग ई-ग्राम स्वराज-जेम के प्रयोग पर जोर दिया जायेगा, ताकि किसानों के उत्पाद के मार्केटिंग के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध हो सके। वहीं, झारखंड में भी पंचायती राज दिवस को देखते हुए पंचायती राज विभाग ने सभी जिलों और त्रिस्तरीय पंचायतों को दिशा-निर्देश जारी कर पंचायती राज दिवस मनाने का निर्देश दिया है। इस दौरान पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण के लिए जनप्रतिनिधि शपथ लेंगे। पंचायतों के विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शपथ ली जायेगी। सभी मुखिया, पंचायत के सदस्यों, जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्षतों व पंचायत समिति को कहा गया है कि वे पंचायती दिवस के दौरान कार्यक्रम का आयोजन करें। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जायेगा।

## दीपक प्रकाश चुनाव प्रचार करने आज जायेंगे कर्नाटक

**रांची।** भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष दीपक प्रकाश 24 अप्रैल को बेंगलुरु जायेंगे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 24, 25, 26 एवं 27अप्रैल को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में शामिल होंगे । उन्होंने बताया कि श्री प्रकाश बेंगलुरु में आयोजित रोड शो एवं रैली कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उधर, भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह, निशिकांत दुबे, आदित्य साहू विधायक बिरंची नारायण, अनंत ओझा, डॉ नीरा यादव समेत अन्य नेता कर्नाटक में पहले से ही कैम्प कर रहे हैं। झारखंड के भाजपा नेताओं को विभिन्न जिलों में चुनाव प्रचार की जिम्मेवारी मिली है।

## मुख्यालय से अनुपस्थित रहने के आरोपी बीडीओ पर बैठी जांच

**रांची।** राज्य सरकार ने तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर, सिमडेगा शिवाजी भगत के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। शिवाजी भगत अभी बीडीओ पालाजोरी, देवधर के पद पर कार्यरत हैं। उनके विरूद्ध सिमडेगा में बगैर प्रभार सौंपे बिना प्रखंड मुख्यालय से अनुपस्थित रहने, रोकड़ पंजी का अद्यतन संधारण एवं निरीक्षण, पर्यवेक्षण नहीं करने, अपने दायित्व का निर्वहन नहीं करने संबंधी गंभीर आरोप लगे हैं। पूरे मामले पर उपायुक्त सिमडेगा ने 29 मई 2018 को ही आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी।

कार्मिक विभाग ने इसकी जांच करायी, जिसमें प्रथमदृष्टया आरोप प्रमाणित पाये गये। मामला राज्य सरकार के पास गया। इसके बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया और जांच संचालन पदधिकारी रिटायर आइएएस अरविंद कुमार को नियुक्त किया गया है। उप-समाहर्ता सिमडेगा को उपस्थापन पदाधिकारी बनाया गया है। शिवाजी भगत से 15 दिनों में जवाब मांगा गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

## डीपीएस माफी और ओटीएस के लिए आज से लगेगा ऊर्जा मेला

आम बिजली उपभोक्ता उठा सकते हैं फायदा

**सरकार ने बिजली बिल बकाएदारों को राहत देने की शुरू की पहल**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार बिजली बिल बकाया पर डीपीएस माफी और वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम का फायदा पहुंचाने के लिए अब जेबीवीएनएल उपभोक्ता के पास जाएगा। इसके लिए जेबीवीएनएल द्वारा विभिन्न स्थानों पर कैंप सह ऊर्जा मेला लगाया जाएगा। इस मेले में आम बिजली उपभोक्ता शामिल होकर इसका लाभ उठा सकते हैं। यह जानकारी रांची एरिया बोर्ड के जीएम पीके श्रीवास्तव ने दी। सरकार के निर्णय के अनुसार, बिजली बिल बकाएदारों को राहत दिया जाना है। इसके तहत बिल बकाया पर वन टाइम भुगतान पर पूरा डीपीएस माफ किया जाएगा। अगर उपभोक्ता चाहे तो अपना बिजली बिल पांच किस्त में जमा करा सकते हैं।

### कहां कब लगेगा कैंप

**24 अप्रैल :** बसिला नगड़ी, पुरियो बेड़ो, हेहल रातू, नरकोपी मांडर, सिलागाईं चान्हो, कोटरी बुढ़मू, राय बचरा, रामपपुर, गेतलसूद, उलकीडीह, मंदरो बाजार, चुटुपालू पीएसएस तथा **25 अप्रैल :** नारो बाजार नगड़ी, दोलैया लापुंग, हुरहुरी रातू, मंदरो मांडर, करकट चान्हो, उमेडंडा बुड़मू, खलारी, लोटा सिल्ली, सालटन अनगड़ा, तैमारा बुंडू, ओरमांझी ब्लॉक पीएसएस, उरगुप्तु कांके, ओरमांझी बाजार आदि में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है।

## झारखंड में 7 माह से रिक्त है एफएसएल डायरेक्टर की कुर्सी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) डायरेक्टर का पद पिछले सात महीने से रिक्त है। एके बापुली का कार्यकाल 15 सितंबर को ही खत्म हुआ था। उनकी कार्यावधि बढ़ाने के लिए सरकार के पास फाइल गयी है, लेकिन अब तक उक्त फाइल पर विचार नहीं हो सका। ऐसे में झारखंड में एफएसएल डायरेक्टर का पद अबतक खाली पड़ा है। इस कारण जांच में काफी परेशानी हो रही है।

**जेपीएससी ने नियुक्ति की फाइल गृह विभाग को कर दिया था वापस :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने 28 सितंबर 2022 को एसएफएसएल के निदेशक पद पर सीधी भर्ती से संबंधित फाइल गृह विभाग को वापस कर दिया था। जेपीएससी ने टिप्पणी की थी कि त्रुटियों के निराकरण के बाद ही यह प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

आपको बता दें कि राज्य सरकार ने एफएसएल के निदेशक पद पर सीधी भर्ती के लिए जेपीएससी से पत्राचार भी किया था। लेकिन जेपीएससी ने कुछ बिंदुओं पर आपत्ति जताते हुए गृह विभाग को फाइल वापस कर दी थी। साथ ही जेपीएससी की ओर से तर्क दिया गया था कि इस पद के लिए संबंधित नियमावली में उम्र सीमा और चयन की प्रक्रिया का उल्लेख नहीं है। त्रुटि निराकरण के बाद ही जेपीएससी इस दिशा में आगे बढ़ेगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जारी किया निर्देश

## राज्य के स्कूलों के लिए हेडमास्टर के पद पर प्रोन्नति की प्रक्रिया शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों शिक्षकों की प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए कालावधि पूर्ण चुके स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की औपबंधिक वरीयता सूची निर्माण एवं प्रकाशन का निर्देश माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार ने दिया है। इस बाबत उन्होंने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को आदेश दिया है। निदेशक ने आदेश में कहा है कि झारखंड सरकारी माध्यमिक विद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली, 2015 यथा संशोधित नियमावली 2022 के तहत प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति के लिए कालावधि पूर्ण चुके स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की औपबंधिक वरीयता विभागीय वेबसाईट में प्रकाशित की जा रही है। जिलावार प्राप्त 130 शिक्षक-शिक्षिकाओं की समेकित औपबंधिक सूची अवलोकन एवं दावा उपलब्ध कराये जाने के लिए संलग्न है।

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय के सूचनापट्ट पर अपने जिले से संबंधित अथवा पूरी सूची को अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगे। संबंधित शिक्षक से उक्त औपबंधिक वरीयता सूची के विरूद्ध त्रुटि सुधार, आपत्ति संबंधित अभ्यावेदन (अंडरटेकिंग सहित) 27 अप्रैल, 2023 तक प्राप्त कर ली जाये। औपबंधिक वरीयता सूची के विरुद्ध त्रुटि सुधार, आपत्ति विहित प्रपत्र में संबंधित सूचना के लिए अभ्योवदन पत्र निर्गत की तिथि से 15 दिनों के अंदर संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी साक्ष्य सहित विशेष दूस के माध्यम से समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, सूची में अंकित विवरण छूटे विवरण अथवा कालावधि पूर्ण कर चुके स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, शिक्षिका जो उपर्युक्त योग्यता, अर्हताधारित करते हैं और उनका नाम इस औपबंधिक सूची में प्रविष्ट नहीं है, से संबंधित विवरण अगले 10 दिनों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

खबर एक नजर में

### मैट्रिक और इंटर की कॉपियों की जांच शुरू

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक व इंटर की कॉपियों की जांच आज रविवार से शुरू हो गयी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक व इंटर की कॉपियों की जांच को लेकर राज्य के 19 जिलों में 66 केंद्र बनाये हैं। मैट्रिक की कॉपियों की जांच के लिए 35 व इंटर के लिए 31 केंद्र बनाये गये हैं। सभी केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य शुरू कतर दिया गया है। बताते चलें कि मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में लगभग आठ लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जैक की मानें तो रिजल्ट मई अंत तक जारी करने की तैयारी है।

### तेलंगा खड़िया की शहादत को नमन किया

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमर वीर शहीद तेलंगा खड़िया जी के शहादत दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेज शोषकों के खिलाफ उनके विद्रोह और शहादत को सदैव याद रखा जायेगा। झारखंड की माटी के वीर सपूत को शत शत नमन किया।



## चार सूत्री मांगों को लेकर झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का चरणबद्ध आंदोलन आज से

**एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी आज से दो दिनों तक काला बिल्ला लगाकर दर्ज करायेंगे विरोध**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपनी 4 सूत्री मांगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी आज 24 अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। संघ ने इसकी जानकारी राज्य के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सभी विभागीय अधिकारियों को देने की बात कही है। संघ के अध्यक्ष पवन कुमार और महासचिव मंगल हेम्ब्रम ने सौंपे मांग पत्र में लिखा है कि 22 मार्च 2023 को संगठन ने अपनी विभिन्न मांगों को विभाग और सरकार के समक्ष रखा था लेकिन इस पर अभी तक कोई पहल नहीं हुई है, इसे लेकर राज्य के तमाम एमपीडबल्यू स्वास्थ्य कर्मियों में रोष व्याप्त है। इसलिए राज्य संघ, राज्य महासंघ और राज्य भर के एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी आज से चरणबद्ध आंदोलन पर रहेंगे। राज्य संघ ने यह भी कहा कि अगर तय कार्यक्रम तक हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया जाता है तो फिर 3 मई को स्वास्थ्य मंत्री महोदय का आवास घेराव किया जाएगा। चरणबद्ध आंदोलन से उत्पन्न होने वाली सम्पूर्ण विधि व्यवस्था की जिम्मेवारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और राज्य सरकार की होगी।

### चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा

24 एवं 25 अप्रैल 2023 को सभी एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज करेंगे। 26 एवं 27 अप्रैल को सभी कर्मी अपने अपने शरीर पर अपनी मांगों के समर्थन में तख्ती लगाकर विरोध दर्ज करेंगे। 28 अप्रैल को सभी कर्मी 1 दिन का उपवास रखेंगे। 29 अप्रैल को अपने अपने जिलों के सिविल सर्जन को मांग पत्र सौंपेंगे। 2 मई को सीएम को मांगपत्र सौंपेगा।

### संघ की यह है मुख्य मांगें

एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों का विभाग मे अविलंब स्थाई समायोजन हो और कोविड-19 और उसके बाद 22 एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों के आकस्मिक निधन पर उन्हें उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की मांग शामिल है।

## महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड की रोपनी कुमारी को आमंत्रण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** साईं सेंटर बेंगलुरु में 10 अप्रैल से 27 मई तक संचालित जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में झारखंड की महिला हॉकी खिलाड़ी रोपनी कुमारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कैंप में भाग लेने के लिए रविवार को रोपनी बंगलौर के लिए रवाना हो गई। उसके अलावा झारखंड के तीन खिलाड़ी काजल वाडा, महिमा टेटे और दीपिका सोरेंग पूर्व से कैंप में है।

गौरतलब है कि रोपनी सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत तुकुपानी पंचायत के जामबहार की रहने वाली है। 2017 में राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप से झारखंड टीम से शुरूआत करते हुए अभी तक कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। हॉकी इंडिया के कैंप में रोपनी कुमारी के आमंत्रण पर खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, मनोज कोनबेगी, चंद्मार्णी मजूमदार, विजय शंकर सिंह, माइकल लाल, बिगन सोय, असरिता लकड़ा, रजनीश कूमार सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

झारखंड बचाओ मोर्चा का रांची में जमीन-खतियान बचाओ महाजुटान कार्यक्रम

# अधिकारी ही लुटवा रहे हैं आदिवासियों की जमीन, इस पर रोक जरूरी: लोबिन हेंब्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपने बयानों से लगातार सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों को असहज करते रहे झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम आज फिर एक बार अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए नजर आए। झारखंड बचाओ मोर्चा की ओर से ओल्ड झारखंड विधानसभा मैदान में रविवार को जमीन-खतियान बचाओ महाजुटान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता लोबिन हेंब्रम ने कहा कि झारखंड में जल, जंगल जमीन को लूटा जा रहा है। झारखंड में आदिवासी जमीन को अब बचाने का वक्त आ गया है। इसके लिए हमें सरकार से लड़ना पड़े तो लड़ेंगे, लोबिन हेंब्रम ने कहा कि अधिकारी ही जमीन के दलाल हैं। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। हेब्रम ने कहा कि 60-40 मुख्यमंत्री का प्रसाद है क्या? मुख्यमंत्री को जनभावना का कद्र करते हुए नियोजन नीति में संशोधन करना ही होगा।



### सुशांतो मुखर्जी ने कहा-वादा नहीं निभा रहे हैं हेमंत सोरेन

महाजुटान में शामिल होने आए मासस नेता सुशांतो मुखर्जी ने कहा कि हम सरकार के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन जो वादा कर सत्ता में हेमंत सोरेन आए थे, वह उससे पीछे क्यों हट रहे हैं इस सवाल को मोर्चा उठा रहा है। मासस नेता ने कहा कि अब हम लोगों को लगता है कि जल, जंगल और जमीन की बात कहकर सत्ता आनेवाली झामुमो और पूर्व की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कोई अंतर नहीं है।

### जल, जंगल की लूट हुई तो आदिवासियों का जीवन कैसे बचेगा : मंगल सिंह बोबोंगा

पश्चिम सिंहभूम के जगरनाथपुर के पूर्व विधायक रहे मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि वर्तमान सरकार में चारों तरफ जमीन की लूट मची है। इसमें सरकार और सरकारी तंत्र से राज्य के आदिवासी और मूलवासी का विश्वास उठ गया है। संवैधानिक प्रावधान होने के बावजूद हमारे जल, जंगल और जमीन सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की आदिवासी और मूलवासी जनता के लिए अगर जमीन और जंगल ही नहीं बचेगा, तब आदिवासी और मूलवासी का जीवन कैसे बचेगा? पूर्व विधायक ने जमीन के मुद्दे को एक बड़ा सवाल बताते हुए कहा कि अब झारखंड के आदिवासी और मूलवासी जागरूक हो गए हैं। वह यह देख रहे हैं कि हेमंत सोरेन की सरकार में जमीन की लूट मची है। इसलिए इसकी लड़ाई झारखंड बचाओ मोर्चा लड़ रहा है। इसमें समान विचारधारा वाले कई लोग शामिल हैं।

महाजुटान कार्यक्रम में लोबिन हेंब्रम के अलावा पीसी मुर्मू, जगरनाथपुर के पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, राजू महतो, सुशांतो मुखर्जी, विजय शंकर नायक, विनीता खलखो, विक्की पाहन, बाबूलाल महतो, रेणु कच्छप, करमु मुंडा, मुख्तार अंसारी, शिबू होरो,नागेंद्र महतो सहित दर्जनों वक्ता शामिल हुए।

## सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ का 26 अप्रैल को विशाल प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य में मजदूरों की समस्या और परेशानी को देखते हुए भारतीय मजदूर संघ की तरफ से राजभवन के सामने 26 अप्रैल को विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसे लेकर रविवार को भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्य नारायण सिंह ने बताया कि पटना में हुए 20वें राष्ट्रीय अधिवेशन में यह तय किया गया है कि झारखंड और बिहार में मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए 26 अप्रैल को भारतीय मजदूर संघ की सभी जिले के इकाई के द्वारा देशभर के सभी उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री से यह मांग की जाएगी कि मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा देने के साथ-साथ ठेका प्रथा के आधुनिकीकरण पर रोक लगाई जाए और अधिनियम 1970 में संशोधन किया जाए।

**राष्ट्रीय श्रम नीति बनाने की मांग :** मजदूरों को मजबूत और आर्थिक सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय श्रम नीति बनायी जाए। मजदूर संघ ने यह भी मांग की है कि न्यूनतम मजदूरी की जगह पर जीविका मजदूरी तय की जाए, क्योंकि न्यूनतम मजदूरी की जो राशि रखी गई है, वह काफी कम है। भारतीय मजदूर संघ के नेताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस तरह से जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिली है, उसी प्रकार एल-20 की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ को मिला है। भारतीय मजदूर संघ एल-20 के बैनर तले 30 विकसित देशों के श्रमिक संगठनों का नेतृत्व कर रहा है, जो कि निश्चित रूप से किसी भी मजदूर संगठन के लिए गर्व की बात है।

**कई संगठनों का समर्थन :** भारतीय मजदूर संघ के रांची जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि 26 तारीख को होने वाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में झारखंड के एचईसी मजदूर संघ, सीएमएस सिक्योरटास स्टाफ यूनियन, एचईसी सप्लाई मजदूर संघ, सीएमपीडीआई कर्मचारी संघ, ई-रिक्शा कर्मचारी संघ, भवन निर्माण सह संनिर्माण कर्मचारी संघ, झारखंड प्रदेश कॉपरेटिव बैंक कर्मचारी संघ, पोस्टल कर्मचारी संघ, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ, सेवा सदन अस्पताल कर्मचारी संघ के साथ अन्य 17 संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी प्रदर्शन का समर्थन करेंगे। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष एसएन सिंह, बीएमएस के जिला मंत्री सुबोध यादव, महामंत्री रामाशंकर सहित कई मजदूर नेता मौजूद रहे।

# लूट के आरोपी, अवैध शराब के धंधेबाज और चोर ने दिया था डकैती कांड को अंजाम

**टाटीसिलवे डकैती कांड का मुख्य आरोपी समेत 10 लोग गिरफ्तार**

**लूट की राशि में से 24 लाख 57 हजार रुपये बरामद**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के टाटीसिलवे में पांच अप्रैल को रिटायर्ड रेंजर रूद्र नारायण प्रसाद के आवास से डकैती डालने के मामले में रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस ने बिहार के गया और हजारीबाग जिले से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें डकैती कांड का सरगना अजीत, शाहनवाज अंसारी और सुरेंद्र चौधरी को गिरफ्तार किया है। वहीं हजारीबाग जिले का वाला संतोष कुमार पासवान, निशांत कुमार, हरिओम कुमार, बिहार के गया जिले का रहने वाला सुरेंद्र कुमार चौधरी, कविंद्र प्रसाद, अजीत कुमार, राहुल वर्मा, मोहम्मद शाहनवाज आलम, बिहार के नालंदा जिले का मनिंदर कुमार और रांची के टाटीसिलवे का रहने वाला अजीत कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस ने आरोपियों के पास से नगद 24 लाख 57 हजार रूपए बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से तीन देशी कट्टा, एक देसी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि अजीत पर गया, जहानाबाद जिले के थाने में केस दर्ज है। पाई बिगहा ओपी क्षेत्र में अजीत कुमार ने वर्ष 2021 में एक व्यक्ति को गोली मार दी थी। वर्ष 2016 में गया के सिविल लाइन में हुई लूटकांड के मामले में अजीत जेल जा चुका है, टेहटा थाने में भी अजीत पर केस दर्ज है।

वहीं पुलिस ने मखदुमपुर से शाहनवाज अंसारी को धर दबोचा है, उस पर चोरी का केस दर्ज है। शादीपुर से पकड़े गए सुरेंद्र चौधरी अवैध शराब के मामले में जेल जा चुका है। मखदुमपुर से पकड़े गए कविंद्र प्रसाद पर भी आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस कविंद्र के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

गौरतलब हो कि पांच अप्रैल को डकैतों ने टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आदर्शनगर में डाका डाला था। डकैतों ने घर में सभी को बंधक बना कर 20 लाख रूपया नकद समेत 50 लाख की संपत्ति लूट ली थी। डकैती कांड को सात आरोपियों ने अंजाम दिया था।

### छत से उतरे थे सभी डकैत

टाटीसिलवे में दर्ज प्राथमिकी में रेंजर ने मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले में कहा गया था कि डकैत छत के ऊपर से नीचे आये थे और डकैतों ने रेंजर की बहू नीता, सास सावित्री देवी एवं दो साल के पोते को बंधक बनाकर चाबी मांगी थी। चाबी नहीं देने पर पोते को मार देने की धमकी और बहू की इज्जत लूट लेने की भी धमकी दी थी। डकैती करने के समय महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटना को भी अंजाम दिया था।

## हर-हर महादेव से गूंजा सुरेश्वर धाम, निकली भव्य कलश यात्रा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची में केतारी बागान चुटिया/नामकुम के स्वर्णरिखा नदी तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के लिए रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा में चुटिया सहित अन्य इलाके 3000 से ज्यादा महिलाएं सहित आयोजन समिति के सदस्य शामिल हुए। वहीं इस शोभयात्रा में सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, विधायक सीपी सिंह, भाजपा नेता रमेश सिंह, पद्मश्री मुकुंद नायक सहित कई गण्यमान्य लोग भी शामिल हुए। कलश शोभायात्रा चुटिया मुख्य मार्ग होते हुए बहुबाजार के पास 3 किलोमीटर दूरी तय करके बनस तालाब पहुंची। वहीं पंडित दिवाकर शास्त्री ने तालाब के घाट पर विधि विधान से पूजन कराकर कलश में जल भरवाया और कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे।

मंदिर पहुंचने के बाद मंदिर के मुख्य गर्भगृह में वेदियों का पूजन और रूद्राभिषेक सहित अन्य पूजन के बाद हवन, महाआरती की गयी। उसके बाद महाभंडारा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संतोष कुमार, राजदीप महतो, गोपाल प्रसाद, छत्रधारी महतो, कृष्णा साहू, नंदू ठाकुर, रितिक राज, गुजा तिर्की, मनपूरन नायक, आलोक, संजय साहू, शंकर साहू, अर्जुन साहू, प्रकाश साहू, गौतम देव, नरेंद्र साहू, बीरेंद्र साहू, मुकेश मुक्ता, अनिल टाइगर, किशोर नायक, शशिकांत सिंह, गौतम साहू, दशरथ सिंह, धनंजय सिंह, अमित, रत्न लाल, रोहित सिंह, मंदिर के मुख्य पुजारी सचिदानंद पाण्डे, शशिकांत मिश्रा सहित अन्य थे।

**क्लोजर रिपोर्ट में फर्जी मुठभेड़ के कोई सबूत नहीं, सीबीआई ने जांच बंद करने की कही बात**

# बकोरिया मुठभेड़ में सीबीआइ की क्लोजर रिपोर्ट पर भाजपा को घेरेंगे कांग्रेस और राजद नेता-कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की बकोरिया हत्याकांड पर सीबीआई द्वारा सौंपी गयी क्लोजर रिपोर्ट राज्य की गठबंधन सरकार में शामिल राजनीतिक दलों के लिए संजीवनी बन गयी है। गठबंधन सरकार में शामिल कांग्रेस और राजद इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने में जुट गये हैं। बकोरिया कांड में सीबीआई द्वारा कोर्ट को सौंपी गई क्लोजर रिपोर्ट को पीड़ितों के साथ अन्याय करार देते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि भाजपा के दवाब में उन लोगों को बचाने का काम किया गया, जो संदेह के घेरे में थे। इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट में सीबीआई ने यह कहते हुए जांच बंद करने की बात कही है कि फर्जी मुठभेड़ होने का कोई सबूत नहीं मिला है।

### गलत काम को सही करने की कोशिश बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : राजेश ठाकुर



इस संबंध में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि बकोरिया कांड में निर्दोष और छोटे-छोटे बच्चे मारे गए थे। चार-साढ़े चार साल तक सीबीआई क्या जांच करती रही। उन्होंने कहा है कि पुलिस ने अपने आपको पुरस्कृत कराने के लिए बकोरिया कांड की साजिश रची थी। उन्होंने कहा है कि बकोरिया कांड में कौन लोग सम्मानित हुए यह बड़ा विषय है। सम्मानित होने वाले वहीं लोग थे जो जांच के दायरे में आते, लेकिन सीबीआई उन लोगों के दायरे में आती है। इसलिए मामले को रफा-दफा किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बकोरिया के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि अदालत को भी देखना चाहिए कि क्या सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट सही है।

### बकोरिया कांड में पिछड़ी जातियों का हुआ था पुलिसिया दमन : अनिता यादव

बकोरिया कांड को पिछली भाजपा सरकार में पिछड़ी जातियों पर दमन बताते हुए झारखंड राजद की उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल इस मुद्दे को यूं ही नहीं जाने देगा। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को गलत बताते हुए राजद नेता ने कहा कि भाजपा का ओबीसी विरोधी चेहरा अब सामने आया है।

### बकोरिया कांड के बहाने ओबीसी को अपना बनाना चाह रहे हैं कांग्रेस और राजद

दरअसल, भाजपा राहुल गांधी के सारे मोदी वाले बयान को ओबीसी विरोधी बता रही है। ऐसे में झारखंड कांग्रेस को यह लगता है कि अगर बकोरिया कांड को लेकर वह आंदोलित हुई तो झारखंड के ओबीसी समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा। जिस समय बकोरिया कांड हुआ था, उस समय राज्य के डीजीपी डीके पांडेय थे। सेवानिवृति के बाद उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया था। ऐसे में कांग्रेस और राजद को सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के बाद भाजपा पर राजनीतिक हमला करने का एक और मौका मिल गया है।

### गठबंधन की सरकार में शामिल है कांग्रेस-राजद, कार्रवाई क्यों नहीं करती: सीपी सिंह



पूर्व मंत्री और भाजपा नेता सीपी सिंह ने बाकोरिया कांड पर भाजपा के दवाब में सीबीआई द्वारा क्लोजर रिपोर्ट सबमिट करने के आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि भाजपा ने किसी को बचाने का ठेका नहीं ले रखा है। आज राज्य में महागठबंधन की सरकार है। ऐसे में अगर सरकार में शामिल लोगों को लगता है कि पुलिस के पूर्व डीजीपी या अन्य अधिकारी दोषी हैं तो वह खुद जांच कर कार्रवाई क्यों नहीं करती। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी ओबीसी की विरोधी नहीं रही है। पीएम मोदी की सरकार में ही ओबीसी के लिए आयोग बनाया गया है।

### कब हुआ था बकोरिया कांड

पलामू के बकोरिया में 8 जून 2015 को एक मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 12 लोगों की जान चली गई थी। घटना में पुलिस ने दावा किया था कि उसने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। जबकि मृतक के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ बताया था और मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए उच्च न्यायालय से गुहार लगाई थी। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2018 में मामले को सीबीआई के हवाले कर दिया था। घटना में जिन 12 लोगों की मौत हुई थी उसमें दो नाबालिग और एक पारा शिक्षक के भी मारे जाने की बात सामने आई थी। अब सीबीआई द्वारा फर्जी मुठभेड़ का कोई सबूत नहीं मिलने का हवाला देते हुए क्लोजर रिपोर्ट दायर की गई है। जिसपर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल क्लोजर रिपोर्ट को नाइंसाफी बताते हुए आंदोलन की बात कह रहे हैं।

## जिला मलखंब प्रतियोगिता का हुआ रंगारंग समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय रांची जिला बालक-बालिका प्रतियोगिता का समापन रविवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। मंच संचालन मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मैत्री इंडिया के हेड अपराजिता मिश्रा, विशिष्ट अतिथि संवेदना की संचालिका वंदना चौबे, मैत्री इंडिया की प्रतिनिधि गीता सिन्हा, नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य सह विवेकानंद फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उपस्थित थे। शारीरिक शिक्षा शिक्षक एम मोदस्सर ने सभी विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया। मौके पर वरिष्ठ प्रशिक्षक विवेक कुमार, आशुतोष द्विवेदी, संजय, सरिता, कौशल, सुभाष गांगुली, सौम्या सेजल वर्मा, प्रीति रानी, रिया कुमारी, पूनम एक्का, जयंती कुमारी, सुमन एक्का, मंगरू उरांव थे।

## बिड़ला मैदान में युवा चौपाल



**रांची।** रातू रोड स्थित बिड़ला मैदान में भाजपा, युवा मोर्चा, सुखदेवनगर मंडल द्वारा युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल में भाजपा, रांची महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता जी, महामंत्री बलराम सिंह, रमेश सिंह, अरविंद सिंह उर्फ पिंटू, सुजीत शर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष उज्जवल मिश्रा, सुजीत सिंह समेत अन्य भाजपा कार्यकर्तागण रहे।

# हर परिस्थिति में विश्वकर्मा समाज को मजबूत व वंशजों को करना है एकजुट : विश्वकर्मा समाज



### विश्वकर्मा समाज का बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के विश्वकर्मा महासभा के प्रदेश की बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, प्रदेश महासचिव सदन प्रजापति सहित प्रदेश के कई पदाधिकारी एवं रांची जिला अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने अपने विचारों को रखा। बैठक में रांची जिला कमेटी को जल्द से जल्द मजबूत करने तथा प्रखंड से लेकर वार्ड स्तर तक कमेटी को दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया। रक्तदान शिविर लगाने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए रांची जिला को तत्पर रहने का निर्देश दिया गया। बैठक में 5 सूत्री मांग को लेकर जल्द ही प्रदेश का एक शिष्टमंडल महामहिम राज्यपाल से एवं मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में सभी लोगों ने विचार रखा कि हर परिस्थिति का सामना करते हुए विश्वकर्मा समाज को मजबूत करना है और विश्वकर्मा वंशजों को एकजुट करने का प्रयत्न किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि आज विश्वकर्मा वंशज एक मंच पर आकर विचारों को रख रहे हैं समाज की एकता को बनाए रखने में अपना योगदान दे रहे हैं यह गर्व की बात है विश्वकर्मा समाज को आगे बढ़कर अपने अधिकारों को प्राप्त करना होगा चाहे वह सामाजिक अधिकार हो या राजनीतिक अधिकार , इसके लिए एकजुट होकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

यह भी बताया गया कि दि अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा पूरे भारत में मजबूत स्थिति में कार्य कर रही है झारखंड प्रदेश कमेटी जल्द ही प्रदेश के सभी जिलों में जिला कमेटी का गठन करेगी और प्रदेश स्तर की सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव विक्रांत विश्वकर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि

इस बैठक में युवा अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रजापति, अजय शर्मा, उदय कुमार, अरुण शर्मा, रमेश शर्मा, राजेश शर्मा, शांतनु शर्मा, वीरेंद्र शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

## डर्टी वीडियो फर्जी, कानूनी कार्रवाई करूंगा : बन्ना गुप्ता

**मेरी छवि धूमिल करने की साजिश, केस दर्ज कराया**



**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)** । भाजपा सांसद निशिकांत दूबे की ओर से ट्विट कर बन्ना गुप्ता के डर्टी वीडियो पर स्वास्थ्य मंत्री ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने वीडियो को पूरी तरह फर्जी बताया। मंत्री कार्यालय से जारी एक रिलीज में कहा गया है कि सोशल मीडिया में मेरी छवि को धूमिल करने को राजनीतिक विद्वेष भावना के साथ राज्य के कुछ प्रमुख राजनीतिक विरोधियों की यह एक सोची समझी साजिश है। साजिश के तहत, एक फेक और एडिट वीडियो को जानबूझ कर वायरल किया है। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि फोटो शॉप या अन्य किसी एडिटिंग एप के माध्यम से यह कुकृत्य किया गया है, जिसके विरुद्ध मैंने एफआइआर भी करवा दिया है।

जल्द ही इस मामले में पुलिस जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। जिन लोगों ने इस फर्जी और एडिटेड वीडियो के माध्यम से मुझे फंसाने का कार्य किया है उन सभी के खिलाफ भी कानूनी कार्यवाई करूंगा। सत्यमेव जयते!

गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने ट्विट के जरिये वीडियो जारी कर कहा था कि यह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का तथाकथित माजरा है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर बन्ना गुप्ता और सेक्स वर्कर की अश्लील बातचीत हो रही है। तेजी से वायरल हो रहा यह वीडियो राजनीतिक गालियारो में चर्चा का विषय बन गया है। सांसद ने ट्विट के माध्यम से यह डर्टी वीडियो 23 अप्रैल की रात टिवटर पर वायरल किया है। 19 सेकंड के वायरल वीडियो में श्री गुप्ता कुर्सी पर बैठकर शायद लैपटॉप या कम्प्यूटर से ऑनलाइन किसी महिला से बात कर रहे हैं।

**सरयू बोले, यह तो झांकी है:** जमशेदपुर (पूर्वी) के विधायक सरयू राय ने ट्वीट कर कहा है कि ये तो झांकी है, पूरा पिक्चर बाकी है। इस एक एपिसोड के बाद कतार में कई खंड एपिसोड संभावित हो सकते। दूसरी ओर निशिकांत दुबे ने ट्वीट कर हमला बोला है। काश गांधी परिवार समझ पाता, यदि यह सही है तो कांग्रेस के लिए डूब मरने वाली बात है।

**लालपुर पेरिश के 16 कैथोलिक बच्चों ने ग्रहण किया अपने जीवन का पहला पवित्र परम प्रसाद**

**संत जेम्स चर्च में लालपुर पेरिश का फर्स्ट हॉली कम्यूनियन धर्मविधि संपन्न**

# परम प्रसाद मसीही विश्वासियों का आध्यात्मिक भोजन : फा. प्रफुल्ल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लालपुर पेरिश के 16 कैथोलिक विश्वासी बच्चों ने 15 दिनों की गहन आध्यात्मिक तैयारी के बाद रविवार को संत जेम्स चर्च में अपने जीवन का पहला पवित्र परम प्रसाद ग्रहण किया। श्वेत वस्त्रों में सुसज्जित उक्त 16 बच्चे-बच्चियों ने रोटी एवं दाखरस के रुप में ख्रीस्त का शरीर व रक्त बतौर पवित्र परम प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञात हो कि कैथोलिक कलीसिया के अनुसार सात पवित्र संस्कार है उनमें से एक संस्कार यह है। इन संस्कारों में पहला बपतिस्मा संस्कार है। इस अवसर पर आज के फर्स्ट हॉली कम्यूनियन की धर्मविधि में अनुष्ठान के मुख्य अनुष्ठक संत अलबर्ट कॉलेज के रेक्टर फादर अजय खलखो रहे। उनके साथ बतौर सह अनुष्ठाता लालपुर के पेरिश प्रिस्ट फादर देव सहाय मिंज, एपीपी फादर जॉर्ज, आसनसोल से आए फादर सेलूवई, जमशेदपुर के फादर दिलीप मरांडी, तथा अलबर्ट कॉलेज के फादर प्रफुल्ल बड़ा थे।



इस मौके पर फादर प्रफुल बड़ा ने परम प्रसाद को मसीही विश्वासियों का आध्यात्मिक भोजन बताया। कहा कि यूखरीस्तीय समारोह में हिस्सा लेकर मसीही येसु ख्रीस्त का शरीर और रक्त, रोटी और दाखरस के रूप में ग्रहण करते हैं। स्वयं येसु ख्रीस्त ने कहा है मैं जीवन की रोटी हूं जो मेरे पास आता है उसे कभी भूख नहीं लगेगी और जो मुझ में विश्वास करता है उसे कभी प्यास नहीं लगेगी। येसु ख्रीस्त ने अपने मृत्यु के एक दिन पूर्व अपने शिष्यों के साथ भोजन करते समय रोटी लेकर कहा, तुम सब इसे लो और खाओ यह मेरा मांस है तथा दाखरस भरा कटोरा लेकर कहा, इसे लो और पीयो यह मेरा रक्त है। उसी की स्मृति में जब भी मिस्सा पूजा का अनुष्ठान किया जाता है उसी घटना को दुहराया जाता है।

पेरिश प्रिस्ट रेव्ह देवसहाय मिंज के मार्गदर्शन में बच्चों ने शपथ के रुप में अपनी जिम्मेदारी व समर्पण की कटिबद्धता का संकल्प लिया। श्रद्धा बरला के अगुवाई में प्रतीकात्मक निवेदन प्रार्थना सम्पन्न हुआ। धार्मिक गीत लियो लकड़ा के संचालन में पल्ली कोयर दल द्वारा किया गया।

इन बच्चों के आध्यात्मिक प्रशिक्षण में पल्ली पुरोहित, प्रचारक इमिल लकड़ा, सिस्टर नील सफोरा, सिस्टर शकीला, सिस्टर तेरेसा, सिस्टर प्रमिला, काथलिक सभा, काथलिक महिला संघ एवं युवा संघ का अहम योगदान रहा।

# 19वीं झारखंड राज्य सीनियर वुशु प्रतियोगिता में रांची प्रथम

**चतरा दूसरे और हजारीबाग तीसरे स्थान पर रहे**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नामकुम स्थित आरके आनंद बॉल्स ग्रीन इंडोर स्टेडियम में रविवार को 19वीं झारखंड राज्य सीनियर प्रतियोगिता संपन्न हो गयी। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन आचार्यकुलम के स्वामी दिव्यदेव सहित झारखंड वुशु एसोसिएशन के चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य ने किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के तकरीबन 200 खिलाड़ी, पदाधिकारियों ने भाग लिया।



**स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी :** आकाश उरांव, सचिन झमुदा, श्रेया कुमारीं, आस्था उरांव, विशाल गंझू, लक्ष्मी कुमारी, आयुष कुमार सॉ, भास्कर कुमार ठाकुर, रोहित कुमार गंझू, डॉली कुमारी, तारा कुमारी, सोनी मिंज, अविनाश गंझू।

**रजत पदक विजेता खिलाड़ी :** तनुश्री, एल प्लेटोदिप सिंह, शिवम उरांव, राकेश उरांव, कुसुम कुमारी, सोनाली कुमारी, अरविंद कुमारी, बासुदेव टोप्पो, साकिब अंसारी, जेठू कुमार गंझू।

**कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी :** आर्यन कुमार, संदीप मेहता, प्रशांत कैबरता, पिंटू महतो, मनीष मुंडा, ललन यादव, संजना कुमारी

इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रोफेसर मुकुंद मेहता के अलावा मिथलेश साहू, शिवेंद्र दुबे, शैलेंद्र दुबे ने खिलाड़ियों को पदक प्रदान किये। प्रतियोगिता का आयोजन दीपक गोप, रजि अहमद, रत्नेश कुमार, एस वाहिद अली, मनोज कर्मकार, कार्तिक राम के तकनीकी सहयोग में किया गया। समापन समारोह का संचालन अमरेन्द्र दत्त द्विवेदी ने किया।



झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात करते सांसद डॉ किरीट प्रेमभाई सोलंकी।

## शहीद सप्ताह का हुआ समापन

**रांची।** राजधानी रांची के शहीद चौक स्थित शहीद स्थल सह स्मारक पर रविवार को 65वें शहीद सप्ताह का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांके विधायक समरी लाल थे। उन्होंने शहीद तेलंगा खड़िया और वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि की। मौके पर उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी दोनों के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। मौके पर समरी लाल ने कहा कि मैं छात्र जीवन से यहां शहीद सप्ताह का आयोजन होते देख रहा हूं। इस अवसर पर शहीद स्मारक समिति की पत्रिका कीर्ति स्तंभ के चौथे अंक का लोकार्पण भी किया गया। विधायक समरी लाल ने शहीद स्मारक समिति के कार्यों की प्रशंसा की।

# आभूषण ज्वेलर्स में 30 अप्रैल तक शानदार ऑफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के मेन रोड के मखीजा टावर एवं जीइएल चर्च कांप्लेक्स स्थित आभूषण ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर पेश किये जा रहे हैं।

संस्थान के संचालक विनायक लाल मेहता ने बताया कि अक्षय तृतीया एवं लगन को देखते हुए हम अपने ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर लेकर आये हैं। इसके तहत सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 30 प्रतिशत एवं डायमंड ज्वेलरी पर भी 30 प्रतिशत तक का शानदार डिस्काउंट दिया जा रहा है। शोरूम में एंटीक डिजाइन, प्लेन गोल्ड, लाइट वेट ज्वेलरी, लाइट वेट डायमंड ज्वेलरी, वेडिंग ज्वेलरी एवं ब्राइडल ज्वेलरी की विशाल रेंज मौजूद है, जो निश्चित तौर पर ग्राहकों को बेहद पसंद आयेंगे। ग्राहक ऑफर का लाभ 30 अप्रैल तक हमारे दोनों शोरूम में उठा सकते हैं।

## श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के अन्नपूर्णा भंडारे में 1400 लोगों ने ग्रहण किये प्रसाद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरु महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी(राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मेश्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट संस्था की सुशीला देवी अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, संजय अग्रवाल एव शिव भगवान अग्रवाल के द्वारा वहाँ के लगभग 1400जरूरतमंदों ,श्रद्धालुओं व गुजरने वाले राहगीरों व बच्चे बच्चियों के बीच 83 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। इसमें प्रसाद स्वरुप लोगो ने पूरी आलू चना टमाटर की सब्जी, वेजिटेबल पुलाव, मिठाई व केसरिया जललेबी ग्रहण कर तृप्त हुए। यह अन्नपूर्णा सेवा महेन्द्र प्रसाद-सुशीला देवी अग्रवाल व उनके परिवार के सौजन्य से उनके पुत्र के जन्म दिवस पर आयोजित था। इस कार्य में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश कुमार चौधरी, ओम प्रकाश सरावगी, महेन्द्र कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अशोक लाठ, सुशील गाड़ोदिया युवराज बंसल, प्रतीक बंसल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, चंद्रदीप साहु, महेश वर्मा, परमेश्वर साहु, महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, सुशीला देवी अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, वंदना बंसल, शकुन्तला केजरीवाल, सुधा सुल्तानिया आदि उपस्थित थे।

# गरीब लोगों की समस्याएं सुनी जायेंगी : सोलंकी

## सांसद ने किया बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सेटेलाइट कॉलोनी में रविवार को भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। मूर्ति का अनावरण जय प्रकाश कुमार, संयुक्त महासचिव केंद्रीय कमेटी के नेतृत्व में सांसद डॉ. (प्रो) किरीट प्रेमभाई जी सोलंकी ने किया। इस कार्यक्रम में सेल रांची के कार्यपालक निदेशक जगदीश अरोड़ा, निर्विक बनर्जी, संजीव कुमार एवं आशीष चक्रवर्ती विशेष रूप से मौजूद रहे। अनावरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री (उड़ान) के महासचिव अरुण कुमार साधू एवं सेल एससी-एसटी इंप्लाइज फेडरेशन, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार रामटेके अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में सांसद किरीट प्रेमभाई सोलंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री की जो सोच है, जन-जन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने की, उसे पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य गरीब लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा। जैसे गंभीर बीमारी, शिक्षा, स्वच्छता एवं अन्य समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन एवं सरकार को पत्र लिखा जाएगा, ताकि इनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

अनावरण के मौके पर पर सुनील कुमार ने कहा कि आज हमलोग जो भी हैं, भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की देन है। अनावरण के बाद सुनील कुमार रामटेके ने सेल की सभी यूनिट के एससी-एसटी कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अधिकारियों को सेल प्रबंधन के द्वारा दिये जाने वाला हर लाभ बिना भेदभाव के मिले। चाहे वह प्रोन्नति हो या विदेश दौरा।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सीएम उमाकांत, रांची के पंकज नायक, संजय सुमन प्रभात होरो, बोकारो यूनिट अध्यक्ष एमके अभिमन्यु, रविंद्र महली, दिनेश रविदास, शंभू प्रसाद, महेश पासवान, सुनील कुमार, दिलीप कुमार पासवान, वीरेंद्र कुमार, ताराचंद, सौरभ चांद, दिलीप कुमार शामिल थे।

## बालाजी मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 7 जुलाई से

**रांची।** रातू रोड स्थित बालाजी मंदिर का 16 वां वार्षिकोत्सव आगामी 7, 8 एवं 9 जुलाई को धूमधाम से मनाने का निर्णय किया गया। यह बैठक रविवार को रामअवतार नरसरिया की अध्यक्षता में की गयी। वार्षिकोत्सव की शुरूआत 7 जुलाई को सायं 4 बजे से होगी। इसमें आचार्य वर्णम एवं यजमान संकल्पम का कार्यक्रम होगा। सूत्रों के अनुसार शनिवार 8 जुलाई को प्रातः 8 बजे से श्रीसुदर्शन महाहोम होगा । इसी दिन अपरा? 3 बजे भक्तों के अभीष्ट फलदाता भगवान श्रीवेंकटेश जगत, जननी श्रीमहालक्ष्मी और श्रीभूमि देवी के साथ पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिये निकलेंगे । रविवार 9 जुलाई को सर्वशक्तिमान भगवान श्रीवेंकटेश्वर, करुणामयी माता श्रीदेवीलक्ष्मी एवं श्रीभूदेवी के साथ प्रणयसूत्र में बंधेगें । त्रीदिवसीय वार्षिकोत्सव सहकल्याणोत्सव के सारे कार्यक्रम श्रीधाम वृंदावन के जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के निर्देशन में संपन्न होंगे।

## पृथ्वी दिवस पर रोटरैक्ट क्लब ऑफ यूनाइटेड रांची ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रांची।** रोटरैक्ट क्लब ऑफ यूनाइटेड राँची और रोटरैक्ट क्लब ऑफ सेंट जेवियर्स कॉलेज ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर स्वच्छता अभियान का आयोजन 23 अप्रैल 2023 को टीम ग्रीन, टीम हेल्प राँची, तथा एनसीसी की सहभागिता से की। यह अभियान प्रातः 6:30 बजे शहर के फिरायालाल से होकर जेल चौक तक आयोजित किया गया, इसके माध्यम से स्वच्छता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। सामान्य सफाई गतिविधियों के अलावा, जनता के बीच अपनी बात रखने के लिए 1/3 कंपनी सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची नेशनल कैडेट कोर द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन हुआ। जिसके द्वारा वह साफ-सफाई के महत्व और पर्यावरण एवं स्वास्थ्य पर पड़ रहे गंभीर परिणामों को उजागर करने मे सफल रहे। क्लब ने सभी से अनुरोध किया है कि हर एक शख्स वातावरण के प्रति सजग रहें तथा स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेवारियां निभाएं व वातावरण को स्वच्छ बनाएं।

# प्रत्येक व्यक्ति उम्मीद का दीपक : रेव्ह नाग

## हॉली ट्रिनिटी चर्च में डायसिस संडे स्कूल दिवस समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सीएनआइ विश्वासियों के कडरू पेरिश स्थित हॉली ट्रिनिटी चर्च में रविवार को डायसिस संडे स्कूल दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर चर्च की आराधना का संचालन संडे स्कूल के बच्चो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पेरिश प्रिस्ट सिकन्दर नाग रहे। उन्होंने समारोह के मुख्य विषय तुम जगत के ज्योति हो ((मती 5:14) के आलोक में अपने प्रवचन में उपस्थित तमाम बच्चों तथा पेरिश के विश्वासियों से कहा कि आप में से प्रत्येक जन इस पृथ्वी की ज्योति हैं। साथ ही उम्मीद का दीपक भी। उन्होंने कहा कि अंधकार को सिर्फ सांसारिक दीपक से ही दूर नहीं किया जा सकता है बल्कि इसके लिए समाज में फैले अंधकार रुपी बुराईयो को अपने अच्छे व्यवहार से मिटाकर दूर कर सकते है।

चर्च आराधना समाप्ति के बाद डायसिस संडे स्कूल का कार्यक्रम आरंभ हुआा। इस दौराना कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रीता हेमरोम ने अपने संदेशा में कहा कि उम्मीद का दीपक कभी बुझता नहीं है बल्कि जो बुझे हुए हैं उन्हें भी रोशन कर उनके जीवन में उम्मीद का संचार करता है।

कार्यक्रम में संडे स्कूल के बच्चों ने ग्रुप सांग, एक्शन सांग और नृत्य की प्रस्तुति से समां बांधा। इस दौरान संडे स्कूल की परीक्षा में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले संडे स्कूल के बच्चो को पुरस्कृत भी किया गया। जिसके तहत ग्रुप ए में अर्पिता कुमारी, जैस्पर सारा पन्ना व अनीशा कोनगाड़ी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा ग्रुप बी में समृद्धि केरकेट्टा, जैक्सन टोप्पो व सृष्टि कांडिर को क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेता के रुप में पुरस्कृत किया गया। उसी तरह ग्रुप सी में सैम अर्पण टोप्पो, श्रेया जॉयस पन्ना व सिमरन टोप्पो को तथतात ग्रुप डी में एंजेल स्मृति टोप्पो, सानिया लकड़ा तथा अंशिका लकड़ा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता के रुप में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो में प्रवीण तिर्की, एनहिरेन कुजूर, संत पॉल्स कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अनुज तिग्गा तथा तुरतन केरकेट्टा आदि शामिल थे।

## कल्याणी माता रानी का वार्षिकोत्सव 25 को

**रांची।** कला संगम दुर्गा मंदिर नॉर्थ मार्केट रोड वाली कल्याणी माता रानी शिव परिवार एवं बजरंगबली जी का वार्षिक उत्सव 25 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर कई धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न किए जाएंगे। मंदिर प्रांगण में अहले सुबह से ही पूजन प्रकिया आरंभ कर दी जाएगी। वहीं अपराहन 3:00 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति की जाएगी।

## पुंदाग के रिषभनगर में खुला बेकरी शॉप इटरनल डेलिसिया

**रांची।** पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता डॉ रवींद्र कुमार राय ने रविवार को पुंदाग के रिषभनगर इलाके में बेकरी शॉप इटरनल डेलिसिया का नारियल फोड़ कर विधिवत उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि बेकरी शॉप अपने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बेचने में रिकार्ड बनायेगी। उन्होंने शॉप की संचालिका नेहा अग्रवाल को बधाई दी।

## जो शिव भक्ति में समर्पित, वह जन्म मरण के बंधन से मुक्त : डॉ आदिकेशव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### प्राचीन श्री महादेव मंडाटांड़ परिसर में संगीतमय शिव महापुराण कथा का पांचवां दिन

**रांची।** तुपुदाना के प्राचीन श्री महादेव मंडाटांड़ परिसर में रुद्राभिषेक महायज्ञ सह नौ दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा आयोध्याधाम के आचार्यों की देखरेख में चल रही है। कथावाचक डॉ आदिकेशव रामनुजदास महाराज ने रविवार को कहा कि जो मनुष्य शिव भक्ति में स्वयं को अर्पित कर देता है, वह जन्म मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

उन्होंने कहा कि जीवन नश्वर है। जीवन की सार्थकता तो शिव की भक्ति में ही निहित है। कलयुग में शिव महापुराण की कथा ही सबसे आसान मुक्ति का साधन है। उन्होंने महादेव की भक्ति और उन्हें प्रसन्न करने के उपाय भी बताया। कथा के पांचवे दिन महादेव के साथ मां पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ। भक्तों ने जय शिवए ऊं नमरू शिवायए श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयकारे लगाकर मां पार्वती और शिवजी बने पात्रों का फूलों की बारिश कर स्वागत किया। मौके पर शिव-पार्वती बने पात्र आकर्षक स्वरूप में सजकर आये थे, जिनके दर्शन कर भक्त निहाल हो गये। इसके बाद मंगलाष्टक के साथ शिव-पार्वती विवाह हुआ।

इस अवसर पर सूरज शाहदेव, शंभु शाहदेव, संतोष पांडा, काली प्रजापति, शिवनारायण, सुधीर कुमार, कामेश्वर शाहदेव, सुबोध शाहदेव, हेमन्त शाहदेव, नंदकिशोर सिंह, बचनेश्वर सिंह, तपेश्वर सिंह, उदय सिंह, सूरज दुबे, जंगबहादुर सिंह, नारायण महतो, संतोष महतो, मोहित शाहदेव, राकेश शाहदेव, रंजीत शाहदेव, मुकेश शाहदेव, सतीश पांडा, राजेश सिंह, राहुल शाहदेव आदि उपस्थित थे।

# पारस एचइसी अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट होगा शुरू

## हॉस्पिटल का मनाया गया पहला स्थापना दिवस, नयी सुविधाएं शुरू करने पर जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित पारस एचइसी अस्पताल का पहला स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। मेडिकल डायरेक्टर और न्यूरोसर्जन डॉ संजय कुमार, फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार, नेफ्रोलॉजी डायरेक्टर डॉ अशोक कुमार वैद्य, डायरेक्टर एमआइएस और जनरल सर्जन डॉ मेजर रमेश दास आदि ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान अस्पताल के सभी डॉक्टर, नर्स और कर्मचारी उपस्थित थे। कर्मचारियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये।

मौके पर मेडिकल डायरेक्टर और न्यूरोसाइंसेज विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ संजय कुमार ने कहा कि एक साल के सफर में पारस अस्पताल को बेस्ट मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का अवार्ड मिला है, जिससे हम उत्साहित हैं। इसी के साथ हमारे कंधों पर नयी जवाबदेही भी आ गयी है। यहां पर एक छत के नीचे अलग-अलग सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही हैं। इसके साथ ही यहां नयी टेक्नोलॉजी के साथ और नये डिपार्टमेंट की भी स्थापना की जायेगी। इसमें किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा दी जायेगी। आंकोलॉजी बिल्डिंग की भी शुरुआत की जायेगी, जहां पर कैंसर के मरीजों का इलाज किया जा सकेगा। रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत करने की भी तैयारी है। डॉ संजय कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल में पेशेंट केयर सबसे महत्वपूर्ण है।

फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि एक साल पहले हमने सेवाओं को सुदृढ़ बना कर एक छत के नीचे लोगों को सभी तरह के इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी। पिछले एक साल में यहां 54,000 से अधिक लोगों को हॉस्पिटल से जोड़ा गया। तीन हजार से ज्यादा लोगों का एडमिशन हुआ। 1400 के आसपास सर्जरी की गयी। 700 के आसपास हर महीने डायलिसिस हो रहा है। 500 के ऊपर काथ्लब प्रोसिजर हो चुके हैं। हम झारखंड के मरीजों को अच्छी से अच्छी सर्विस देना चाहते हैं और एचइसी अस्पताल की पुरानी गरिमा को भी वापस लाना चाहते हैं। नेफ्रोलॉजी के डायरेक्टर डॉ अशोक कुमार बैद्य ने कहा कि जो भी मरीज यहां से इलाज करा कर जा रहे हैं, उनका बहुत अच्छा फीडबैक मिल रहा है। हम कोशिश करेंगे कि समाज के लोगों का विश्वास जीतें । यहां किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा तीन चार महीने में शुरू होने वाली है, जिसमें टीम भावना के साथ सभी डॉक्टर काम करेंगे। हमारा मकसद अपना फायदा नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए काम करना है। डायरेक्टर एमआइएस और जनरल सर्जन डॉ रमेश दास ने कहा कि पारस अस्पताल के एक साल के सफर में नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी सहयोगियों का बहुत बड़ा योगदान है। यहां एक छत के नीचे एडवांस इक्विपमेंट की सुविधा मरीजों को दिलायी जाती है, जोकि वर्ल्ड क्लास है।

# माता मेरी बेर्नादेत की 62वीं पुण्यतिथि पर पवित्र ख्रीस्तयाग का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** संत अन्ना धर्मसंघ की संस्थापिका ईश सेविका माता मेरी बेर्नादित्त किस्पोट्टा की 62 वीं पुण्यतिथि पर 23 अप्रैल को उनकी जन्मभूमि मांडर के सरगांव में भव्य तीर्थयात्रा निकाली गयी तथा समारोही पवित्र ख्रीस्तयाग का कार्यक्रम भक्ति व धूमधाम से संपन्न हुआ। इस तीर्थयात्रा में सरगांव में चार हजार से अधिक विश्वासियों ने हिस्सा लिया।

पवित्र मिस्सा से पूर्व विश्वासियों ने दो दिशाओं से रोजरी प्रेयर करते हुए सरगांव कॉन्वेंट के प्रांगण में प्रवेश किया। तदुपरांत माता मेरी बेर्नादित किस्पोट्टा की प्रतिमा के पास उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसमें रांची महाधर्मप्रांत के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे, संत अन्ना धर्मसमाज की परमाधिकारिणी रेव्ह सिस्टर लिली ग्रेस तोपनो तथा अन्य गण्यमान्य लोगो में सिमडेगा के जिला परिषद अजय एक्का, जिला परिषद सिमडेगा की जोसिमा खाखा, संत फ्रांसिस ऑफ असीसी के प्रोविंशियल फादर मनोज वेंगाथानम टीओआर, येसु समाजी फादर रेमण्ड केरकेट्टा, विनोद किस्पोट्टा, हलन खलखो, एलिस कुल्लू के द्वारा किया गया। आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने इस मौके पर अपने प्रवचन में कहा कि ईश्वर सदा अपने आप को प्रकट करते रहते है। उसने ईश सेविका माता मेरी बेर्नादित्त के माध्यम से अपने आप को हम सभी के सामने प्रकट किया है और प्रकट करने का सिलसिला जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि छोटानागपुर के प्रेरित ईश सेवक फादर कॉन्सटेन्ट लीवन्स एसजे ने अपनी कड़ी मेहनत से लोगों को प्रभु का साक्ष्य दिया। प्रवचन में आर्चबिशप फेलिक्स ने कहा कि माता बेर्नादित्त बहुत ही साहसी महिला रहीं। उन्होंने समाज में तत्कालीन विभिन्न चुनौतियों के बावजूद अपने विश्वास में अडिग रही और संत अन्ना के पुत्रियों के धर्मसमाज की स्थापना की। वह सदैव लोगों का उद्धार चाहती थीं।

परमाधिकारिणी रेव्ह, सिस्टर लिली ग्रेस तोपनो डीएसए ने अपने संदेश में माता मेरी बेर्नादित्त किस्पोट्टा की संक्षिप्त जीवनी का उल्लेख किया व कहा कि उन्होंने धैर्य, विवेक, न्याय व संयम से तत्कालीन विषम चुनौतियों का सामना किया। 66 वर्षों तक कलीसिया व लोगों की समर्पित सेवा की। आज की तिथि में ईश सेविका माता बेर्नादित्त के आदर्श व सिद्धांतों के कार्य को संत अन्ना धर्मसमाज की 1135 पुत्रियां देश ही नहीं विदेशों में शिक्षा सेवा और समाज सेवा के माध्यम से मूर्त करती आ रही हैं।

# नकली इंजेक्शन

गुरुग्राम के एक हॉस्पीटल मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने कैंसर के लिए इलाज के लिए इस्तेमाल होने वाले ढाई लाख रुपये के नकली इंजेक्शन बेचने वाले एक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा है। टीम ने इंजेक्शन सप्लाई करने वाले संदीप भुई वासी कोलकाता (पश्चिमी बंगाल) को गिरफ्तार किया। वह दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में किराए पर रह रहा था। उसने पुलिस को बताया कि यह इंजेक्शन मोतीउर रहमान अंसारी वासी जामिया नगर साउथ दिल्ली ने उसे भेज कर सप्लाई करवाया है। आरोपी ने बताया कि उपरोक्त मरीज के लिए 4 बॉक्स इंजेक्शन (एक बॉक्स में 10 इंजेक्शन)वह पहले भी दे चुका है। इसके लिए करीब 10 लाख रुपये लिए गए थे। ड्रग्स एंड कंट्रोल ऑफिसर के अनुसार यह इंजेक्शन इटली से सप्लाई होता है। जब इटली कंपनी को ड्रग्स विभाग द्वारा उनकी मेल के द्वारा सूचित किया गया तो इटली कंपनी ने इंजेक्शन नकली बताया। ड्रग्स विभाग द्वारा आरोपी संदीप भुई व रैकेट का सरगना मोतिउर रहमान अंसारी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सवाल है कि ऐसे कितने नकली दवा और इंजेक्शन के अपराधी कितने लोगों की जान से खेल रहें हैं। डब्ल्यूएचओ ने ऐसे नकली इंजेक्शनों के बारे में भारत में अलर्ट जारी किया है। नकली इंजेक्शन या नकली दवा का रैकेट देश में चलना बहुत खतरनाक है। पूरे रैकेट में और कौन कौन शामिल है, इसकी जांच की जायेगी।नए नियमों के तहत अगर दवा नियामक ने पाया कि किसी दवा की गुणवत्ता मानकों के अनुसार सही नहीं है तो उस केस में 3 से 5 साल की जेल हो सकती है। इसके अलावा नकली दवाएं पाए जाने पर संबंधित मामले में उम्रकैद की सजा का प्रस्ताव भी शामिल किया गया है। एक अनुमान के अनुसार देश में 20-25 प्रतिशत नकली दवाओं का व्यापार हो रहा है जो चिंताजनक है।

# जवानों की परवाह

देश की सुरक्षा के लिए तैनात जवानों की परवाह करने की आवयकता पहले से अधिक है। आखिरकार बठिंडा सैन्य स्टेशन में सैन्य स्टेशन के भीतर चार सैनिकों की हत्या ने हर किसी को स्तब्ध किया था कि आखिर कैसे हत्यारे कड़ी सुरक्षा को बेधने में कामयाब हुए। इस बात की आशंका पहले से जतायी जा रही थी कि हत्या के सुराग स्टेशन के भीतर ही मिलेंगे। हुआ भी ऐसा ही, और पुलिस का दावा है कि हत्याओं का मकसद व्यक्तिगत रंजिश थी और यह अभियुक्त के शारीरिक उत्पीड़न की प्रतिक्रिया थी। निस्संदेह, यह घटना बेहद चिंता का विषय है। साथ ही सुरक्षा की कमजोर कड़ियों को संबोधित करने की जरूरत बताती है। वहीं अभियुक्त द्वारा लगाये शारीरिक शोषण के आरोपों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। निस्संदेह, एक सैनिक की लंबी ड्यूटी और लगातार घर से दूर रहने की वजह कई तरह की जटिल स्थितियां पैदा करती है। एक युवा सैनिक अपनी भरपूर ऊर्जा के काल में देश सेवा में जीवन का बहुमूल्य समय देता है। लेकिन उसे आमतौर पर जटिल व दुर्गम इलाकों में ड्यूटी के दौरान अपने परिवार से दूर रहना पड़ता है। हालांकि, कई सुगम इलाकों में सैनिकों व जेसीओज को परिवार साथ रखने की इजाजत होती है। लेकिन इसके बावजूद सेना व सुरक्षा बलों के जवानों को लंबे समय तक परिवार से दूर रहना पड़ता है। साल में एक बार मिलने वाली लंबी छुट्टी के अलावा उन्हें बीच में छुट्टी लेने के अवसर कम ही मिलते हैं। दरअसल, वक्त बदलने के साथ सेना में पढ़े-लिखे युवाओं की भर्ती भी बढ़ी है। उनकी उम्मीदें और आकांक्षाएं भी देश के शेष युवाओं से कमतर नहीं हैं। वक्त के साथ ही जीवन व नैतिक मूल्यों के प्रति उसके दृष्टिकोण में बदलाव भी आया है। हमारे जवानों की जान वेशकीमती है इसकी परवाह हम सबको करना ही होगा।

# नयी शिक्षा नीति की देश के लिए एक अवसर





-डॉ मेरी ग्रेस

> कुल मिलाकर आर्थिक रूप से समर्थ परिवारों के बच्चों के पास यह सुविधा रहेगी कि वे पढ़ सकेंगे। परन्तु देश के 30-40 करोड़ गरीबों के बच्चे कैसे पढ़ सकेंगे। इसके लिये, कोई प्रावधान इस रपट में नहीं है। गरीब माता-पिता तो वैसे भी बच्चों को पढ़ाने के बजाय, काम करने में लगा देते है। आपके पाठ्यक्रम का रूप क्या होगा? कितने-कितने वर्ष के हिस्से होंगे इन तकनीकी पहलुओं से शिक्षा का ड्राप आउट समाप्त नहीं हो सकता।

**नयी** शिक्षा नीति पर आजादी के बाद का चौथा प्रस्ताव है। शिक्षा नीति का पहला दस्तावेज 1968 में डी.एस. कोठारी के द्वारा पेश किया गया था जिसे आम बोल चाल में लोग कोठारी कमीशन बोलते है। प्रो. कोठारी के शिक्षा नीति के दस्तावेज के आधार पर कुछ कदम भी भारत सरकार ने उठाए थे और विशेषतः राष्ट्रभाषा हिन्दी और भारतीय भाषाओं को महत्व मिला था। जिसके बाद लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में भारतीय भाषा वालों को कुछ स्थान मिलना शुरू हुआ इस कारण से ग्रामीण एवं कस्बाई विशेष तौर से हिन्दी और अन्य भारतीय भाषा वाले प्रत्याशियों की हिस्सेदारी बढ़ी। शिक्षा नीति के दस्तावेज पर उस समय याने 60 के दशक में चल रहे डॉ. लोहिया के अंग्रेजी हटाओ आंदोलन का अप्रत्यक्ष और अघोषित प्रभाव था। डॉ. लोहिया ने 60 के दशक में अंग्रेजी की सत्ता और उसकी मानसिक दासता से मुक्ति का अभियान चलाया था। उनका नारा था जन-जन की है, अभिलाषा चले देश में देशी भाषा। लोहिया अंग्रेजी को हटाकर भारतीय भाषाओं को प्रयोग में लाने के पक्षधर थे। वे चाहते थे कि राज्यों में क्षेत्रीय भाषाएं चले और केन्द्र में हिन्दी। वे अंग्रेजी के ज्ञान के पक्ष में थे परन्तु अनिवार्यता के पक्ष में नहीं थे। उसके बाद 1986 में भी एक शिक्षा नीति का दस्तावेज प्रस्तुत हुआ यद्यपि उसके आधार पर कोई उल्लेखनीय कदम तत्कालीन सरकार द्वारा नहीं उठाए गए। 1992 में भी कुछ संशोधन सहित शिक्षा नीति का दस्तावेज सामने आया परन्तु वह भी लागू नहीं हो सका। और उसके बाद अब 2020 में श्री कस्तूरी रंगन कमेटी के द्वारा नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) का दस्तावेज भारत सरकार को सौंपा गया है। यद्यपि यह अभी दस्तावेज ही है और जब तक इसके प्रावधानों के आधार पर भारत सरकार याने मंत्रीमंडल वर्तमान कानूनों में बदलाव नहीं करता है, तब तक यह एक सदुपदेश के कागज जैसा है।

कस्तूरी रंगन इसरो के मुखिया रहे है। और कई केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी रहे है। यह दस्तावेज वर्तमान सरकार के राजनैतिक और मूल विचारों की छाया से ज्यादा प्रभावित नजर नहीं आता इसलिए इस दस्तावेज पर उस ढंग का रंग देने का कोई आरोप नहीं लग सका। यह अच्छी बात है। परन्तु भारत सरकार इसे लागू करेगी या नहीं? किस रूप में करेगी? कितना करेगी? यह सब प्रश्न अभी अनुत्तरीत है।

परन्तु जो मुद्दे नीति के दस्तावेज में रखे गए है उनके प्रभाव और संभावनाओं पर चर्चा की जाना चाहिए।दो करोड़ छात्र स्कूल छोड़ देते है उन्हें वापिस लाना चाहिए। इस वापिसी के लिए उन्होंने एक सुझाव यह दिया है कि स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ पौष्टिक नाश्ता भी दिया जाना चाहिए। अब सरकार को यह तय करना है कि वह इसे किस प्रकार लागू करेगी। परन्तु क्या केवल पौष्टिक नाश्ते मात्र से स्कूल के बच्चे छात्र बने रहेंगे यह एक प्रश्न है, इस अकेले प्रयोग से 2 करोड़ बच्चों को वापिस लाना और नए ट्राप आउट को रोकना संभव नहीं है क्योंकि:-

आज सरकारी स्कूलों की संख्या पहले से ही अपर्याप्त है और धीरे-धीरे सरकारें सरकारी स्कूलों को बंद कर उनकी संख्या कम कर रही है। एक जानकारी के अनुसार पिछले एक दशक में लगभग 1 लाख से अधिक शिक्षण संस्थाएं सरकारी या स्वायत्त संस्थाओं यथा नगर निगम, जिला पंचायतों आदि के द्वारा चलाई जा रही थी वह बंद हो चुकी है। औपचारिक तौर पर आर.टी.ई. याने शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकार घोषित हो चुका है, तथा उसका कानून भी बना है। परंतु सरकारी विद्यालयों के अभाव में वह कानून विकलांग कानून है। और सबको शिक्षा के बजाय उसे शिक्षण संस्थाओं की छात्र छात्राओं के 20 प्रतिशत स्थान गरीब छात्रों को शासन या अधिकारियों की संस्तुति पर देने तक सीमित कर दिया गया है। स्थिति यह है कि, अधिकांश निजी शिक्षण संस्थायें गरीबों के बच्चों को प्रवेश देने के आदेश का पालन ही नहीं करतीं। और अधिकारी उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर पाते। क्योंकि आदेश देने वालों को सीधा कोई अधिकार या मान्यता समाप्त करने की शक्ति नहीं है, बल्कि वे कार्यवाही की सिफारिश राजधानी के अधिकारियों को करते है और राजधानियां केवल राजसत्ता के दबाव से चलती है।

अच्छा होता कि श्री कस्तूरी रंगन अपनी सिफारिश में सारी स्कूली शिक्षा के निजीकरण को समाप्त कर छात्रों की संख्या के अनुकूल सरकारी शिक्षण संस्थाएं खोले जाने की सिफारिश करते तो ही आर.टी.ई. प्रभावी हो पाता तथा ड्राप आउट रूक सकता था।

ग्रामीण क्षेत्रों की नियति यह है कि छोटे-छोटे बच्चों को कई-कई किलोमीटर पढ़ने के लिए जाना पड़ता है। तथा बहुत सारे स्थानों पर तो स्कूल जाने के लिए न सड़के और न नदी नालों पर पुल है। और आए दिन अखबारों में फोटो छपते है कि छात्र लकड़ों-लठ्ठों पर बैठकर नदी नाले पार करते हैं। कस्तूरी रंगन कमेटी ने अगर यह भी कहा होता कि हर हाल में एक वर्ष के अंदर गाँव में स्कूल खोले जाएंगे तथा पड़ोस के स्कूल तक जाने के लिए सड़क-पुल बनाए जायेंगे, तो कुछ संभावना भी बनती। कुल मिलाकर आर्थिक रूप से समर्थ परिवारों के बच्चों के पास यह सुविधा रहेगी कि वे पढ़ सकेंगे। परन्तु देश के 30-40 करोड़ गरीबों के बच्चे कैसे पढ़ सकेंगे। इसके लिये, कोई प्रावधान इस रपट में नहीं है। गरीब माता-पिता तो वैसे भी बच्चों को पढ़ाने के बजाय, काम करने में लगा देते है। आपके पाठ्यक्रम का रूप क्या होगा? कितने-कितने वर्ष के हिस्से होंगे इन तकनीकी पहलुओं से शिक्षा का ड्राप आउट समाप्त नहीं हो सकता। इस दस्तावेज में आधारभूत संरचना के शेयरिंग (मिला जुला उपयोग) का सुझाव याने खेल मैदान, जिम आदि का दिया है। परन्तु इसे विभाजित कर तथा स्कूलों में आपस में बाँटकर उपयोग कराने का प्रावधान चिंतनीय और अव्यवहारिक है, तथा एक प्रकार से शिक्षिण संस्थाओं की दायित्व मुक्ति है। इसके कारण एक स्कूल के बच्चे दूसरे स्कूल में खेलने या जिम करने जाएंगे तो कितना समय जाएगा? किन साधनों से जाएंगे? यह समस्या है। और कुल मिलाकर यह एक अव्यवहारिक और शिक्षण संस्थाओं के मालिकों के निजी हो या सरकारी को बचाव की सुविधा प्रदान करना है। (उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची की प्राचार्या हैं।)

## खास बात

### शनि की पूजा



**प्रिया राज**

शनिवार का दिन न्याय के देवता शनिदेव का माना जाता है। मान्यता है कि शनिदेव व्यक्ति के अच्छे और बुरे दोनों कर्मों के हिसाब से फल देते हैं। अगर किसी पर वो एक बार गुस्सा हो जाएं तो उनके प्रकोप से बचना मुश्किल हो जाता है। वहीं, अगर ये किसी पर खुश हो जाते हैं तो वो व्यक्ति जीवन में कई तरह से तरक्की करता है। आप भी चाहते हैं कि शनिदेव के प्रकोप से बचकर उनकी मेहरबानी हो सके तो हमारे द्वारा बताए गए कुछ उपाय को अपना सकते हैं।

आइए आपको शनि की ढैया या साढ़ेसाती या फिर महादशा जैसे कष्टों से बचने के उपाय बताते हैं... शनिवार को करें ये शनि उपाय शनि यंत्र की करें पूजा- शनिवार के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान आदि करने के बाद काले रंग के कपड़े पहन लें। अब शनिदेव के मंदिर जाएं और वहां विधि-विधान के साथ पूजा-पाठ करें।

इसके साथ शनि यंत्र की पूजा भी जरूर करें। इससे जीवन में आने वाली तमाम समस्याएं दूर हो सकेंगी। नौकरी, व्यापार और धन लाभ होगा। पुजारी भी आंखों पर पट्टी बांधकर करते हैं पूजन, जानें पीछे की वजह तेल का छायापात्र करें दान- शनिवार के दिन शनिदेन की पूजा करने के बाद तिल या सरसों के तेल का छायपात्र भी दान करें। इसके अलावा शनिदेव को सरसों का तेल अर्पित भी करें। आप चाहें तो शनिवार के दिन शनि मंदिर में सरसों के तेल की बोतल रखकर भी आ सकते हैं।

ऐसा करने पर शनिदेव की आप पर खास कृपा बन सकेगी। भाग्य वृद्धि के लिए करें ये काम- शनिवार के काले रंग के कुत्ते या गाय को सरसों के तेल में चिपड़ी रोटी खिलाएं। इससे धन संबंधित लाभ होने के साथ समाज में मान सम्मान बढ़ सकता है। इसके अलावा भाग्य में वृद्धि भी होती है। घर में सुख-शांति के लिए शनिवार के दिन झाडू को खरीदना शुभ माना गया हैं। कलियुग में शनि का प्रभाव विशेष माना जाता है।

(संत जेवियर कॉलेज रांची)


**प्रधानमंत्री जी,** वंचितों को खोखले शब्द नहीं, राजनीतिक और आर्थिक शक्ति की जरूरत है।ये तीन कदम उठाइए:
2011 की जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक कर, देश में ओबीसी कितने हैं बताइएआरक्षण से 50% कैप हटाइए, दलितों, आदिवासियों को आबादी के अनुसार आरक्षण दीजिए।

**-राहुल गांधी, पूर्व सांसद**

## रोचक ट्वीट

प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व में ही जीवन सिद्धि के सूत्र निहित हैं।वस्तुतः धरती के प्रति हमारी उदासीनता-उपेक्षा ही अनेक आपदाओं का मूल है ! प्लास्टिक के प्रयोग से बचें। निसर्ग की ओर लौटें।

**- अवधेशानंद गिरी**





सृष्टि कितनी भी बदल जाये हम सुखी नहीं हो सकते , पर दृष्टि जरा सी बदल जाये तो हम सुखी हो सकते है।

**-अमिताभ बच्चन**

# तत्वज्ञान का प्रवाह

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**प्रभु** जी तुम चंदन हम पानी। इसको व्यापक अर्थ में समझा जाना चाहिए। सिर्फ चंदन का क्या मतलब है कुछो नहीं। झड़ जाएगा जब पानी से मिलता है तब वह टीका बनता है। ऐसा ही समर्पण गुरु के साथ होता है जब अब प्रेम गुरु के प्रति हो जाता है। इसी प्रकार धागा और मोती के मेल के बाद माला बन जाता है न मोती का अस्तित्व रहता है और न धागा का। अगर भक्ति करना है तो इस प्रकार अपना अस्तित्व को मिटा देना होता है अपने गुरु में। हमारे आश्रम ब्रह्म विद्यालय में आधुनिक काल में स्वामी शिवर्धमानंदजी की महात्मा दर्शानंद ने जिस प्रकार भक्ति की वैसा आज कहीं और दूसरे स्थान पर नहीं मिलता है। यह भक्ति हनुमान की भक्ति से भी कई मायने में अधिक थी क्योंकि हनुमान को अयोध्या जैसा सुंदर व्यवस्थित राज्य मिला था जबकि स्वामी जी को छोटका राजपुर जैसा दियारा और कठिन गंगा का किनारा का स्थल मिला था। लेकिन गुरुदेव शिवर्धमानंद जी ने भक्ति के अपने जोड़ी दार के रूप में महात्मा दर्शानंद को जबावदेही दी और उसके बाद देश में तत्व ज्ञान का सबसे बड़ा केन्द्र छोटका राजपुर बक्सर में स्थापित हुआ। यही नही आज महात्मा व्यासानंद को भी स्वामी शिवर्धमानंद जी ने ही तैयार किया है जो भक्ति के कार्य को पूरी तेजी से आगे बढ़ा रहें हैं। पूरे देश में जिस प्रकार सत्संग और ज्ञान को प्रवाहित करने का कार्य सात दशकों तक स्वामी शिवर्धमानंद जी ने किया वैसा दूसरा उदाहरण नहीं है। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड



## लेटर टू एडिटर

### अध्यात्म का महत्व

**जीवन** में दिव्यता के प्रकाशन एवम परिपूर्णता निमित्त नियम सिद्धांत और परम्पराओं का अनुपालन नितान्त अपेक्षित है।आत्मानुशासन के आलोक में ही जीवन पुष्पित, पल्लवित, सुवासित और फलीभूत होता है । अतः इस जीवन सिद्धि अभियान में आध्यात्मिक साधन ही सहायक हैं ! आज हम नये युग का अधांनुकरण कर रहे है जो खतरनाक है। हमें तुरंत इससे बचना होगा।

**-सृष्टि, रांची**

### बेटियों से दुष्कर्म

**सरकार** ने भी महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कड़े कानून बना रखे हैं, लेकिन समाज के दरिंदों को राजनीति संरक्षण होने के कारण ये कानून भी कमजोर नजर आते हैं। हर दिन बच्चियों से युवतियों से रेप की खबर छप रही है और अब तो उनकी हत्या भी की जा रही है। इसका डर पहले से ही था कि अगर रेप की सजा फांसी हुई तो लड़कियां मारी जायेंगी।

**-प्रियंका सिन्हा, हजारीबाग**

# शिक्षा और शिक्षकों के लिये बेहतर है नयी शिक्षा नीति



**मनोज शर्मा**

**शिक्षा** नीति में एक अच्छा सुझाव है कि अब छात्र मल्टी डिसिप्लिनरी (किन्हीं भी विषयों की साथ-साथ) शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। याने अब कला, वाणिज्य विज्ञान विषयों की सीमा समाप्त कर कोई भी विषय किसी अन्य विद्या के विषय के साथ पढ़ा जा सकेगा। तथा छात्र अपनी योग्यता व आवश्यकता के अनुसार इन्हें आपस में बदल भी सकता है। कुछ स्थानों पर यह सुविधा अभी भी थी। जैसे कुछ वर्षों से इंजीनियरिंग के छात्र उसके साथ प्रबंधन-वाणिज्य-अर्थशास्त्र जैसे कोर्स कर रहे थे। और इससे उन्हें नौकरियों में विशेष महत्व मिलता था। हालांकि इसके पीछे कार्पोरेट जगत की आवश्यकताएं भी हैं। क्योंकि उन्हें एक वेतन में दो विधा के कर्मचारी मिल जाते है। फिर भी सिंगल डिसीप्लिन से मल्टी डिसीप्लिन का प्रस्ताव अच्छा प्रस्ताव है। स्कूल के शिक्षकों के वेतन और नियमों के बारे में दस्तावेज लगभग मौन है। हालाकि जस्टिस जे.एस.वर्मा कमेटी ने शिक्षकों को स्थायी नियुक्ति देने की सिफारिश की थी और वह भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए जरूरी है। दस्तावेज में नर्सरी के बच्चों को उनके मानसिक विकास और रूचि के आधार पर आगे का मार्ग बनाने की दिशा रखी है, परन्तु इसके लिए ऐसे शिक्षकों की व्यवस्था कैसे होगी इसका कोई प्रावधान नहीं है।

अगर दस्तावेज में डॉ. लोहिया की बात को विस्तार देकर शामिल किया गया होता तो बेहतर होता। डॉ. लोहिया कहते

## शिक्षा

थे कि राष्ट्रपति हो या चपरासी की संतान सबको शिक्षा एक समान। और रपट में अगर यह कहा गया होता कि सबको अनिवार्य मुफ्त और उनकी योग्यतानुसार समान शिक्षा दी जाएगी तो मौलिक अधिकार भी कारगर रूप ले पाता। अगर नेताओं-उद्योगपतियों व अफसरों के बच्चे सरकारी स्कूल में गरीब के साथ पढ़ेंगे तो, शिक्षा का स्तर भी सुधरेगा व संविधान की भावना की भी पूर्ति होगी।

दस्तावेज में बच्चों को पाँचवी क्लास तक मातृभाषा में शिक्षा देने का प्रावधान है। परन्तु केवल भाषा का प्रावधान हैं, मीडियम का नहीं। अधिकांश निजी शिक्षण संस्थाएं अंग्रेजी मीडियम में पढ़ा रही है और अगर मीडियम में अंग्रेजी रहेगी तो फिर अंग्रेर्जी का प्रभुत्व भी रहेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्थान पर कई अन्य समकक्ष संस्थाओं को बनाने का सुझाव है। यशपाल कमेटी ने भी राष्ट्रीय शिक्षा आयोग के गठन का प्रस्ताव किया था। जिसका अध्यक्ष शिक्षा मंत्री हो। हालाकि इससे कोई विशेष असर पड़ने वाला नहीं है, बल्कि सरकार का शिक्षा पर नियंत्रण ही बढ़ेगा। जब तक सबको निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान नहीं बनता तब तक आरक्षण की उपयोगिता रहेगी। परन्तु इस पर भी दस्तावेज मौन है। विदेशी विश्वविद्यालयों को अनुमति देने का प्रावधान सीधा-सीधा शिक्षा का विदेशीकरण और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विदेशी पूँजी निवेश है। याने इन विदेशी उच्च शिक्षा के संस्थानों में वहीं प्रवेश ले सकेंगे जो सम्पन्न परिवार से है। मानव संसाधन विभाग कुछ दशक पहले शिक्षा विभाग ही था। अब पुनः उसका नामकरण शिक्षा विभाग करने का प्रस्ताव है। इससे जमीनी हालात पर कोई भारी असर होने वाला नहीं है, केवल भावनात्मक संतोष ही है।

देश में शिक्षा का बजट कुल जी.डी.पी. का 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत किया जाए। हालांकि कुछ लोग इससे इतने उत्साहित हो गए है, कि वे यह लिख और बोल रहे है कि दुनिया में सबसे ज्यादा शिक्षा का बजट भारत का होगा। यद्यपि यह एकदम निराधार है। अमेरिका का 2019-20 का बजट 4-7 ट्रिलियन डॉलर याने 399 करोड़ लाख डॉलर का है जो भारत के बजट से 60 गुने के बराबर है।

# अंग्रेजी जानने वाले सिर्फ 15 प्रतिशत : कस्तूरीरंगन



**रविरंजन**

**के** कस्तूरीरंगन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मसौदा तैयार करने वाली समिति के प्रमुख रहे हैं। नई नीति में मातृभाषा पर जोर देने के विषय में कस्तूरीरंगन का कहना है कि देश में अंग्रेजी भाषी आबादी केवल 15-16 प्रतिशत है जो कोई बड़ी संख्या नहीं है।

उन्होंने कहा कि बच्चा जन्म से ही बाहरी दुनिया से मातृभाषा में संवाद करता है, उस वजह से मातृभाषा पर मस्तिष्क की सक्रियता अन्य किसी माध्यम से अधिक प्रभावशाली होती है। यही कारण है कि नई नीति में मातृभाषा पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) में 21वीं सदी और गुणवत्ता से समझौता किए बिना रोजगार का कौशल प्रदान करने वाली शिक्षा की परिकल्पना की गई है। कस्तूरीरंगन ने कहा कि ग्रैजुएशन लेवल पर उदार या बहुउद्देश्यीय शिक्षा का विचार, वहीं माध्यमिक स्तर की शिक्षा में चार वर्ष की संरचना कई प्रकार के कौशल चुनने का अवसर प्रदान करते हैं, जिनका इस्तेमाल रोजगार के अवसर के तौर पर भी किया जा सकता है।

उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, 'ये सभी 21वीं सदी के कौशल का हिस्सा हैं क्योंकि शिक्षा नौजवानों में इस तरह की चीजों को समाहित करती हैं, जिनसे कि वे 21वीं सदी के लिए जरूरी संचार,

## शिक्षा

रचनात्मकता, समस्या समाधान और इस तरह की चीजों के संदर्भ में योग्यता प्राप्त कर सकें।

**चार साल के ग्रैजुएशन से क्या होगा?**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य इस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके, संस्थानों को मजबूत करके शिक्षा को सही मार्ग पर लाना है और वहीं यह भी सुनिश्चित करना है कि गुणवत्ता से समझौता नहीं हो। नई नीति के तहत चार वर्ष के स्नातक पाठ्यक्रम की शुरूआत के संबंध में कस्तूरीरंगन ने कहा कि इससे युवा व्यापक ज्ञान अर्जन के लिए तैयार होंगे, जो उन्हें परिपक्वता के उचित स्तर पर उनकी पेशेवर रुचि को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ष में शिक्षा को अगले स्तर पर ले जाने की क्षमता है। इसमें यह प्रावधान भी है कि यदि कोई किसी समय पढ़ाई रोककर किसी पेशे में जाना चाहता है तो उसमें उस तरह की चीज के लिए योग्यता होगी।

कस्तूरीरंगन ने कहा, 'इसलिए अगर आप उस सिद्धांत पर काम करते हैं तो पहले साल में आपको एक प्रमाणपत्र मिल सकता है क्योंकि आपको रोजगार प्रदाता को दिखाना होगा कि आपने कुछ किया है। आपको जूनियर डिप्लोमा का सर्टिफिकेट मिलता है, अगले साल सीनियर डिप्लोमा का सर्टिफिकेट मिलता है और फिर तीसरे स्तर पर आपको स्नातक की डिग्री मिलती है। और यदि आप कुछ शोधकार्य करते हैं और अपने ज्ञान को बढ़ाते हैं, विषयों और समस्याओं से निपटने की नयी क्षमताएं हासिल करते हैं तो आपको चौथे साल की डिग्री मिलती है। यह एक तरह की ऑनर्स स्नातक डिग्री होती है।

'अब एम फिल का कोई महत्व नहीं है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक ने कहा कि नई नीति में ज्ञान अर्जन की परिपक्वता के एक स्तर पर अनेक विकल्प मुहैया कराने का विचार है। एम फिल डिग्री समाप्त करने के संबंध में कस्तूरीरंगन ने कहा, 'एम फिल की डिग्री मास्टर डिग्री के साथ बराबरी नहीं कर पा रही थी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मना



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 अंतर्गत दुर्गा मंदिर कुरूम के प्रांगण में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवधेश सिंह मौजूद थे। उन्होंने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत अन्य लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर अवधेश सिंह ने कहा की भगवान परशुराम ने एक ऐसे आदर्श समाज का निर्माण किया था जिसमें हर व्यक्ति बिना किसी भय के रहता था। कहा की भगवान परशुराम ने कमजोरों की मदद करने और आपस में मिलजुलकर रहने का संदेश दिया था। अवधेश ने उपस्थित लोगों से आहवान किया की हम सबको भगवान परशुराम के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज और देश की एकता के लिए कार्य करना है। मौके पर सीताराम सिंह, अमित कुमार सिंह, ललन कुमार सिंह, खुश कुमार, मुकेश सिंह, गौतम सिंह, राहुल सिंह, श्रीकांत सिंह, राजकुमार सिंह, पंकज सिंह, अमित सिंह, आनंद सिंह, सुमंत सिंह, बलवंत सिंह, उज्जवल सिंह, निक्कू सिंह,टूटून, अनुभव, देव, गुलन, आजाद आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना से दो चालकों की मौत

गोला। रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग के धमनाटांड़ गांव के समीप शनिवार देर रात दो एलपी ट्रक की सीधी टक्कर हो गई जिसमें दोनों वाहन फंस गए। घटना में दोनों चालकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना के बाद ड्यूटी पर तैनात एएसआई गिरिश महतो व सुरेश मलिक घटनास्थल पर पहुंचे और जेसीबी मशीन मंगवाकर फंसे दोनो वाहनों को अलग किया गया। साथ ही वाहनों के केविन में फंसे चालकों के शव को गैस कट्टर से काटकर बाहर निकाला गया। जिसके बाद दोनो चालकों के शव को पुलिस अपने कब्जे में कर थाने ले गई। मृतक दोनों चालकों की पहचान विरेन्द्र कुमार राम उम्र 36 वर्ष पिता सुखदेव राम इटखोरी चतरा व रामप्रवेश यादव उम्र 35 वर्ष पिता गाजो यादव कोशीरुखी नवादा बिहार निवासी के रूप में की गई।

### पुरबडीह में अखंड हरि कीर्तन शुरू



**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र के पुरबडीह गांव स्थित श्री श्री राधाकृष्ण हरिमंदिर में पांच दिवसीय अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसे लेकर रविवार को महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में गोला प्रमुख गीता देवी व आजसू नेत्री आरती प्रसाद शामिल हुईं। जहां अतिथियों को पूजा समिति के लोगों द्वारा चुनरी ओढा के स्वागत किया गया। मौके पर समाजसेवी चंदर महतो, आजसू प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो, रंधीर कुमार बसरिया, निलकमल महथा, संजय महतो, राधा बिनोद प्रजापति, दीपनारायण महतो, सचिन महतो, डॉ हेमंत उपाध्याय, श्रीकांत महली, गंभीर करमाली, शंकर महतो, प्रवीण कुमार, प्रशांत कुमार दास सहित गांव के सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

### हर पंचायत में फाउंडेशन से जुड़ेंगी महिलाएं



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन की मासिक समीक्षात्मक बैठक बोंगाबार फोरलाइन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि सह फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने किया। बैठक में सभी पंचायत स्तर के सदस्यों को मांडू प्रखंड अंतर्गत हर पंचायत से तीस-तीस महिलाओं को फाउंडेशन से जोड़ने की बात कही गयी। साथ ही फाउंडेशन को हर तरफ से मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन का जिस रफ्तार से विकास हो रहा है। आने वाले समय में इससे जुड़ने वाली हर महिला को लाभ मिलेगा। वहीं आगामी माह से महिलाओं को ट्रेनिंग देने का काम किया जाएगा। मौके पर शीला कुमारी,आशा कुमारी,शांति देवी,मनसरी देवी,कौशल्या देवी,सुमन देवी,मीनू देवी,संगीता देवी, मीना देवी रीना देवी बिंदु देवी पद्मिनी देवी आदि मौजूद थे।

### श्री अग्रसेन स्कूल में कराटे शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित अग्रसेन स्कूल में रविवार को सोतोकान कराटे डू फेडरेशन अफ भुरकुंडा डोजो द्वारा एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अग्रसेन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में भुरकुंडा एरिया से 80 कराटेकारों ने भाग लिया और विभिन्न कलर बेल्ट ग्रेड प्राप्त किया। शिविर के पहले चरण में ट्रेनिंग एवं दूसरे चरण में ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन हुआ। ग्रेडेशन टेस्ट शोकाफ के मुख्य प्रशिक्षक सह मुख्य टेक्निकल डायरेक्टर हैनशि मानस सिन्हा एवं किओसी नरेंद्र सिन्हा द्वारा लिया गया। ब्राउन बेल्ट पाने वाले में अंजली कुमारी, अमन मुर्मू, अंकित मुर्मू, ओजश दधिच, पावनी दधिच, सुनील करमाली, रजनीश सिंह, हर्षीत कुमार, अर्पीता राज, सनी कुमार, मयंक सिन्हा, तिका पटेल, रिया कुमारी, अरेंज बेल्ट पाने वालों में तन्मय साव, राधिका बस्के, मुकूल आनंद, आयुष कुमार, सागर कुमार, श्रेयश पाठक, आर्यन गंझू, अंश कुमार, आशीष कुमार, अश्विन कुमार, शिफा परवीन, सूफी परवीन, रिया भारती, आयुष कुमार, पीला बेल्ट पाने वालो में शौर्य सिन्हा, मीरा कुमारी, तानिया श्रीवास्तव, विशेष, राधिका पटेल, ज्ञान वीर कुमार, रेहान रजा आदि शामिल हैं। बेहतर प्रदर्शन के लिए मीरा कुमारी, राधिका बसके, आयुष कुमार, उत्सव यादव, स्नेह कुमारी बेस्ट कराटे के उपाधि से नवाजा गया।

# स्वास्थ्य उपकेंद्र में आठ वर्ष से लटका है ताला

## दो महिला डॉक्टर समेत छह कर्मचारियों की हुयी है नियुक्ति

**रौशन सिन्हा**



▶▶ **भवन की खिड़की, दरवाजे, बेसिन, टंकी और नल चोरी**

**दारू।** स्वास्थ्य विभाग कभी कभी अपने अनोखे कारनामे के कारण भी काफी सुर्खियों में रहता है। ऐसा ही एक कारनामा दारू प्रखंड के हरली में प्रस्तावित स्वास्थ्य उपकेंद्र को। लेकर विभाग के द्वारा किया गया है।

हरली में आठ वर्ष पूर्व स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनाया गया था जिसपर निर्माण के बाद से ही आठ वर्षों से ताला लटका हुआ है।

इस भवन में कभी भी केंद्र की शुरूआत हुई नही इस दौरान चोरों ने भवन के खिड़की, ,दरवाजे, बेसिन, पानी की टंकी, नल आदि की चोरी कर ली और भवन भी धीरे धीरे जर्जर हो गया। इस जर्जर भवन में आठ वर्ष के बाद प्रशिक्षु आईएस शताब्दी मजूमदार के प्रयास से उप स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति मिली साथ ही दो महिला चिकित्सक सहित छह कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई।इस केंद्र के लिए दो महिला चिकित्सक डॉक्टर प्रियंका सहाय, डॉक्टर आयुषी कुमारी,एक महिला कक्ष सेविका, एक पुरुष कक्ष सेवक, ड्रेसर, सफाईकर्मी सह चौकीदार की नियुक्ति कर दी गई।यह भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है इसकी मरम्मत्ति के बिना इसे प्रारंभ करने संभव नही है अब बड़ा सवाल यह है कि जिन कर्मचारियों की बहाली की गई है वो अपनी ड्यूटी कहाँ और कैसे करेंगे।

# भुरकुंडा में केंद्रीय विद्यालय नहीं खुला तो होगा चक्का जाम

## क्षेत्र विकास मंच ने किया एलान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को भुरकुंडा में पुर्नस्थापित करने को लेकर रविवार को भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच की बैठक पंचायत सचिवालय भुरकुंडा में हुई। इसमें 20 अप्रैल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आज पंचायत प्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य समाजसेवी के साथ बैठक हुई। बैठक में सबों ने एक स्वर में कहा कि केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा, भुरकुंडा में स्थापित नहीं हुआ तो बरका-सयाल क्षेत्र का चक्का जाम होगा। बैठक में पतरातू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय को लेकर संघ गंभीर है।

यह स्कूल भुरकुंडा की अमानत है जिसे जिला प्रशासन बरकाकाना के मसमोहना में स्थापित करना चाहती है। जो कहीं से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ की मांग है की केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को मसमोहना के बजाय भुरकुंडा क्षेत्र में स्थापित हो। कहा गया कि केंदीय विद्यालय भुरकुंडा को भुरकुंडा में स्थापित करने को ले संघ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेगी। बताया गया कि मामले को ले 27 अप्रैल गुरुवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में पुनः बैठक होगी। ज्ञापन के बाद भी अगर केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को लेकर कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया तो पोषक क्षेत्र के सभी पंचायत के जन प्रतिनिधि कार्य का बहिष्कार करेंगे और इसके खिलाफ पेन ड्रप आंदोलन चलाएंगे।

वहीं पंचायत प्रमुख के प्रतिनिधि सीताराम मुंडा ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को लेकर जो भी कदम उठाने पड़े हम हर तरह से तैयार हैं। हम हर आंदोलन के लिए भी तैयार हैं। बैठक में तय हुआ कि वे प्रशासन से भुरकुंडा हाई स्कूल मैदान सहित आसपास मौजूद 10 एकड़ भूमि पर केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को स्थापित कर संचालित करवाने की पहल करें। बैठक की अध्यक्षता दर्शन गंझू व संचालन योगेश दांगी ने किया।

**बैठक में ये थे मौजूद :** बैठक में मुख्य रूप से पतरातू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, सुंदरनगर मुखिया व्यास पांडेय, दोतल्ला मुखिया सत्यवंती देवी, चोरधरा मुखिया रामनारायण कुमार, भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के संस्थापक सदस्य गिरधारी गोप, विनय कुमार सिंह, गुलाब चंद्र मिश्रा सहित अभीतेश कुमार सिंह, उदय मालाकार, सुबोध कुमार, राज कुमार सिंह, शीला कुमार प्रेमनाथ साहू, ड जयश्री मेहता, लवकुमार महतो, विजेंद्र कुमार, पवन कुमार, अविनाश कुमार, संतोष कुमार, आजाद भुइयां, पंकज, अनिल, दीपक कुमार, शंकर कुमार, सागर कुमार, प्रदीप अग्रवाल, रकी अग्रवाल, तनु उपाध्याय, संजय मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

### श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ आज से

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री प्राचीन मां पंच बहिनी मंदिर विकास समिति लबगा के तत्वाधान में श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। महायज्ञ को ले पूरा इलाका भक्तिमय हो उठा है। 11 दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ 24 अप्रैल को जल यात्रा से होगा। पतरातू डैम फाटक के बगल में भव्य हनुमान मंदिर बनकर तैयार है। समिति के लोग जनसम्पर्क अभियान चलाकर श्रद्धालुओं से महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागीदार बनने की अपील कर रहे हैं। समिति के लोगो ने बताया की महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या 6 बजे आरती के बाद प्रवचन, रास-लीला के साथ साथ भंडारा होगा। पंडित सह आचार्य शशि मिश्रा के देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे। महायज्ञ की सफलता को ले सरंक्षक रंजीत यादव व दीनानाथ साहू, अध्यक्ष नन्दलाल महतो, कार्यकारी अध्यक्ष बादल पाहन, सचिव सुरेश गोप, कोषाध्यक्ष कैलाश मुंडा, संयोजक रामेश्वर गोप, उप संयोजक छठु प्रसाद, सह संयोजक डोमन महतो, उप कोषाध्यक्ष संदीप यादव, उपाध्यक्ष मनोज यादव, विजय साव, दिलीप साव, लखन मुंडा, अभिषेक नागवंशी, कन्हैया, सागर मुंडा नीरू देवी, मंजू देवी, अनिता देवी आदि जुटी हैं।

# भू-अर्जन विभाग की कार्यशैली से रैयतों को हो रही है परेशानी

**मुआवजा के लिए रैयत लगा रहे हैं कार्यालय का चक्कर**



**बरही।** एनएच चौड़ीकरण में तिलैया रोड के कई रैयतो को अब तक अधिग्रहित जमीन की मुआवजे की भुगतान नही किया गया है। मनोज केसरी ने बताया कि एनएचएआई के द्वारा मनमानी तरीके से सड़क चौड़ीकरण के दौरान जमीन की मापी की गई।साथ ही जमीन की उपयोगिता को नजरंदाज करते हुए मुआवजा की राशि तय कर दी गयी।जिसमे अधिग्रहण के दौरान रिश्वत के आधार जमीन की मुआवजा की राशि तय किया गया।जिसके कारण रैयतों में आक्रोश व्याप्त है।इस बाबत रैयतों ने अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों के पास लिखितरूप से शिकायत किया।परंतु कोई समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि एनएचएआई के अनुसार मुआवजा राशि भुअर्जन कार्यालय को दिया दिया जा चुका है, परंतु जिला भुअर्जन पदाधिकारी विनोद सिंह के अनुसार मुआवजा राशि समय से नहीं लेने के कारण कोर्ट को सुपुर्द कर दिए है। जबकि इस संबंध में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। कोर्ट के अनुसार कोई भी राशि अब तक कोर्ट में जमा नहीं हुई है, इससे संबंधित कार्यालय ही भुगतान करेंगे। उक्त बातें रैयत मनोज केशरी ने कहा है। रैयत पूरी तरह हताश हो चुके हैं, न्याय के लिए सभी जगह चक्कर लगा रहे हैं परंतु कहीं से भी उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सरकार तथा संबंधित पदाधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित न्याय की गुहार लगाई है।

# राष्ट्रीय सेवा मंच ने दर्जनों गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, प्रो. रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल, समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच जलेबी, चना व ठंडे शरबत का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य होता है। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। उन्होंने बताया कि गर्मी को देखते हुए भोजन के साथ-साथ गरीबों को ठंडा शरबत भी पिलाया गया जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में ड जयश्री मेहता, जय प्रकाश पांडेय, लालू उरांव, दिलीप गंझू, रेणुका देवी, संजीव सिन्हा, लखन राम, सुकरा उरांव आदि का विशेष योगदान रहा।

# झरपो राजगढ़ भुइंया टोला में पेयजल संकट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**आठ महीने से चापानल से एक भी बूंद नहीं निकल रहा है पानी**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत के राजगढ़ भुइंया टोला एक बहुत ही गरीबी और लाचार लोग रहते है। इन दिनों भीषण गर्मी में पेयजल के संकट से जूझ रहे है। यहां चापानल पीने पानी के लिए था। लेकिन दुर्भाग्य पूर्ण बात है कि विगत कुछ वर्ष पहले यहां चापानल के समीप पानी की टंकी बनाया गया था ।

किस विभाग से बनाया गया इसके बारे में मुहल्ले वासी कहते हैं कि हमलोगों को नहीं मालूम है और ना ही कही विभाग का उल्लेख किया गया है। चापानल के अंदर पूर्व में मोटर डालकर टंकी में पानी भंडारण कर मुहल्ले वासियों को दिया जा रहा था। लेकिन वर्तमान में लगभग 8 महीने से चापानल से एक भी बूंद पानी नही निकल रहा है। इसी चापानल से लगभग मुहल्ले के सभी लोग पेयजल स्नान रसोई समेत अन्य उपयोग के लिए चापानल से जल का इस्तेमाल करते थे। चापानल खराब होने से लोगो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मुहल्ले वासियों में संजय भुइंया,टेको महतो, टुनू भुइंया,विकास कुमार ,बसंती देवी,मुनिया देवी,फागुनी देवी,मालती देवी ,भीखन भुइंया ने यह भी कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए वर्तमान मुखिया शिबू प्रसाद सोनी को कई बार बोले लेकिन उन्होंने सिर्फ मरम्मती के लिए आश्वासन दिया जो अब तक मामले को लेकर संज्ञान में नहीं लिया। जब भोट का समय आता है तब मुखिया प्रत्यासी नेता मंत्री विधायक बड़े बड़े आश्वासन बिजली पानी रोजगार आवास समेत अन्य बाते कहकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार की गाड़ी घुमाते हुए मतदान करने का अपील करते है। जब जो प्रत्यासी जीत जाते है तो हाल चाल भी लेने नही आते है। समस्याओं को बताने पर चुप्पी साध लेते है।

## एक नजर में

### केरेडारी में हर्षोल्लास के साथ मनी ईद



केरेडारी । केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में ईद उल फितर का त्योहार शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने नमाज अदा की व अमन चैन की दुआएं मांगी। शुक्रवार की शाम चांद दिखाई देने के साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू कर दिया। ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खूब उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मस्जिदों के आसपास रौनक देखने को मिली। जमा मस्जिद पाण्डु में सुबह 8 बजे नमाज अदा की गई। लोगों ने नमाज अदा कर दुनिया में अमन चैन की दुआएं मांगी। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में इस बार भीषण गर्मी रही। हलक सुखाने वाले तेज पछुआ हवाओं और बिजली कटौती के बीच पूर्वी हवा के उमस भरे दिन के बावजूद इस पवित्र रमजान माह में रोजा रखने वालों की कोई कमी नहीं रही। काफी शिद्दत के साथ बच्चों सहित वृद्ध लोगों ने रोजा रखा और नमाज अदा की है। कई बार धैर्य की अग्नि परीक्षा देते हुए लोगों ने शुक्रवार की संध्या ईद के चांद का दीदार करने के उपरांत शनिवार को ईद मुबारक मनाया। इस बीच पूरे उत्साह के साथ लोग ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद मुबारकबाद देते नजर आए।

### इचाक : किड्स गार्डन प्ले स्कूल का उद्घाटन



**इचाक।** कुरहा के बोधीबागी मे टी एम किड्स गार्डन प्ले स्कूल का उद्घाटन मुखिया संगीता देवी एवं पंचायत समिति सदस्य केदार प्रसाद मेहता ने फीता काटकर विधिवत रूप से किया।स्कूल का संस्थापक टिंकू मेहता हैं। उन्होंने कहा कि कोई शक नहीं कि आने वाले कुछ ही दिन में हम शहर के जैसा एजुकेशन देने में कामयाब होंगे। उन्होंने बताया कि हमारे बच्चे आज शिक्षा लेने के लिए गांव से निकलकर शहर के तरफ दौड़ रहे हैं क्योंकि गांव में एक अच्छी शिक्षा की कमी है इसीलिए लोग अपने बच्चों को गांव से शहर की ओर ले जा रहे हैं लेकिन बहुत कम ही समय में हम इस प्ले स्कूल में बच्चों को एक अच्छी शिक्षा देंगे और इसका रिजल्ट आप सबों को जल्द देखने को मिलेगा। उद्घाटन समारोह मे अविनाश कुमार राकेश मेहता, मुनेन्द्र मेहता, रामा मेहता, दिनेश्वर मेहता, लीलो मेहता गोविंद मेहता, कैलाश मेहता, सुभाष मेहता, पंकज राजेंद्र मेहता मेहता, सतीश मेहता, सीकेंदर मेहता , सच्चिदानंद पाण्डेय, राजू, राजेश, छोटन पाण्डेय, अन्य हजारो ग्रामीण एवं बच्चे उपस्थित थे ।

### रोशनलाल चौधरी ने दी ईद की बधाई

केरेडारी। आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों से गले मिलकर दी ईद-उल-अजहा की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस त्योहार को मेल-जोल, आपसी भाईचारा व सदभाव के साथ मनाने की अपील की , और हिंदू एवं मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों को बधाई दी। आजसू केंद्रीय महासचिव सह विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी द्वारा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखण्ड के ग्राम पाण्डु, कावेद,पेटो, केरेडारी आदि गांव व मोहल्लों में घूमकर ग्रामीणों को बधाई दी गई। जिसमें पाण्डु पंचायत के मुखिया व इकरार अली के आवास पर आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल ने गले मिलकर बधाई दी। इस मौके पर पूर्व मुखिया रब्बानी मियां,उपमुखिया प्रतिनिधी अनील राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधी मोहम्मद समीम, इकरार अली, साहबान मियां,रियाज मियां, अरविंद सिंह, कुलेश्वर ठाकुर, भोला महतो, संजर रजा, मो. कैश, मो. इनायत, मो. तसलीम, मो. इरफान, मो. नोसाद, मो. जिबरेल, आबादत अली , अवधेश कुमार आदि दर्जनों लोग शामिल हुए।

### पीएम आवास में घालमेल, हो जांच : किशोरी राणा



**कटकमदाग।** नव झारखंड फॉउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कटकमदाग प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत डेंगुरा पंचायत में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से बात चीत कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।उन्होंने पाया कि ढेंगुरा पंचायत कि अत्यंत गरीब महिला मरियम खातून पति एम.डी. साबिर का मकान कि हालत ऐसी देखने को मिल रही है कि पुरे परिवार कि जिंदगी ईस्वर भरोसे टिक रही है। इनकी पीएम आवास वर्ष 2017-2018 में ही जनगणना में लिस्ट में नाम जोड़ा गया था लेकिन जनप्रतिनिधियो को चढ़ावा नही मिलने के कारण आज तक पीएम आवास से वंचित रखा गया है। इस पंचायत में वैसे लोगो को भी आवास दिया गया जो परिपूर्ण लोग है जो गहन जाँच की विषय है। ग्रामीणों से पूछे जाने के बाद मुखिया एंव उपमुखिया टाल मटोल करते आ रहे है, । ग्रमीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिना चढ़ावा का कुछ भी काम नही किया जाता । श्री राणा ने प्रखंड पदाधिकारी से जांच करने की अपील की है। ओर आवश्यक व्यक्ति जिनको मकान की आवश्यकता है उन्हें ही पीएम आवास का लाभ मिले।

### राम चरित्र मानस महायज्ञ को लेकर बैठक

चरही। रविवार को सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के प्रेम नगर कॉलोनी में 9 दिवसीय श्री-श्री 108 राम चरित्र मानस महायज्ञ को लेकर दूसरी बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 8 मई से महायज्ञ का शुरुआत किया जाएगा। इसके लिए रविवार को ध्वजारोहण,भूमि पूजन और नगर भ्रमण किया गया। साथ ही क्षेत्र में मांस मदिरा बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। महायज्ञ विधिवत सफल बनाने के लिए कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष परेज पीओ एसी डे, उपाध्यक्ष तापी नार्थ पीओ एमपी सिंह, आरआरडब्ल्यू पीओ, सचिव मंगल सिंह, उपसचिव वशिष्ठ नारायण सिंह, सुशील सिंह, कोषाध्यक्ष भानु जी,सह कोषाध्यक्ष रामचंद्र मिस्त्री और बैजनाथ राम को चयन किया गया।

### तेज हवाओं के साथ जमकर गिरे पत्थर

दारू। रविवार दोपहर मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ जमकर बारिश हुई। बारिश के साथ काफी देर तक आसमान से पत्थर भी गिरते रहे जिससे मौसम बेहद खुशनुमा हो गया और लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली। झुमरा और दारू चौक के दुकानदार तेज हवाओं के कारण थोड़ा परेशान नजर आये , दुकान के बाहर रखा उनका समान हवाओं के साथ उड़कर दूर जाकर गिरने लगा जिसे बड़ी मसक्कत के बाद उठाकर दुकानदार अपने दुकान के अंदर ले गए। प्रचंड गर्मी से परेशान लोगों को बारिश के बाद काफी राहत मिली है पर साथ ही उन्हें बदलते मौसम के कारण तेजी से फैल रही बीमारी का भी डर सताने लगा है कुछ दिनों से डॉक्टर की क्लीनिक, स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल की दुकानों में काफी संख्या में लोग इलाज कराते या दवा खरीदते हुए नजर आ रहे है।

## स्पीड न्यूज

### जेलहाता की मनोरमा ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**मेदिनीनगर।** शहर के जेलहाता निवासी मनोरमा कश्यप ने जिले के एसपी चंदन सिन्हा से अपने बेटे राजू कश्यप की मौत मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मनोरमा ने आवेदन में कहा है कि पुत्र राजू कश्यप की मृत्यु मानसिक प्रताड़ना के कारण जनवरी में हुई है। उन्होंने कहा कि इस घटना के पीछे दादा विजय कश्यप के भाईयों का हाथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पति द्वारा बेटे को बहला फुसलाकर अपने गांव हैदरनगर ले जाया गया। जब बेटा वहां से लौटा तो मुझे बताया कि वह प्रताड़ना का शिकार हुआ है। मनोरमा ने कहा कि मेरा बेटा होनहार था। उसने बंगलोर से पढ़ाई की थी। इसके बाद वर्ष 2009 में उसकी शादी हुई थी। गोतिया के षडयंत्र के कारण बेटे की शादी टूट गई। लड़की वालों ने मेरे बेटे पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। गोतिया परिवार के नकारात्मक रवैया के कारण बेटे की मृत्यु हो गई। बेटे की मृत्यु के बाद मनोरमा थाना की चक्कर लगाई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पलामू एसपी से पुत्र की संदिग्ध हुई मौत मामले की जांच कराकर इसमें शामिल आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### परशुराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा को सफल बनाने पर सभी को दी बधाई



**मेदिनीनगर ।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को सफल बनाने में योगदान करने वाले सभी लोगों का राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने आभार व्यक्त किया है। शोभायात्रा आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी( पिंकू तिवारी)के द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि टेंट हाउस के सभी कर्मचारी,बिद्युत व्यवस्थापक,खाना बनाने वाले सभी कारीगर,बाहर से आए हुए सभी कलाकार,पेयजल उपलब्ध कराने वाले सभी लोग का राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी दिल से उन सभी का आभार व्यक्त करती है जिन लोगों ने अपने अपने योगदान से शोभायात्रा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। श्री तिवारी ने जिला प्रशासन को भी शोभायात्रा सफल बनाने में योगदान देने व विधि व्यवस्था बनाने के लिए आभार व्यक्त किया है। युवा वाहिनी ने पलामू प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से आए सभी आगुंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि समाज ने अपनी पूरी सहभागिता दिखाते हुए युवा वाहिनी के कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपा है। श्री तिवारी ने के कहा कि सामाजिक दायित्व निभाने के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय,प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी समेत युवा वाहिनी के सभी पदाधिकारी व सभी सदस्यों का विशेष आभार व्यक्त किया है जिन्होंने कड़े परिश्रम से शोभायात्रा को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।

### महानायक थे बाबू वीर कुंवर सिंह

**छतरपुर पलामू ।** नगर पंचायत के कोयल क्यूमनीटी हॉल परिसर में रविवार को बाबू बीर कुंवर सिंहजी की जयंती सह विजयोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षत्रिय जागृति मंच के संस्थापक प्रेमतोष कुमार सिंह और नौडीहा पंचायत के मुखिया हरेंद्र सिंह ने कुंवर सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया । सभा का संचालन गुडु सिंह ने किया। छतरपुर इलाके के क्षत्रिय समाज के लोग शामिल थे। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बाबू बीर कुंवर सिंह कुशल सेनापति और महानायक थे। कहा कि समाज के वैसे लोग जो आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी का दंश झेल रहे है या और कई प्रकार के सामाजिक उत्पीड़न का शिकार होते है वैसे लोगों को सहयोग करने का संकल्प लें तभी कुंवर सिंह का सच्ची श्रद्धांजली दिया जा सकता है । वक्ताओ ने उनकी जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कुंवर सिंह ने 80 वर्ष के आयु में भी अंग्रेज के दांत खट्टे कर दिए थे हम उन महापुरुष के वंशज है तो हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि अपने देश और समाज के लिए कुछ करे । कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को सभा के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । मौके पर अरविंद सिंह, विश्वनाथ सिंह, कामख्या सिंह, बैडनाथ सिंह,निरंजन सिंह, अनिल सिंह, दीपू सिंह,अनूप सिंह, कुंजू सिंह, सिंटू, सोनू,मोनू,शनि, अमित समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

### दानवीर भामाशाह की आदमकद प्रतिमा लगाया जाये : सीटू गुप्ता



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय तेली साहू महासभा पलामू के तत्वाधान में पलामू महिला जिलाध्यक्ष के आवास पर भामाशाह की जयंती समारोह मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता महिला जिलाध्यक्ष सीटू गुप्ता ने की। समारोह के मुख्य अतिथि दुर्गा प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि शशि भूषण प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए सीटू गुप्ता ने कहा कि तेली जाति का इतिहास गौरवमयी रहा है तभी तो भारत में दानवीर की उपाधि दो ही लोगों को मिली है प्रथम महाभारत के राजा कर्ण तथा दूसरा उपाधि दानवीर की भामाशाह को मिली। कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष ने भामाशाह की आदम कद प्रतिमा का प्रस्ताव रखा एवं सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुई। महासभा ने महापौर अरुणा शंकर से दानवीर भामाशाह जी की आदमकद प्रतिमा मेदिनीनगर के किसी मुख्य चौक पर लगवाने की मांग की। समाज के जिलाध्यक्ष शशि भूषण गुप्ता ने दानवीर भामाशाह जी की जयंती पर प्रकाश डाला। मौके पर पूर्व अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद ने राष्ट्रभक्त दानवीर की जीवनी पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और उनकी बहादुरी राष्ट्रभक्ति के बारे में बताया। मौके पर विनय कुमार मोती, सतीश प्रसाद, सुनील प्रसाद, सुरेंद्र गुप्ता, अनिल प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, कमल किशोर, रवि शंकर गुप्ता मंजू देवी, रेखा देवी, सुलेखा गुप्ता, दुलारी देवी समेत शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### एडु-केयर में करियर कॉउंसलिंग सह विदाई समारोह का आयोजन



**छतरपुर पलामू।** बारा रोड स्थित एडु–केयर कोचिंग सेंटर में करियर कॉउंसलिंग सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया । विदाई समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि युवा समाज सेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार, संस्थान के संचालक धर्मेंद्र सिंह, जय प्रकाश, श्रीराम चौधरी, चन्दन कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के छात्र अरविंद ने किया। समारोह में 12वीं और ग्रेजुएशन साइंस वर्ग के छात्रों को विदाई दी गई । इस अवसर पर छात्रों को उपहार दे कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि संस्थान पूरी मजबूती के साथ छात्रों को शिक्षित बनाने में जुटा है । उनका लक्ष्य है कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे पाएं। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि एडु–केयर संस्थान इलाके में शिक्षा का दीप जला रहा है। आज छात्रों को बहुभाषी और मल्टी–टैलेंटेड होने की आवश्यकता है ताकि आज के प्रतिस्पर्धा भरी दुनिया में वे खुद को स्थापित कर पाएं। अरविन्द ने छात्रों को सफलता के कई टिप्स भी दिये। वहीं सांसद प्रतिनिधि जितेंद कुमार ने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक जय प्रकाश, नागेंद्र कुमार, अरविन्द कुमार, पंकज कुमार, अनुज ठाकुर सहित सैकड़ो छात्र छात्राएं मौजद थे।

---

## तोलरा रामानुज उच्च विद्यालय के प्रांगण में कवि सम्मेलन सह सेमिनार आयोजित

# आज की पत्रकारिता चुनौतियां से है भरा : डॉ ईश्वर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू) ।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा ग्राम स्थित रामानुज उच्च विद्यालय के प्रांगण में कवि सम्मेलन सह सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी , झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, नीलकमल शुक्ला, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, बसपा नेता अभिमन्यु सिंह, राजद नेता पप्पू सिंह, कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रमुख रंभा देवी, मुखिया रोहित तिवारी, मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी, गांव डीपी शुक्ला, सेठ चौबे आदि ने संयुक्त रुप से फिता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार योगेंद्र मिश्रा व संचालन पत्रकार रामनिवास तिवारी ने किया। मौके पर भाजपा नेता डा ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने कहा कि वर्तमान पत्रकारिता चुनौतियों से भरा पड़ा है।

आज के परिवेश में पत्रकारिता करना बहुत ही कठिन काम है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से लोग पांच मिनट में रिजल्ट प्राप्त कर रहे हैं। उस परिवेश में पत्रकारिता करना बहुत ही संघर्षशील कार्य है। सभी अपना पक्ष व उपलब्धि देखना और सुनना चाहते हैं। ऐसा नहीं होने की स्थिति में पत्रकार आंखों की कांटे बन जाते हैं। मौके पर बसपा नेता अभिमन्यु सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता हैं। सच को सामने लाने पर लोगों का दुश्मन बन जा रहे हैं । ऐसे में पत्रकारिता बहुत कठिन परिस्थितियों से गुजर पड़ रहा है। केवल कहने मात्र के लिए हीं लोकतंत्र का पत्रकार चौथा स्तंभ माना जाता है। ऐसे में पत्रकार स्वयं सुरक्षित व जागरूक होकर हीं कार्य करें। सबों ने पत्रकार हित में कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराई।

---

# जिला प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दिलायी गयी शपथ

## आपसी सहयोग से एसोसिएशन को मजबूत बनायें : विनोद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बाईपास रोड स्थित ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल परिसर में पलामू जिला प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई । सभी पदाधिकारियों ने शपथ लेते हुए एसोसिएशन को आगे बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास करने की बात कही। एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि एसोसिएशन के सदस्यों ने जिस उम्मीद के साथ उन्हें जिम्मेवारी सौंपी है उस पर खरा उतरने के लिए वें निरंतर सक्रियता के साथ काम करेंगे। प्राइवेट स्कूल के समस्याओं के समाधान के लिए बुलदी के साथ आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के सहयोग से एसोसिएशन को और मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष- इजराहुल हक अंसारी, सचिव-विमल कुमार, सहसचिव- पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष- उदय कुमार सुमन, संगठन सचिव- शशि रंजन मिश्र, कार्यालय सचिव- राजीव रंजन दुबे, मीडिया प्रभारी- राजन पांडेय, संरक्षक- विनोद कुमार गुप्ता, रजनीकांत पाठक, रविंद्र कुमार तिवारी , विकास कुमार, चंदन पासवान, धनंजय पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे। अध्यक्ष ने बताया कि एसोसिएशन की अगली बैठक 20 मई को रेड रोज पब्लिक स्कूल शाहपुर में होगी।

---

# आशी केयर हॉस्पिटल में हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन

## चिकित्सकों ने 141 रोगियों को दिया निःशुल्क परामर्श

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी रोड रेड़मा स्थित आशी केयर हॉस्पिटल में हृदय रोग जाँच शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बिट्टू सिंह, अविनाश वर्मा, अविनाश देव, ब्राइटलैंड स्कूल निदेशक रंजीत राय एवं रागिनी राय तथा डॉ पंकज प्रभात, डॉ साकेत कुमार,डॉ कादिर, डॉ रेणु यादव, डॉ चर्चिल बॉयज, डॉ मिथलेश, डॉ अमित मिश्रा ने द्वीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से किया । मौके पर सभी का स्वागत डॉ राहुल एवं मनीष तिवारी ने पुष्पगुच्छ देकर किया। शिविर में सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज प्रभात कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ साकेत कुमार द्वारा दिल से संबंधित सभी रोग जैसे हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर, वाल्ब की समस्या, दिल मे छेद, सीने में दर्द, भारीपन, सांस फूलना, चक्कर या बेहोशी आना,धड़कन का तेज होना, जल्दी या ज्यादा थकान होना के कुल 141 रोगियों का जांच कर निःशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर में पांकी के पूर्व विधायक बिट्टु सिंह ने कहा कि यह शिविर गरीबों व असहाय लोगों के लिए लाभप्रद साबित होगा। उन्होंने ऐसे शिविर के आयोजन के लिए आशी केयर हॉस्पीटल प्रबंधन को बधाई दी। शिविर में निदेशक अमितेश पांडेय ने बताया कि कोरोना के प्रकोप के बाद आज के समय में हृदय रोग की जाँच अत्यंत ही जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया है । कहा कि शहर में कोई हृदय रोग विशेषज्ञ न रहने के कारण बहुत से लोगो को शहर से बाहर जाना पड़ता है जो कि अब नहीं जाना पड़ेगा।

---

# वीरकुंवर सिंह की मनी जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**पड़वा पलामू ।** पड़वा प्रखंड क्षेत्र के पाटन मोड़ पर रविवार को देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती धूमधाम से मनाया गया। पूर्व मंत्री सुधा चौधरी सहित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह, जिला महामंत्री महाराणा प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से बाबु वीरकुंवर सिंह के प्रतिमा पर पुष्प व माला अर्पित किया। मौके पर पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह आजादी की लड़ाई की शुरूआत सन 1857 से हुई। वे 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे। वे अन्याय विरोधी व स्वतंत्रता की लड़ाई के कुशल सेना नायक थे। उन्हें 80 वर्ष की उम्र में भी लड़ने तथा विजय हासिल करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इनके जयंती मनाने की सार्थकता तभी सिद्ध होगा जब हम इनके जीवनी और इनके बताए आदर्शो को आत्मसात कर उनके बताए रास्ते पर चलेंगे। समाज और देश को बचाने के लिए युवाओं में इनके जैसा जोश लाने की जरूरत है। समाज मे परिवर्तन लाने के लिए सबको मिलकर चलना होगा। पूर्व मंत्री सुधा ने कहा कि महापुरुषों का कोई जाति नहीं होता जाति धर्म से ऊपर उठकर महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह ने देश की आजादी के लिए अपने जान को न्योछावर कर दिया लेकिन अंग्रेजो की गुलामी स्वीकार नहीं की। महापुरुषों के जयंती पर इन्हें याद करने और इनके विचार, आदर्श को अपनाने की जरूरत है।

---

# आंधी में गिरा लिप्टस का पेड़, दो मकान क्षतिग्रस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत रामपुर गांव मे आंधी से लिप्टस का एक विशालकाय पेड़ उखड़ कर मकान के ऊपर जा गिरा जिससे दो मकान क्षतिग्रस्त हो गये । गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की जान माल की हानि नहीं हुई । भुक्तभोगी संगीता देवी तथा मैत्री देवी ने बताया कि तेज आंधी के कारण पेड़ टूटकर कर मकान पर गिर गया । जिसकी चपेट में आने से उक्त दोनों का मकान क्षतिग्रस्त हो गया । संगीता देवी के कच्चा खपरैल घर का छज्जा टूटने के साथ ही दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गये । उसके मकान से सटे मैत्री देवी का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया । वहीं पंचायत समिति सदस्य शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ शीलू सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही पीड़ितों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया । पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि अंचल पदाधिकारी को इसकी सूचना दी गई है । पीड़ित परिवार को सीओ से आर्थिक मदद दिलवाने की मांग की जाएगी ।

---

## हुसैनाबाद में क्षत्रिय जागृति मंच ने विजय उत्सव मनाया

# कुंवर सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में जगदीशपुर को अंग्रेजों से मुक्त कराया : कर्नल संजय

## कई प्रबुद्ध लोगों ने किया माल्यार्पण, अनुमण्डल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र में 23 अप्रैल को 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं 80 वर्ष की उम्र मेंअंग्रेजों से लोहा लेने वाले बाबू वीर कुंवर सिंह के सम्मान में विजय दिवस मनाया गया । कार्यक्रम अनुमंडल के सभी प्रखंडों में संपन्न हुआ । सबसे पहले अनुमंडल मुख्यालय परिसर में स्थापित बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर क्षत्रिय जागृति मंच के तत्वधान में माल्यार्पण कार्यक्रम किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक राम सिंह ने की। मौके पर भाजपा नेता डॉ संजय कर्नल ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 80 वर्ष के योद्धा ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में जगदीशपुर को अंग्रेजों के कब्जे से आजाद कराया था। और वहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। कुंवर सिंह 1857 की क्रांति के ऐसे नायक थे। जिन्होंने अपनी छोटी-सी रियासत की सेना के दम पर आरा से लेकर रोहतास, कानपुर, लखनऊ, रीवां, बांदा और आजमगढ़ तक में अंगरेजी सेना से निर्णायक लड़ाइयां लड़ीं।और कई जगह जीत हासिल की थी। वही प्रोफेसर संजय कुमार सिंह ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह ने 23अप्रैल को,घायल होने के बाद भी उन्होंने ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपनी सेना की मदद से जीत हासिल की। मौके पर प्रेमतोष सिंह बालकेश्वर सिंह,रामप्रवेश सिंह,हीरा सिंह,संजय सिंह,डीके सिंह, उमेश सिंह,उदय सिंह ,राजीव सिंह उर्फ डबल सिंह,बच्चा सिंह, भानु सिंह, नीरज, रवि रंजन सिंह,जगनारायण बैठा,आदि लोग मौजूद थे । वहीं हैदरनगर प्रखण्ड के ग्राम चेचरिया में नागेंद्र सिंह के आवास पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह ने किया । राजा सिंह देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे । मोहम्मद गंज के देवी मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम किया गया जिसका नेतृत्व भाजपा नेता सीबी रमन सिंह,महेंद्र सिंह पिंटू सिंह राकेश सिंह बलकेश सिंह आदि ने किया।

---

# सीएचसी में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बिश्रामपुर (पलामू) ।** बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों को चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति ने पर्यावरण संतुलन हेतु पौधा लगाने और संरक्षित करने का शपथ दिलाया। इसके आलावा सीएचसी परिसर में पौधारोपण भी किया गया। लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन एम पी डब्लू मिथलेश दुबे ने किया। सीएचसी के सभागार में परिवार कल्याण दिवस भी मनाया गया। जिसका उदघाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सीमित परिवार और बच्चो के बीच तीन साल तक का अंतर रखने वाले दर्जनों परिवारों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति ने कहा कि परिवार कल्याण दिवस का उद्देश्य गुणवतापूर्ण परिवार नियोजन सेवाओं को बढ़ावा देना तथा मातृ व शिशु स्वास्थ पर लोगो को जानकारियां उपलब्ध कराना है। इसके अलावा परिवार नियोजन की भ्रांतियों को दूर करना भी है.उन्होंने कहा कि दो बच्चो के जन्म में कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखने से उनका बेहतर पालन पोषण हो सकता है। बच्चों के बीच अंतर के लिए परिवार नियोजन कीट का उपयोग करना चाहिए। मौके पर पीरामल फाउंडेशन के तमन्ना झा, प्रोग्राम लीडर निलेश कुमार ,लेखापाल पंकज सिंह, अनिल पासवान, इसरार हवारी, अरविंद पाल, आदित्य पाल,रूनी कुमारी, प्रतिमा कुमारी, अरविंद पाल सहित कई लोग मौजूद थे।

---

### बच्चा चोर जैसी अफवाहों पर ध्यान न दें, सूचना पुलिस को दें

**उंटारी रोड पलामू।** जिले में बच्चा चोर की अफवाहों को लेकर उंटारी रोड थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो थाना क्षेत्र के जोगा, करकटा, डेवडर, बिंदुआ, मुर्मा, सहित सभी गाँवों मे घूम कर लोगोँ को जागरूक किया ।बच्चा चोर जैसी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और संदिग्ध की सूचना थाना को देने की अपील किया। उन्होंने कहा कि बच्चा चोर जैसा कोई गिरोह सक्रिय नहीं है अगर को संदिग्ध दिखता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। संदिग्ध के साथ मारपीट या, लिंचिंग करना अपराध है।

---

# संदेहास्पद स्थिति में मिला शव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जूरू पंचायत के जयतुखाड़ खेत में जूरू निवासी राम जन्म सिंह 60वर्ष पिता स्व जंगबहादुर सिंह की मौत संदेहास्पद स्थिती में हो गई। परिजनों का कहना है कि शनिवार की शाम में वे घर से निकले थे उनका मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं था। इधर शव मिलने की सूचना जुरु पंचायत के मुखिया पति कृष्णा पासवान के द्वारा लेस्लीगंज थाने को दी गई । जिसके बाद लेस्लीगंज थाना के एस आई बिट्टू कुमार , रंजीत कुमार साव अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम करा कर शव को उनके परिजनो को सौप दिया । इधर मृतक के परिजनो का रो रो के बुरा हाल है।

---

# डीएलएड में एलिट बीएड कॉलेज की छात्रा अर्चिता बनी प्रमंडल टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा डीएलएड सत्र 2020-22 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा परिणाम में पलामू प्रमंडल में एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज की छात्रा अर्चिता ने 1214 अंक प्राप्त कर पलामू प्रमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 1205 अंक प्राप्त कर कॉलेज की छात्रा पूनम कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस परीक्षा परिणाम पर कालेज के चेयरमैन डॉ आरपी सिन्हा ने कहा कि छात्रों की मेहनत एवं शिक्षकों के प्रयास से यह परिणाम प्राप्त करने में छात्र सफल रहे हैं। उन्होंने उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जगदंबा सिंह ने कहा कि विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी छात्रों के परीक्षा परिणाम या दशार्ता है कि महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत छात्र ही सर्वोच्च अंक प्राप्त करने में सफल रहे हैं। लगातार तीन वर्षो से महाविद्यालय प्रमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल हो रहा है। इस परिणाम को सतत बनाए रखने में शिक्षकों एवं छात्रों का मेहनत प्रमुख रहा है। इस परीक्षा परिणाम से महाविद्यालय के सभी शिक्षक बहुत ही खुशी है। बच्चों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

---

# प्रतिष्ठान खुलना क्षेत्र के विकास का प्रतीक : नामधारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर / चैनपुर ।** मेदिनीनगर में लगातार 25 वर्षों से इलेक्ट्रॉनिक्स के दुनिया में विख्यात रतन इलेक्ट्रॉनिक का दूसरा शोरूम अब चैनपुर में रविवार को खुला। चैनपुर वासियों के लिए रतन इलेक्ट्रॉनिक ने तोहफा दिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी और उनके पुत्र दिलीप सिंह नामधारी ने फीता काटकर रतन इलेक्ट्रोनिक का उदघाटन किया। मौके पर पूर्व स्पीकर श्री नामधारी ने कहा कि चैनपुर जैसे क्षेत्र में रतन इलेक्ट्रॉनिक जैसे प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान का शोरूम खुलना चैनपुर के विकास का प्रतीक है। इससे चैनपुर वासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने शोरूम प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर प्रेम सिंह नामधारी व हरजी नामधारी को शुभकामना दी। इस अवसर पर रतन इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर प्रेम सिंह नामधारी और हरजी नामधारी ने कहा कि अब चैनपुर वासियों और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों को इलेक्ट्रोनिक्स सामग्री खरीदने मेदिनीनगर जाने की जरूरत नहीं है। उनके इलेक्ट्रॉनिक सामान के जरूरत का हर सामान एक छत के नीचे फाइनेंस सुविधा के साथ बिना ब्याज के उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि रतन इलेक्ट्रॉनिक्स ग्राहकों की हर खरीदारी पर कूपन देगा और निश्चित इनाम भी मिलेगा। प्रतिदिन लकी ड्रा निकाला जाएगा और लोगों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। मौके पर समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी, इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक सह झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी, समाजसेवी परवेज अख्तर, रतन सिंह नामधारी व साहब सिंह नामधारी समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 30 को मन की बात बूथ स्तर पर आम जनों को सुनायेगी भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो पर प्रसारित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण को लेकर भाजपा विशेष तैयारी कर रही है। रविवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक बिस्टुपुर स्थित चैम्बर भवन सभागार में सम्पन्न हुई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा के जिलाध्यक्ष समेत महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में आगामी 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण को सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी बनाने हेतु जमशेदपुर महानगर के सभी बूथों पर आमजनों के संग श्रवण सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान कदमा एवं जुगसलाई उपद्रव में राज्य सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन द्वारा की गई एकपक्षीय एवं विद्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में गठित सर्वजन हिन्दू समिति के जारी आंदोलन में प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर रणनीति बनाई गई। इसके साथ ही, बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत सभी बूथों की नवगठित समिति की सूची मंडल अध्यक्षों के द्वारा जमा की गई। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का जमशेदपुर महानगर के सभी बूथों पर प्रसारण किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम को लेकर उत्साहित भाजपा कार्यकर्ता अधिक से अधिक आमजनों को जोड़कर 'मन का बात' कार्यक्रम का श्रवण करेंगे। उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी अपने 'मन की बात' नहीं, देश के मन की बात करते हैं। जिसमें वे राजनीतिक नहीं बल्कि संस्कृति, संस्कार, सामाजिक सरोकारों से जुड़ी बातों को पूरे देश के समक्ष रखते हैं। गुंजन यादव ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बूथों की नवगठित बूथ समिति के कार्य पूर्ण होने पर मंडल अध्यक्षों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को बूथ समिति की सम्पूर्ण सूची भाजपा झारखंड प्रदेश को सत्यापन हेतु भेजी जाएगी। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने पिछले दिनों कदमा एवं जुगसलाई में हुए सांप्रदायिक उपद्रव में राज्य सरकार के इशारे पर निर्दोष भाजपा कार्यकर्ता एवं विहिप के कार्यकताओं को बिना जांच-पड़ताल किये गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने को तुष्टिकरण की पराकाष्ठा बताया। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की पोषक झामुमो एवं कांग्रेस गठबंधन सरकार ने हमेशा से ही हिंदुओं की आस्था को कुचलने का प्रयास किया है। पिछले दिनों हुई घटना में प्रशासन ने मौके पर मौजूद नहीं रहने वाले भाजपा कार्यकताओं व आमजनों को बिना जांच किए पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर राज्य सरकार के इशारे पर नाम जोड़कर उन्हें फंसाया और गलत तरीके से गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया। जिन युवाओं के हाथों में कलम थे, उन्हें हथकड़ी पहनाकर जेल भेजा गया। राजनीतिक विद्वेष की भावना से ग्रसित राज्य सरकार के इशारे पर आनन फानन में प्रशासन के द्वारा लिए गए गलत निर्णय, गलत गिरफ्तारियां और गैर-जमानतीय धाराओं का उपयोग कर निर्दोष लोगों को फँसाने का जो कार्य किया गया है, उसका भाजपा जमशेदपुर महानगर इसका पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड प्रदेश नेतृत्व इन मामलों पर पहले दिन से अपनी नजर बनाई हुई है। प्रदेश के निदेर्शानुसार भाजपा जमशेदपुर महानगर ने निर्दोष भाजपा व विहिप कार्यकताओं के साथ जेल भेजे गए आम नागरिकों की रिहाई एवं उनके हक की लड़ाई में सर्वजन हिन्दू समिति के साथ जारी आंदोलन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। बैठक के दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं धन्यवाद ज्ञापन बिस्टुपुर मंडल उपाध्यक्ष मारुति नंदन पांडेय ने किया। बैठक में प्रदीप महतो, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, जितेंद्र राय, मंजीत सिंह समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सर्वजन हिन्दू समिति के साथ निर्दोश भाजपाइयों की रिहाई के लिए आंदोलन करेगी पार्टी




तैयारी बैठक को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव।

# मानगो के सुकना बस्ती में समस्या ही समस्या, खुली पोल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजमो मानगो नगर निगम समिति ने संयोजक कुलविंदर सिंह पन्नु के नेतृत्व में रविवार को मानगो एनएच 33 से सटे बालिगुमा स्थित सुकना बस्ती का दौरा कर सम्पर्क, समस्या, समाधान अभियान चलाया. भाजमो नेताओं ने टूटी हुई सड़क, बिजली के जर्जर पोल, नाली में जल निकासी सहित अन्य जनसमस्याओं की जानकारी हासिल की। दौरे के क्रम में भाजमो के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव उपस्थित हुए और उन्होनें जनता से सीधा संवाद किया। लोगों ने बताया की बिजली, पानी की समस्या के साथ ही सड़क, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, शौचालय से संबंधित समस्याएँ भी क्षेत्र में व्याप्त है जिससे आम जनता को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। भाजमो नेताओं ने स्थानीय जनता को आश्वस्त किया जल्द ही सभी समस्याओं से मानगो नगर निगम के अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और तत्काल समाधान करने की मांग की जाएगी। भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि मानगो की गरीब और मध्यम आय वर्गीय जनता से मानगो नगर निगम मोटी रकम होल्डिंग टैक्स के रूप में वसूल रही है लेकिन नागरिक सुविधा बहाल करने में नगर निगम के अधिकारी पूणतः विफल है जिसका परिणाम है की मानगो की जनता आज त्राहीमाम कर रही है। सुबोध श्रीवास्तव ने कहा की यदि नगर निगम मानगो की जनसमस्याओं को दुर करने के लिए कोई ठोस पहल नहीं करती है तो भाजमो मजबूरन मानगो नगर निगम के खिलाफ धरने पर बैठेगी। भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से कन्हैया ओझा, प्रेम सक्सेना, नीरज साहु, रविंद्र सिंह, अशोक सिंह, राहुल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। भाजमो मानगो मंडल अध्यक्ष कन्हैया ओझा ने बताया की जनसंपर्क अभियान के दौरान पाया की सुकना बस्ती मानगो वार्ड नंबर 9 में बहुत लंबे अरसे से एक बड़ा पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। पानी टंकी का निर्माण कार्य अत्यंत ही थिथिल गति से हो रहा है और यह पता नहीं चल पा रहा है कि कब इसका उद्घाटन कर जनता को सुपुर्द किया जाएगा। साथ ही इस क्षेत्र में पेयजल की समस्या बहुत विकराल है कहीं बोरिंग बंद हो चुका है तो कहीं पाइप ही नहीं बिछाया गया है। बहुत से कार्य अधूरे है नल से जल का योजना अधूरी है। कन्हैया ओझा ने कहा की मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर सभी अधूरी योजनाओं का जल्द पूरा करने की मांग की जाएगी।



## एक नजर में

### भामाशाह की जयंती पर तैलिक साहू महासभा ने बांटे शर्बत, खिचड़ी व हलवा भोग

**जमशेदपुर।** रविवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी द्वारा महादानवीर भामाशाह की 476वीं जयंती समारोह स्वाभिमान दिवस के रूप में धूमधाम से भामाशाह चौक (एमजीएम अस्पताल गोलचक्कर) पर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तैलिक साहू समाज के गणमान्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से महादानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इससे पहले जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से शोभायात्रा बाइक रैली निकली गयी, जो एग्रीको सिग्नल होते भालूबासा रोड़ से साकची गोल चक्कर से एमजीएम गोलचक्कर भामाशाह चौक पहुंचकर कार्यक्रम में तब्दीली हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने किया। जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने धन्य देश की माटी है जिसमें भामा सा लाल पला। उस दानवीर की यश गाथा को मेट सका क्या काल भला गीत गुनगुनाए। इस दौरान सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक हजारों लोगों के बीच शीतल जल, शर्बत, हलवा एवं खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। इस अवसर पर राकेश साहू ने कहा कि लोकहित व आत्म सम्मान के लिए अपना सर्वस्व दान कर देने वाली उदारता के इस गौरव पुरूष की प्रेरणा को चिरस्थाई रखने के लिए छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान समेत कई प्रदेशों में इनके नाम से कई योजनाएं भी चलाई जाती है। कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि वो दानवीर व त्यागी पुरूष थे। स्वदेश, धर्म व संस्कृति की रक्षा को वो हरसमय तत्पर रहते थे। इस अवसर पर सरायकेला खरसावां के जिलाध्यक्ष गोपाल साहू, मिथलेश साहू, कृष्णा देव प्रसाद, प्रभात कुमार, भोला साहू, वीरेंद्र साहू, रामकृपाल साह, महिला अध्यक्ष पूजा साहू, युवा अध्यक्ष आदित्य धनराज साह, क्षेत्रीय अध्यक्ष रवि शंकर साहू, अनिल साह, वीरेंद्र साह, रंजीत गुप्ता संतोष साहू चंदन काशी आदि समाज के गणमान्य लोगों को पगड़ी एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संजय साह, राजेश प्रसाद, अशोक साहू, सुनील प्रसाद, रंजीत कुमार साव, रंजन प्रसाद, राजेश प्रताप, मनोज साहू,श्रवन साहू, गौतम साहू आदि का योगदान रहा।

### खजाने की तरह हैं वरिष्ठ नागरिक, उनका ध्यान रखना सभी का कर्तव्य : नीरज सिंह

**जमशेदपुर।** मानव कल्याण पुराण फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आज सोनारी राममंदिर पार्क में दोस्त नाम से एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे आस पास के लगभग 200 वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन आए हुए अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर और कार्यक्रम में आए हुए अतिथि भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह और सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार को अंगवस्त्र प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष पुरान वर्मा ने बताया कि यह संस्था वरिष्ठ नागरिकों के हितों के लिए कार्य करेगी साथ ही उन्हें किसी भी तरह की परेशानी या योजनाओं के लाभ लेने में मदद करेगी। समय-समय पर नेत्र जांच एवं उसके ऑपरेशन में भी यह संस्था मदद करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि नीरज सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज में एक खजाने के रूप में हैं जो कि अपने तजुर्बे से हमें समय-समय पर मार्गदर्शन देते रहते हैं। संस्था के लोगों को जब भी किसी भी प्रकार की जरूरत होगी तो हर समय मैं साथ खड़ा रहूंगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विरेंद्र प्रताप सिंह, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, सुधीर लाल, रामेश्वर प्रसाद,गुहा राम, बहुर सिंह, विजय कुमार , जयप्रकाश प्रसाद, चंद्रशेखर, रमेश प्रसाद, डाक्टर दिपक घोष, कृष्णा यादव, केशव कुमार दा, निर्मल दास शामिल थे।


### कार्मेल जूनियर कॉलेज यू-11 ने हिल टॉप स्कूल को 7-0 से हराया

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग रविवार की सुबह एक बार फिर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थी क्योंकि कार्मेल जूनियर कॉलेज ने बेबी लीग के अंडर 11 वर्ग में हिल टॉप स्कूल को 7-0 से हराकर पिछली हार की भरपाई कर दी। कार्मेल एल्फास ने अपने स्कूल के लिए बड़ी जीत हासिल की, हिल टॉप स्कूल ग्रीनवुड जमशेदपुर के खिलाफ मौज-मस्ती के लिए गोल किए और अपने माता-पिता और कोचों के सामने अंक हासिल करने के लिए सबसे पीछे रहे। जमशेदपुर एफसी द्वारा झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) और झारखंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन (जेएसए) के संयोजन में आयोजित जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 के दूसरे संस्करण को बच्चों के लाभ के लिए य-5, यू-7, यू-9, यू-11 और यू-13 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। शहर भर में 10 महीने तक चलने वाला यह टूनार्मेंट हर रविवार सुबह जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के तीरंदाजी मैदान में आयोजित किया जाएगा ताकि विकास को बढ़ावा दिया जा सके और स्कूल के समय के बाद सप्ताह के दौरान क्लब द्वारा चलाए जा रहे मौजूदा जमीनी स्तर के स्कूलों के कार्यक्रम को जोड़ा जा सके।

### तेली साहू महासंगठन ने भामा शाह की जयंती मनायी

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में 23 अप्रैल 2023 दिन रविवार को महान दानवीर भामाशाह जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साकची गोल चक्कर में मुख्य अतिथि समाज के सलाहकार समिति के सदस्य अर्जुन साहू एवं पूर्व अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद पूर्व कोषाध्यक्ष कुंदन लाल गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं दानवीर राष्ट्रवीर भामाशाह के तस्वीर में माल्यार्पण कर किया गया। साकची गोल चक्कर पर आयोजित जयती समारोह में जनता के बीच चना गुड़ और शरबत का वितरण किया गया। महान दानवीर भामाशाह जीके त्याग और बलिदान की चर्चा मुख्य अतिथियों के द्वारा समाज के लोगों के बीच में किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दिलीप गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक गुप्ता शिक्षक सिंघेश्वर प्रसाद साहू मुनीलाल महाराज बिंदु देवी अनीता देवी इत्यादि ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने कैंप में पहले ही दिन उमड़ पड़ी भारी भीड़



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** उपायुक्त विजया जाधव के आदेशानुसार मानगो नगर निगम कार्यालय में नया ड्राइविंग लाइसेंस बनाने या पुराने का रिन्यूअल, साथ ही टैक्स जमा करने सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान को लेकर परिवहन कार्यालय द्वारा दो दिवसीय कैम्प आयोजित किया गया है। कैम्प के पहले दिन 75 लोगों ने नया ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन किया। साथ ही लंबित टैक्स भुगतान को लेकर 4 आवेदन आये। 24 अप्रैल को भी मानगो नगर निगम कार्यालय में कैम्प आयोजित होगा। जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रजंन ने कहा कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र तथा शहरी क्षेत्र के लोगों को भी परिवहन कार्यालय आने जाने में अपना समय नहीं व्यर्थ करना पड़े इस उद्देश्य से जिले में विभिन्न स्थानों पर परिवहन कार्यालय की टीम कैम्प कर रही है।

# आजसू गोलमुरी मंडल का विस्तार, अध्यक्ष बने उमाशंकर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज 23 अप्रैल 2023 दिन रविवार को आजसू पार्टी गोलमुरी मंडल की बैठक हुई बैठक में मंडल कमिटी की विस्तार और नए सदस्यो को पार्टी में शामिल किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमा शंकर सिंह ने किया जबकि संचालन हैरी एंथोनी ने किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे राज्य की नजर आजसू पार्टी के ऊपर है और क्योंकि राज्य सरकार अबतक राज्य के शीक्षित युवा, महिला, सेविका सहायिका, के अलावे पिछड़ों शोषित वंचित गरीबों के साथ अन्याय अत्याचार कर रही है इससे निजात दिलाने का कार्य आजसू पार्टी ही कर सकती है। अन्य वक्ताओं में संजय सिंह, अप्पू तिवारी, प्रकाश विश्वकर्मा, राजेश चौधरी, देवाशीष चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

## आजसू पार्टी गोलमुरी मंडल कमिटी इस प्रकार है

अध्यक्ष - उमा शंकर सिंह
उपाध्यक्ष - ए आदित्य,धीरज सिंह,कल्याण भारती, गणेश वर्मा
सचिव - हैरी एंथोनी
स.सचिव - अमर कुमार, राजेश प्रसाद, जितेंद्र सिंह, राकेश पांडेय, महेश ओझा, दलजीत सिंह
प्रवक्ता - महेश्वर राव, बिनोद साहू
सोशल मीडिया प्रभारी - राजू प्रजापति
कोषाध्यक्ष - सुरेश मेकअप उर्फ गोदु
जिला समिति सदस्य - अप्पू तिवारी,देवाशीष चौधरी, मो.शहजादे, सनातन सिंह को बनाया गया।
बैठक में उपस्थित बबलू साहू,प्रभात कुमार, जे सिंह, रिश्व सिंह, विजय गुप्ता, उज्वल गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।



# वीर कुंवर सिंह का संपूर्ण जीवन झारखंड के पाठ्यक्रमों में शामिल करने की मांग

## शौर्य दिवस के रूप मे मना बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोउत्सव



विजयोत्सव के अवसर पर बाबू कुंअर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात समरेश सिंह, कन्हैया सिंह व अन्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बाबू वीर कुंअर सिंह की स्मृति में 165 वां विजयोत्सव धूमधाम से लौहनगरी जमशेदपुर में मना। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री समरेश सिँह के अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष देवांशु शेखर के संचालन मे आज दिनांक 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिँह के 165 वें विजयोउत्सव के शुभ अवसर पर जुगसालाई स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात जुगसालाई से स्टेशन तक करीब 200 रिक्शा चलाको, दैनिक मजदूर, टेम्पो चलको,राहगीरों के बीच फल और पानी के बोतल का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिँह ने कहा की बाबू वीर कुंवर सिँह ने 80 वर्ष के उम्र मे अंग्रेजी हुकूमत के दाँत खट्टे कर दिए थे और कई बार मोर्चो पर उन्हें युद्ध मे परास्त भी किया। उनका सारा जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है उनके नाम मात्र के अनुभूति से ही शरीर के रोम रोम मे एक अद्भुत ऊर्जा का संचार होने लगता है। उन्होंने उनके सम्पूर्ण जीवन को झारखण्ड सरकार के पाठ्यक्रम मे शामिल करने एवं उनके विजयाउत्सव के दिन 23 अप्रैल को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की माँग की। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री समरेश सिँह, जिलाध्यक्ष देवांशु शेखर, आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिँह, सरायकेला जिलाध्यक्ष रवि शंकर सिँह, अमरेंश सिँह, बिनय सिँह,बलदेव सिँह, श्रीकांत सिँह, संतोष सिँह, पवन सिँह, ललित सिँह, अमर सिँह, मोनू सिँह, मंजीत सिँह, अरुप मल्लिक, स्वरुप मल्लिक आदि उपस्थित थे।

## बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर नारेबाजी करते करणी सेना के पदाधिकारीगण

क्षत्रिय करणी सेना परिवार रविवार को स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती विजयोत्सव के रूप में मनाई गई । बाबू वीर कुंवर सिंह को राष्ट्रीय एकता,अखंडता तथा स्वाभिमान के प्रतिमूर्ति के रूप में उन्हें याद किया गया,उनकी जयंती पर करणी सेना के युवा पदाधिकारियों ने जुगसलाई स्थित बाबू वीर कुँवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके वीरता को नमन किया। मौके पर मौजूद युवा जिलाध्यक्ष मोहित सिंह ने बताया कि वीर कुँवर सिंह की वीरता आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा है उनके बलिदान और हौसले को हमेशा याद किया जाएगा जिससे युवाओ को भी प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में मौजूद युवा जिलाध्यक्ष मोहित सिंह,महानगर अध्यक्ष विकास सिंह, रोहित, साहिल, राकेश, सुधीर, रॉकी, संतोष व अन्य मौजूद थे ।



### चाईबासा में विजय दिवस पर याद किए गए बाबू वीर कुंवर सिंह

**चाईबासा।** कांग्रेस भवन , चाईबासा में रविवार को स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह की विजय दिवस श्रद्धापूर्वक मनाई गई । कांग्रेसियों ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा स्वाभिमान के प्रतिमूर्ति के रूप में बाबू वीर कुवंर सिंह को हमेशा याद किया जाएगा । मौके पर कांग्रेस के चंद्रशेखर दास, त्रिशानु राय, राज कुमार रजक, लक्ष्मण लाल रजक, गुरुचरण लागुरी, सुशील कुमार दास आदि उपस्थित थे।

# बाबू कुंवर सिंह की वीरता देशवासियों को सदैव प्रेरित करती रहेजी : काले

## बाबू कुंवर सिंह युवाओं के लिए हीरो : कविता परमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा स्थित 1857 की क्रांति के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के स्मारक स्थल पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके विजयोत्सव दिवस पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर स्थानीय कमेटी के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि अंग्रेजी शासन के विरुद्ध 80 साल की आयु में भी अदम्य साहस एवं शौर्य का प्रदर्शन करने वाले महान स्वाधीनता सेनानी, राष्ट्र गौरव, बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता देशवासियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। इस मौके पार्षद कविता परमार एवं पूर्व पार्षद किशोर यादव ने अपने विचार रखे। मंच संचालन महामंत्री मिथिलेश कुमार ने व धन्यवाद विशाल सिंह ने किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सी. एच. पी सिंह, महामंत्री मिथलेश कुमार, दिग्विजय कुमार सिंह, ए सिंह, राजकुमार, सुनील गुप्ता, अनिल सिंह, विशाल सिंह, राहुल सिंह, लविन्दु कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# जो इतिहास बदलने की कोशिश में हैं, उन्हें ही बदल देंगे

## भामाशाह जयंती पर बोले सीएम नीतीश



खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। भामाशाह जयंती पर नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार और बीजेपी नेताओं पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफतौर पर कहा कि जो लोग देश का इतिहास बदलने की तैयारी में हैं। हम लोग उन्हीं को बदल देंगे। इसके बाद उन्होंने विपक्षी एकजुटता को लेकर भी कई बातें कही। इस अवसर पर जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, वित्त मंत्री विजय चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा व अन्य लोगों ने भी अपनी बात रखी। बिहार में जदयू की ओर से पहली बार भामाशाह जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जदयू कार्यालय के कपूर्री ठाकुर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित मंत्री और वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। वैश्य समाज से आने वाले बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी पहुंचे थे। जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग सब लोगों के लिए काम करते हैं और करते रहेंगे। देश में सब को एक-एक चीज की समझ होगी, तो एकजुट होंगे और जो देश के इतिहास बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

हम लोग उन्हीं को बदल देंगे। मुख्यमंत्री ने वैश्य समाज को लेकर कहा कि आज व्यवसायियों के साथ कोई इधर-उधर करना चाहे तो अब कर नहीं सकता है। हमारे ललन सर्राफ जी ने जो कहा कि उनके कहने पर वैश्य समाज इधर थोड़े वोट दे देंगे। वोट तो उधर ही चला जाएगा, लेकिन हम लोग तो सबके लिए काम करते रहेंगे। चिंता करने की कोई बात नहीं है। नीतीश कुमार ने बीजेपी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह को मानते हैं तो पूरे देश में क्यों नहीं उनकी जयंती मनाते हैं। पिछले साल अमित शाह ने आरा में वीर कुंवर सिंह की जयंती के मौके पर बड़ा कार्यक्रम किया था और इस बार भी बीजेपी की तरफ से पटना में कार्यक्रम किया गया है। उसी को लेकर मुख्यमंत्री ने तंज कसा है।

'हम लोग सब लोगों के लिए काम करते हैं और करते रहेंगे। देश में सब को एक-एक चीज की समझ होगी, तो एकजुट होंगे और जो देश के इतिहास बदलने की कोशिश कर रहे हैं। हम लोग उन्हीं को बदल देंगे। आज व्यवसायियों के साथ कोई इधर-उधर करना चाहे तो अब कर नहीं सकता है, वहीं ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने 17 सालों में जो शासन व्यवस्था कायम की। उसका सबसे ज्यादा लाभ व्यवसायियों को हुआ है। केंद्र में तो नकली लोग बैठे हुए हैं। असली तो बिहार में हैं। आज देश की अर्थव्यवस्था पर 2 लोगों का कब्जा है और देश के शासन पर भी दो ही लोगों का कब्जा है। मंत्री विजय चौधरी ने कहा बीजेपी के लोग परेशान बेचैन हैं। एक समय उनके सर्वोच्च नेता ने डीएनए तक को लेकर बात की थी और आज नीतीश कुमार को मिट्टी में मिला देने की बात कर रहे हैं। असल में सम्राट चौधरी ने मिट्टी में मिला देने की बात कही थी और उसी को लेकर विजय चौधरी ने बीजेपी पर निशाना साध रहे थे। नीतीश कुमार ने 17 सालों में जो शासन व्यवस्था कायम की। उसका सबसे ज्यादा लाभ व्यवसायियों को हुआ है। केंद्र में तो नकली लोग बैठे हुए हैं। असली तो बिहार में हैं। आज देश की अर्थव्यवस्था पर 2 लोगों का कब्जा है और देश के शासन पर भी दो ही लोगों का कब्जा है। जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने भामाशाह जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने की घोषणा कर वैश्य समाज की चिर परिचित मांग को पूरा किया है। इसलिए वैश्य समाज को भी आज संकल्प लेना चाहिए 2024 में केंद्र की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए। कार्यक्रम में 'देश प्रधानमंत्री कैसा हो नीतीश कुमार जैसा हो' का नारा तो नहीं लगा, लेकिन 2024 का नेता कौन नीतीश कुमार जैसे नारे जरूर लगते रहे।

## स्पीड न्यूज

### महिला बटालियन से भरी बस को ट्रक ने मारी टक्कर

**लखीसराय।** जिले के मुंगेर लखीसराय मुख्य मार्ग स्थित चैनपुरा गांव के समीप बीएमपी-4 महिला जवान से भरी बस को ट्रक ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी, जिसमें दर्जनों महिला पुलिसकर्मी घायल हो गयीं। जिन्हें इलाज के लिए लखीसराय सदर अस्पताल लाया गया है।

### दरभंगा के बाल सुधार गृह से दो बंदी फरार

**दरभंगा।** दरभंगा के बाल सुधार गृह से दो बंदी फरार। ग्रिल तोड़कर फरार हुए बंदी। दो में से एक बंदी हत्या का आरोपित। गौतम पाठक हत्याकांड का है आरोपित।

### देव में सूर्य महायज्ञ की शुभारंभ

**औरंगाबाद।** जिले के ऐतिहासिक भगवान भास्कर की नगरी देव में जलभरी शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत की गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान लगभग 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। देव सूर्यकुंड तालाब से यज्ञ स्थली तक हेलीकॉप्टर से लगातार पुष्प वर्षा होती रही। शोभा यात्रा के दौरान भगवान भास्कर की जय, जय श्री राम, हर हर महादेव समेत अन्य नारों से पूरा देव गूंज उठा।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**लखीसराय।** हलसी में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। बताया जा रहा है कि हलसी थानाक्षेत्र के गौरा पिपरा रोड में अज्ञात हमलावरों ने बाइक सवार युवक को मारी गोली मार दी। मृतक की पहचान शेखपुरा जिला के कुरमुरी गांव निवासी चंद्रिका यादव के पुत्र लालू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच में जुटी है।

### अपराधियों ने 46 वर्षीय व्यक्ति को सिर में मारी गोली

**आरा।** आरा के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत कृष्णगढ थाना क्षेत्र के सरैया गांव में बीती रात अपराधियों ने 46 वर्षीय व्यक्ति को गोली मारकर हत्या की घटना का अंजाम दिया। हत्या की सूचना मिलते ही कृष्णगढ़ थाना प्रभारी विवेक कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

### जमीन विवाद में जमकर गोलीबारी

**पटना।** पटना के इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव में मकान निर्माण के दौरान शनिवार को दो पक्षों के बीच हुई बकझक के बाद गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा बिहटा इलाका गूंज उठा। वहीं पास में ही अपने घर के दरवाजे पर बैठे 08 वर्षीय यश कुमार उर्फ रामजी ,सत्यम उर्फ भरत कुमार 06 वर्ष ,निशी कुमारी 16 वर्ष, गोल्डी कुमारी 18 वर्ष, सुन्दरकालो देवी 75 वर्ष, विष्णु सिह 40 वर्ष को गोली आ लगी जिससे वह जख्मी हो गये।

### नशीला पदार्थ खिलाकर मोबाइल व नकदी लूटा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में ट्रक चालक को नशीला पदार्थ खिलाकर मोबाइल व नकदी लूट लिया गया। चालक दिघरा मजार के पास ट्रक में ही बेहोशी की हालत में मिला है। जीपीएस के लोकेशन के आधार पर उसके मालिक जब मौके पर पहुंचे तो चालक गाड़ी में ही बेहोश था।

### अगवा कर मांगी दो लाख की फिरौती

**मुजफ्फरपुर।** सदर थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी विवेक कुमार शनिवार की दोपहर थाना पहुंचा और साथी के साथ खुद को अगवा किये जाने की शिकायत की। साथ ही आरोपितों पर दो लाख रुपये रंगदारी मांगने और पिटाई करने का भी आरोप लगाया। पुलिस को एक लिखित आवेदन भी दिया।

# वीर कुंवर सिंह देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे : शिव शंकर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ गुमला के द्वारा रविवार को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती डीएसपी रोड स्थित वीर कुंवर सिंह स्मृति भवन में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव शामिल हुए। मौके पर शिव शंकर उरांव ने कहा कि वीर कुंवर सिंह देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये।

उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह ने रणक्षेत्र में कई बार अंग्रेजों को मात दी थी। बाबू वीर कुंवर सिंह क्षत्रिय समाज के पथ प्रदर्शक हैं। क्षत्रिय समाज के लोग काफी संगठित हैं।

वीर कुंवर सिंह क्षत्रिय समाज के लोगों के नायक हैं। वीर कुंवर सिंह की वीरता लोगों में देश प्रेम की भावना को जागृत करता है। इससे पूर्व एसएस हाई स्कूल चौक में स्थापित वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर समाज के अध्यक्ष जगनारायण सिंह, सचिव लाल केशव नाथ शाहदेव, सूरज देव सिंह, विजय बहादुर सिंह, मनमोहन सिंह, सुरेश सिंह, ओम शंकर सिंह, विकास कुमार सिंह, सिकंदर सिंह, राजदीप सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, अरूणजय सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, भोलानाथ सिंह, निरंजन सिंह, राधेश्याम सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देव कुमार सिंह ने की।

### सीएम नीतीश कुमार ने वीर कुवंर सिंह की जयंती पर किया माल्यार्पण

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार ने वीर कुंवर सिंह की जयंती पर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कुंवर सिंह की जयंती राजकीय सम्मान के साथ मनायी जा रही है। वीर कुंवर सिंह जयंती पर भाजपा विजयोत्सव समारोह का कर रही आयोजन। महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर भाजपा रविवार को विजयोत्सव समारोह मनायेगी। इसके पहले चरण में सुबह नौ बजे से भाजपा प्रदेश कार्यालय से भव्य शोभायात्रा निकल कर वीर कुंवर सिंह पार्क होते हुए डाकबंगला व बेली रोड के रास्ते राजवंशी नगर स्थित ऊर्जा भवन ऑडिटोरियम तक जायेगी। शोभायात्रा में दर्जनों घोड़े, हाथी, झांकियां, वीरांगनाएं पूरे लव- लश्कर के साथ शामिल रहेंगी।

# प्रेम और भाईचागरी का संदेश देता है ईद : सुखराम



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** ईद के मौके पर शहर के मुस्लिम बाहुल असलम चौक में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक सुखराम उरांव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक का स्थानीय युवकों ने पारंपरिक तरीके से टोपी एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक लोगों से गले मिले एवं ईद की बधाई दी। मौके पर विधायक समेत लोगों ने सेवई-लच्छा के अलावा अन्य पकवान का आनंद लिया। इस दौरान विधायक सुखराम उरांव ने लोगों को ईद की बधाई देते हुए कहा ईद प्रेम और भाईचारगी का संदेश देता है। ईद के मौके पर लोग एक-दूसरे से प्रेम और खुशी का इजहार करते है। नौजवानों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शहरवासियों के लिए कई तरह के पकवान के स्टाल लगाए गए थे। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन एवं विद्युत सज्जा की गई थी।

मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद अशरफ, दिनेश जेना, पूर्व झामुमो नगर अध्यक्ष बबलू खान, झामुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल आदित्य, झामुमो नेता सरवर नेहाल, कांग्रेस नेत्री अनुप्रिया सोय, अमित मुखी, समाजसेवी सदानंद होता, कुमार विवेक, वेदप्रकाश दास, मजहर शम्सी, आसिफ हुसैन, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# हिंडाल्को के कुजाम और चिरोडीह माइंस में लोडिंग कांटा आज से बंद

## लोहरदगा-गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन की बैठक में निर्णय



बैठक करते ट्रक मालिक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक रविवार को पतराटोली में संपन्न हुई। इसमें इस बात पर चर्चा की गई कि हिंडाल्को कंपनी अपने तय किए गए वादे से मुकर रही है एवं तानाशाही रवैया अपना रही है। इसके विरोध में कुजाम एवं चिरोडीह माइंस में 22 अप्रैल से जो कांटा जाम किया गया है, वह कांटा जाम अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा और लोडिंग कार्य भी सोमवार (24 अप्रैल) से अनिश्चितकालीन बंद रहेगा।

इसके अलावा, हिंडाल्को कंपनी अगर 26 अप्रैल तक एसोसिएशन की मांगों को नहीं मानती है तो उसके बाद अम्तिपानी एवं विमरला के ट्रकों का परिचालन भी ठप कर दिया जाएगा। इसकी सारी जवाबदेही कंपनी की होगी। विदित है कि एसोसिएशन कंपनी से कुजाम एवं चिरोडीह माइंस में सामान ट्रिप की मांग कर रहा है जबकि कंपनी अपने वादे के मुताबिक पीछे हट रही है।बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ,उपाध्यक्ष अभय सिंह, रहमत अंसारी, मोहम्मद गुड्डू, राजेश शर्मा ,जत्रु मुंडा ,बरज सिंह, इनामुल अंसारी, मुंतजीर आलम, तारीक खान ,इरशाद खान ,मोहम्मद मुन्ना, सुनील साहू, तारकेश्वर महतो, मोनू शराफ, गंगा प्रसाद, मोहम्मद तसलीम ,मोहम्मद जसीम ,संजीव शर्मा, राम आशीष साहनी, खुर्शीद अंसारी, शकील अंसारी मोहम्मद बबलू, मोहम्मद अमानुल्लाह ,बासुदेव महतो, कृष्णा महतो ,साजिद खान रिजवान खलीफा रफीक अंसारी जीतू सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

### श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन

**जामा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बारापलासी बाजार में आज रविवार को श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आयोजन हिंदू जागरण समिति बारापलासी की ओर से किया गया। भागवत कथा का आयोजन भव्य कलश शोभायात्रा निकालकर किया गया। इस दौरान 251 कन्याओं एवं महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा का शुभारंभ बारापलासी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में कलश में जल भरने के उपरांत शुरूआत हुआ जिसके बाद बारापलासी बाजार पिपरा गांव लकड़ दीवानी गांव पलासी गांव का भ्रमण करते हुए पुनः बारापलासी बाजार स्थित कथा आयोजन स्थल पर पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न हुआ। विधि व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर जामा थाना की पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस जवान मौजूद थे।

# एक दिवसीय सद्भावना संत सम्मेलन का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामा।** प्रखंड क्षेत्र के लगला पंचायत के अंतर्गत मेघुवा गांव में शनिवार की रात्रि में एक दिवसीय सद्भावना संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान मानव उत्थान सेवा समिति नोनीहाट के चंपातरी आश्रम से आए हुए महात्मा विलक्षणानंद, महात्मा चंद्र केशवानंद, साध्वी भद्रा बाई, साध्वी देवहूति बाई के मुखारविंद से अमृतमय भजन कीर्तन व प्रवचन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भगवत भक्तों को साध्वी भद्रा बाई ने जर्रे जर्रे में है भगवान, भजन के माध्यम से समझाने का प्रयास किया कि कण-कण में ईश्वर का वास है इसे जाने और अपने जीवन में उतारें। साथ ही जिनके जीवन में सत्संग है उनका जीवन आनंद ही आनंद है भजन के माध्यम से समझाने का प्रयास किया कि सत्संग में आए और महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर चलने का प्रयास करें जिससे आपके जीवन में शांति आए जिससे आप आनंददाई जीवन जी सकें। कार्यक्रम के दौरान महात्मा विलक्षणानंद ने भगवत भक्तों को समझाने का प्रयास किया कि आपके कर्म ही आपका जीवन का रास्ता तय करता है इसलिए हमेशा सत्कर्म करने का प्रयास करें। कहा आपके भावना में ही आपका सुख दुख छुपा हुआ है। आप अपने मन को सद्भावना की ओर ले जाने का प्रयास करें, जिससे जीवन में आने वाले दुखदाई कष्टों से आप दूर रह सके। इस दौरान तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली भजन के माध्यम से समझाने का प्रयास किया कि आपके दरवाजे में आए, कोई भी दीन दुःखी भूखे लौट कर ना जाए, ऐसा स्थिति में मानव सेवा की प्रयास करें, कहा मानव ही ईश्वर का रूप है इसलिए सद्भावना पूर्ण विचार से मानव की सेवा करें।

### टंडा लदा पिकअप वैन के चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

**दुमका।** पिकअप वैन के चपेट में आने से दो बाईक सवार गंभीर घर से घायल हो गया। घटना रविवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-देवघर मुख्य पथ पर बाबुपुर के समीप घटी। घटना के बाद गंभीर बाईक सवार को फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आनन-फानन में बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। घायलों में बिहार के बांका जिला के नगर थाना के बैद्यडीह गांव निवासी दिलदार अंसारी और मोउजम अंसारी है। जानकारी के अनुसार दोनों बाईक सवार दुमका से अपने घर बांका की ओर जा रहे थे। जहां बाबुपुर के समीप पेप्सी, कोका-कोला लदी वाहन के चपेट में आ गया।

## एक नजर में

### घेराबंदी कार्य को ग्रामीणों ने कराया बंद

**जयनगर (कोडरमा)।** फ्रेट करिडोर को लेकर रेलवे की ओर से की जा रही घेराबंदी के पूर्व वैकल्पिक रास्ता की मांग को लेकर सरमाटांड के ग्रामीणों ने शनिवार को विरोध जताते हुए घेराबंदी निर्माण कार्य को बंद करा दिया। इस दौरान ग्रामीण महिला पुरुष ने रेल प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग मनमाने ढंग से पिलर लगाकर घेराबंदी कर रही है। जिन लोगों को पैसा दिया गया वहां घेराबंदी नहीं कर जिन्हें पैसा नहीं दिया उनकी घेराबंदी की जा रही है। ग्रामीणों ने घेराबंदी के दौरान दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। विरोध जताने वाले ग्रामीणों में इंद्रदेव यादव, जसोदा देवी रंजीत ठाकुर, बिरजू ठाकुर, मुकेश ठाकुर, कैलाश देवी, संदीप राणा, गुड़िया देवी, भीखमति देवी, फाल्गु पंडित, अमित पंडित सहित कई लोग मौजूद थे।

### सतगावां में अरहर व बिचाली जलकर राख

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ईटाय में खलिहान में आग लगने से करीब 500 बोझा अरहर की फसल व 14 हजार बिचाली व पुआल जलकर खाक हो गई। घटना में करीब लाख रुपये नुकसान होने की बात कही जा रही है। आग की लपटे इतनी तेज थी कि मिनटों में सब जलकर खाक हो गई। तेज हवा से आग कुछ ही पलों में फैलती चली गई। विकराल आग को बुझाने के लिए ग्रामीण दौड़ पड़े। मोटर पंप चालू कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पीड़ितों ने थाना में आवेदन देकर मुआवजा की मांग की है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत व एक गंभीर

**कोडरमा।** तिलैया डैम ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रीजली विद्यालय के समीप रविवार दोपहर करीब 3 बजे मोटरसाइकल दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार तेसाचंतमा व रामसिंह ओटेस्टा नावामुंडी, चाईबासा निवासी मोटरसाइकिल से तिलैया की ओर से तिलैया डैम जा रहे थे। इसी क्रम में ग्रीजली विद्यालय के समीप गति ज्यादा होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा दोनों को सदर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने तेसाचंतमा को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल व्यक्ति का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

### युवती ने की आत्महत्या का प्रयास

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरगंज पंचायत के पचौड़ी में घरेलू विवाद में एक युवती ने शनिवार को घोड़सीमर पुल से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद परिजनों की मदद से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं युवती की पहचान 18 वर्षीय नीतू कुमारी के रूप में की गई है। वहीं युवती की मां ने बतायी कि मामूली विवाद में कहासुनी होने के बाद गुस्से में आकर पुत्री ने पुल से छलांग लगा दी। फिलहाल युवती की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### अवैध जावा महुआ के खिलाफ चला अभियान

**धुरकी।** धुरकी पुलिस ने अवैध जावा महुआ शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए थाना प्रभारी सदानंद कुमार के नेतृत्व में रविवार को छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के कदवा उर्फ लिखनीधावरा में संचालित अवैध महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस ने महुआ शराब बनाने के लिए रखा हुआ 60 किलो जावा महुआ को नष्ट करते हुए महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली उपकरण को नष्ट किया। जबकि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही इसमें संलिप्त लोग फरार हो गए। मौके पर थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध महुआ शराब का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। इस पर रोक लगाने के लिए पुलिस क्षेत्र में लगातार छापामारी अभियान चलाकर शराब के अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। अभियान में पुलिस जवान शामिल थे।

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार अहले सुबह दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ गाड़ी मालिक व चालकों को गिरफ्तार कर भवनाथपुर थाना लाई है। सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव ने प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया है। घटना के संबंध में सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव व थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि रविवार को गुप्त सूचना मिली थी कि केतार की ओर से दो अवैध बालू के साथ ट्रैक्टर भवनाथपुर की ओर आ रही है। सूचना के आलोक में सशत्र बल के साथ प्रस्थान किया, जहां सिघीताली के आगे पटनीदामर के पास दो बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ा गया। चालक मनोज साह ग्राम खोनहर केतार व मालिक राजकुमार गुप्ता खोनहर, चालक सुमंत कुमार गुप्ता, मालिक राजेश कुमार गुप्ता दोनो खोनहर निवासी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद चारो आरोपियों को न्यायालय में सुपुर्द किया गया है ।

### जायंट्स ने दो स्थानों पर किया पनशाला का उद्घाटन

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में रविवार को शहर के सुतली पट्टी एवं टंडवा मुख्य पथ पर भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए पनशाला का उद्घाटन किया गया। जायंट्स अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जायंट्स पदधिकारियों ने राहगीरों को मिष्ठान खिलाकर एवं शीतल जल पिलाकर पनशाला का उद्घाटन किया। मौके पर पदधिकारियों ने कहा कि राहगीरों एवं जरूरतमंदों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। जायंट्स पदाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने छतों पर या खुले में पक्षियों के लिए बर्तन में पानी अवश्य रखें, ताकि पक्षी इस भीषण गर्मी में प्यास बुझा सकें। सदस्यों ने कहा कि गर्मी के मौसम में भर पेट पानी पियें ताकि लू से बचा जा सके।

### प्रीमियम लीग नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन आज

**इटखोरी।** इटखोरी प्रीमियम लीग नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ हाई स्कूल के मैदान में सोमवार से शुरू होगा। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा। उद्घाटन मैच राजपुर व दैहर के बीच खेला जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा नेता डॉ अभिषेक रामाधीन, भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता सुजीत भारती सहित अन्य पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी देते हुए क्लब के सदस्य विकास कुमार ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में डबली सिंह, शशि राणा, मंटू दांगी, गोल्डन आलम, पुलू सिंह सहित क्लब के अन्य सदस्य लगे हुए हैं।

### जमीन विक्रेता पर घर ध्वस्त करने का आरोप

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव निवासी संजय कुमार गुप्ता ने कांडी थाना में लिखित आवेदन देकर घर को ध्वस्त करने का आरोप लगाया है। थाना में दिए आवेदन में संजय ने लिखा है कि मैं जनवरी माह में शिवरी गांव निवासी श्यामलाल पासवान से पौने चार डिसमिल जमीन की खरीदी की थी। जिसका खाता संख्या- 51, प्लॉट संख्या- 822 है। यह जमीन कांडी-मोखापी मोड़ सड़क में स्थित नवनीत क्रेशर के पास में है। उक्त जमीन 4 लाख 80 हजार रुपए में तय हुई थी, जिसमें मैंने 2 लाख रुपए नगद दे दिया था। श्यामलाल के कथनानुसार उक्त जमीन में मैं अपना घर भी बना दिया। अब श्यामलाल धमकी देते हुए कह रहा है कि मैं जमीन नहीं दूंगा। मुझे जमीन की कीमत अधिक मिल रही है। आप अपना पैसा मुझसे ले लीजिए। मैं गुरुवार की रात में अपने बनाए घर के बाहर रखे बालू पर सो रहा था। इसी दौरान तकरीबन साढ़े दस बजे श्यामलाल का पुत्र श्रवण राम मेरे पास पहुंचा। उसके साथ उसके पिता श्यामलाल पासवान सहित पांच से अधिक अन्य लोग भी थे, जो अज्ञात थे। श्रवण ने मुझे उक्त निर्मित घर से अलग ले गया।




# आरसीबी के घर में राजस्थान की निकल गयी हवा, विराट की टीम ने 7 रन से जीता मैच

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | 7 | 5 | 10 | 8 | +0.662 |
| राजस्थान | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.844 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.547 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.212 |
| बेंगलुरु | 7 | 4 | 3 | 8 | -0.008 |
| पंजाब | 7 | 4 | 3 | 8 | -0.162 |
| मुंबई | 6 | 3 | 6 | 6 | -0.254 |
| कोलकाता | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.186 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.794 |
| दिल्ली | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.183 |

**पर्पल कैप**



मोहम्मद सिराज
बेंगलुरु
विकेट: 13

**औरेंज कैप**




डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 405

## जिताऊ पारी खेल मैक्सवेल बोले- मुझे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करना पसंद

**बेंगलुरु।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 44 गेंद में 77 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद आरसीबी के आक्रामक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि उन्हें चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करना पसंद है। मैक्सवेल ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, यह ऐसा क्रम (चौथा स्थान) है जहां बल्लेबाजी करने में मुझे कोई परेशानी नहीं होती। मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए भी जल्दी विकेट गिरने के बाद इस क्रम पर बल्लेबाजी की है। उन्होंने मुझे मैदान पर जाकर अपने मुताबिक बल्लेबाजी करने की छूट दी है। मै अच्छे फॉर्म के साथ यहां आया था। टीम ने मुझ पर भरोसा जताया, जिससे फर्क पड़ता है। नयी गेंद थोड़ा रूक कर आ रही थी इसलिए हमने तेजी से रन बनाने पर ध्यान दिया। मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने पावरप्ले को समाप्त किया, उसने बड़े स्कोर की नींव पड़ी।



**मैन ऑफ द मैच**
**ग्लेन मैक्सवेल**
77 रन
44 गेंद
6 चौका
4 छक्का



## कोहली का पीछा नहीं छोड़ रहा 23 अप्रैल हो गयी गोल्डन डक की अनोखी हैट्रिक

**बैंगलोर।** विराट कोहली आइपीएल 2023 में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। टूनार्मेंट के शुरूआत 6 मैचों में विराट ने चार फिफ्टी लगाई थी। वह ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे नंबर पर चल रहे हैं। अब तो विराट कोहली को आरसीबी की कप्तानी भी भी मिल गई है। फाफ डु प्लेसिस के चोटिल होने की वजह से विराट को कप्तानी मिली है। उनकी टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आइपीएल 2023 में अपना सातवां मैच खेल रही है।

### पहली गेंद पर आउट हुए कोहली

कोहली राजस्थान के खिलाफ मैच की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। उनका शिकार ट्रेंट बोल्ट ने किया। पिछले कुछ समय से ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ शुरूआती ओवर में रन बनाना आसान नहीं होता। वह इस आईपीएल में दो बाहर पहले ओवर में दो विकेट ले चुके हैं। विराट कोहली उनकी अंदर आती गेंद को मिस कर गए। वह पैड पर आकर लगी और अंपायर ने अपील पर उंगली खड़ी कर दी।

### 23 अप्रैल को खराब रिकॉर्ड

आईपीएल में 23 अप्रैल को विराट कोहली का रिकॉर्ड बेहद खराब है। 2012 में वह पहली बार इस तारीख को आईपीएल में खेले थे। राजस्थान के खिलाफ उस मैच में विराट ने 16 गेंद पर 16 रन बनाए थे। 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 9 गेंद पर 11 रन बना सके। लेकिन 2017 में केकेआर और 2022 में हैदराबाद के खिलाफ गोल्डन डक हुए। अब एक बार फिर वह गोल्डन डक हो गए हैं। यानी 23 अप्रैल को लगातार तीसरे मुकाबले में विराट गोल्डन डक हो गए।

## स्कोड़ कार्ड

**बेंगलुरुः 189/9 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कोहली एलबी डब्ल्यू/ बोल्ट | 00 | 01 | 0/0 |
| डु प्लेसिस रन आउट | 62 | 39 | 8/2 |
| शाहबाज कै. जयसवाल बो. बोल्ट | 02 | 04 | 0/0 |
| मैक्सवेल कै. होल्डर बो. अश्विन | 77 | 44 | 6/4 |
| लोमरोर कै. पडिक्कल बो. चहल | 08 | 06 | 1/0 |
| कार्तिक कै. बटलर बो. संदीप | 16 | 13 | 2/0 |
| सुयश प्रभुदेसाई रन आउट | 00 | 02 | 0/0 |
| वानिंदु हसरंगा रन आउट | 06 | 07 | 0/0 |
| डेविड विली नाबाद | 04 | 02 | 1/0 |
| विजय कै. हेटमायर बो. संदीप | 00 | 01 | 0/0 |
| मोहमद सिराज नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 13

**विकेट पतन**: 1-0, 2-12, 3-139, 4-156, 5-163, 6-163, 7-180, 8-184, 9-184.

**गेंदबाज** : ट्रेंट बोल्ट : 4-0-41-2, संदीप शर्मा : 4-0-49-2, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-36-1, युजवेंद्र चहल : 4-0-28-1, जेसन होल्डर : 4-0-32-0.

**राजस्थान :182/6 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जयसवाल के कोहली बो. पटेल | 47 | 37 | 5/2 |
| जोस बटलर बोल्ड सिराज | 00 | 02 | 0/0 |
| पडिक्कल कै. कोहली बो. विली | 52 | 34 | 7/1 |
| सैमसन कै. अहमद बो. पटेल | 22 | 15 | 2/1 |
| शिमरन हेटमायर रन आउट | 03 | 09 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 34 | 16 | 2/2 |
| अश्विन कै. प्रभुदेसाई बो. पटेल | 12 | 06 | 2/0 |
| अब्दुल बासित नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त** :11

**विकेट पतन**: 1-1, 2-99, 3-108, 4-125, 5-155, 6-127, 7-128.

**गेंदबाज** : मोहम्मद सिराज : 4-0-39-1, डेविड विली : 4-0-26-1, विशक विजय कुमार : 2-0-24-0, ग्लेन मैक्सवेल : 2-0-25-0, हर्षल पटेल : 4-0-32-3, वानिंदु हसरंगा : 4-0-32-0.

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 32वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने राजस्थान रॉयल्स को 7 रन से हरा दिया। आरसीबी ने 7 मैचों में से यह चौथी जीत दर्ज की है। मुकाबले में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों के खेल में फाफ डु प्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल की तूफानी फिफ्टी से 9 विकेट के नुकसान पर 189 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में देवदत्त पडिकल के अर्धशतक और यशस्वी जायसवाल के 47 रनों की दमदार पारी के बावजूद राजस्थान रॉयल्स 20 ओवर में 6 विकेट खोकर सिर्फ 182 रन ही बना सकी। लीग में राजस्थान रॉयल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले राजस्थान की टीम लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ हारी थी। इस पारी में राजस्थान 155 रन के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई थी। इस हार के साथ ही शानदार लय में चल रही राजस्थान के हौसले जरूर पस्त हुए होंगे।

**पहली पारी में फाफ डु प्लेसिस और मैक्सवेल की फिफ्टी**

राजस्थान के खिलाफ इस मुकाबले में आरसीबी की टीम ने पहले ही गेंद पर विराट कोहली का विकेट गंवा दिया था। हालांकि इसके बाद फाफ डु प्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल ने धमाकेदार खेल का प्रदर्शन किया। ग्लेन मैक्सवेल 44 गेंद में 77 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में मैक्सवेल ने 6 चौके और 4 बेहतरीन छक्के भी लगाए। इसके अलावा डु प्लेसिस ने 39 गेंद में 61 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा कार्तिक ने 16 रनों का योगदान दिया। हालांकि इसके बाद और कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। हालांकि बल्लेबाजी में राजस्थान रॉयल्स की टीम आरसीबी से पीछे रह गई है लेकिन गेंदबाजी में टीम के खिलाड़ियों ने जरूर दमदार प्रदर्शन किया। मैच में राजस्थान रॉयल्स के लिए ट्रेंट बोल्ट और संदीप शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। इसके अलावा अश्विन और युजवेंद्र चहल के खाते में भी एक-एक विकेट आया। वहीं आरसीबी की तरफ से मैच में हर्षल पटेल को सबसे अधिक तीन विकेट मिले जबकि सिराज और डेविड विली के खाते में भी एक-एक विकेट आया।

## बोल्ट ने किया बड़ा कारनामा डेल स्टेन को भी पछाड़ा

**बेंगलुरु।** रविवार को आइपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान विराट कोहली को आउट करते हुए एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। बोल्ट अब आइपीएल में 100 विकेट लेने वाले 21वें गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इसी मैच में आरसीबी के बल्लेबाज शहबाज अहमद को भी आउट किया, जोकि आइपीएल में उनका 101वां शिकार बने हैं। वहीं उन्होंने साउथ अफ्रीका के दिग्गज गेंदबाज डेल स्टेन को आइपीएल में सबसे ज्यादा विकेट विकेट लेने के मामले में पछाड़ दिया है।

आइपीएल में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट जहां 101 विकेट पूरे कर चुके हैं, वहीं उन्होंने डेल स्टेन को भी पछाड़ा है। डेल स्टेन आइपीएल में खेलते हुए 100 विकेट की उपलब्धि तक नहीं पहुंच पाए थे और उनके नाम 95 मैचों में 97 विकेट ही थे। वहीं बोल्ट ने 84 मैचों में ही 100 विकेट लेने का कारनामा कर दिखाया है।

## यूएई ने सिंगापुर को 201 रन से हराया

**यूएई।** एसीसी प्रीमियर लीग के दौरान यूएई की टीम ने सिंगापुर के खिलाफ पहले खेलते हुए 471 रन बनाये। इसके बाद सिंगापुर को 270 रन पर रोककर 201 रन से बड़ी जीत हासिल कर ली। यूएइ की ओर से कप्तान मोहम्मद वसीम ने 160 तो वृत्य अरविंद ने 174 रन बनाए। जवाब में सिंगापुर की ओर से कप्तान मनप्रीत सिंह और थिलिपन ओमैदुरई ने अर्धशतक लगाए लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। वनडे फॉर्मेट की एक पारी में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड अभी भी इंगलैंड के नाम हैं। इंगलैंड वनडे की एक पारी में 498 रन बना चुका है।

## विश्वकप के पहले चरण में चीन से हारे भारतीय

**अंताल्या।** तुर्की के अंताल्या में खेले जा रहे तीरंदाजी विश्वकप के पहले चरण में भारतीय पुरूष रिकर्व टीम चीन से मिली हार के बाद रजत पदक हासिल कर सकी है। भारतीय खिलाड़ियों ने चीन से 0.4 से पिछड़ने के बाद हौसला नहीं खोया और शानदार वापसी कर मैच को शूटआउट पर ले गये मगर वहां पर भी उन्हे 4.5 से नजदीकी हार का सामना करना पड़ा। तरूणदीप राय, अतनु दास और धीरज बोम्मादेवरा ने बेहतरीन खेल का मुजाहिरा किया मगर वे लि झोंगियुआन, कि शयांगशुओ और वेइ शाहोक्सू जैसे बेहतरीन तीरंदाजों से सजे चीनी दल से पिछड़ गये।

## भारतीय खेल प्राधिकरण के नाम के दुरुपयोग का आरोप, 3 पर मामला दर्ज

जींद। भारतीय खेल प्राधिकरण (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के नाम के कथित दुरुपयोग के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जुलाना थाना पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। जांच अधिकारी रामरूप ने बताया कि नेशनल सेंटर एक्सीलेंस के प्रभारी सुरेंद्र सांगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उन्हें सोशल मीडिया तथा पर्चों के माध्यम से सूचना मिली थी कि लिजवाना कलां गांव स्थित आशा पल्ली मेमोरियल कबड्डी एकेडमी में एसएआई के नाम से लड़के व लड़कियों के ट्रायल लिये जा रहे हैं। यह आयोजन 22 अप्रैल को किया जाना था जबकि जींद जिले में एसएआई का यह अधिकृत रीजनल तथा ट्रेनिंग सेंटर नहीं है। आरोपितों ने एसएआई के नाम से अपनी संस्था बनाई हुई है, जो गैरकानूनी है और एसएआई के नाम का दुरुपयोग है।

## अर्जुन नें जीता शेटी जुल्दी इंटरनेशनल रैपिड शतरंज

**अस्ताना, कजाकिस्तान।** भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें दो माह बाद इंटरनेशनल शतरंज में धमाकेदार वापसी की है और विश्व के दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी में उन्होने शेटी जुल्दी इंटरनेशनल रैपिड शतरंज का खिताब बेहद शानदार अंदाज में अपने नाम कर लिया है। 12 खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर 11 राउंड के इस टूनार्मेंट में अर्जुन नें अपराजित रहते हुए 9.5 अंक बनाए और इस दौरान उन्होने 3 मुकाबले ड्रॉ खेले जबकि 8 मुकाबलों में जीत दर्ज की। तीसरे दिन के खेल के पहले अर्जुन 7 अंक बनाकर एकल बढ़त पर थे और उन्होने दिन की शुरूआत टूनार्मेंट के टॉप सीड पूर्व विश्व चैंपियन रूस के ब्लादिमीर क्रामनिक को मात देते हुए की इसके बाद पूर्व विश्व कप विजेता यूएसए के लेवान अरोनियन से उन्होने मुकाबला ड्रॉ खेला और अंतिम राउंड में रूस की लागनों काटेरयना को मात देते हुए शानदार अंदाज में खिताब जीत लिया। अर्जुन के इस प्रदर्शन के बाद अब रैपिड शतरंज में भी 2700 अंको के पार करते हुए शतरंज के तीनों फॉर्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में यह आंकड़ा पार करने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद भारत के दूसरे खिलाड़ी बन गए है। प्रतियोगिता में यूएसए के लेवान अरोनियन 8 अंको के साथ दूसरे तो रूस के अलेक्जेंडर ग्रीसचुक 7 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप राउंड 10 : नेपोमनिशी का शानदार बचाव , बढ़त कायम

अस्ताना, कजाकिस्तान ( निकलेश जैन ) विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2023 में आज दसवां राउंड खेला गया और रूस के यान नेपोमनिशी नें आज अपने शानदार बचाव की क्षमता दिखाते हुए अपनी बढ़त को कायम रखा और अब जबकि सिर्फ 4 राउंड बाकी है वह अपने प्रतिद्वंदी चीन के डिंग लीरेन से 5.5-4.5 से आगे चल रहे है और उन्हे 16 विश्व चैम्पियन बनने के लिए लिए 2 अंको की जरूरत है वहीं अगर डिंग को विजेता बनना है तो सबसे पहले उन्हे एक मैच जीतकर स्कोर बराबर करना होगा ।दसवें राउंड में सफेद मोहरो से खेल रहे डिंग नें इंग्लिश ओपनिंग में फोर नाइट्स वेरिएशन में शुरूआत से ही आक्रामक रुख अख़्तियार किया और नेपोमनिशी पर दबाव बनाने की कोशिश की पर नेपोमनिशी नें शुरूआत से ही अच्छा खेल दिखाया ,खासतौर पर हाथी और ऊंट के एंडगेम में उन्होने बेहतरीन बचाव करते हुए लगातार मोहरो की अदला बदली की और 45 चालों के बाद जब दोनों के सिर्फ राजा ही बोर्ड पर रह गए मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ । ग्यारवें राउंड में अब नेपोमनिशी सफेद मोहरो से मुकाबला खेलेंगे ।

# चेन्नई के बल्लेबाजों ने तोड़ी कोलकाता की कमर



**मैन ऑफ द मैच**
**अजिंक्य रहाणे**
71 रन
29 गेंद
6 चौका
5 छक्का

## रहाणे और शिवम दुबे के तूफान में उड़े नाइटराइडर्स सीजन का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर जीती सीएसके

**एजेंसी**

**कोलकाता।** आइपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स का दमदार प्रदर्शन जारी है। कोलकाता नाइटराइडर्स को ईडन गार्डन्स पर 49 रनों से हराकर चेन्नई की टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे के अर्धशतक और दोनों के बीच तेजतर्रार अर्धशतकीय साझेदारी से चेन्नई ने चार विकेट पर 235 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने लगातार विकेट खोये। मध्यक्रम में उतरे जेसन रॉय ने जरूर 26 गेंद पर 61 रन बनाए, लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थे। 20 ओवर में टीम 8 विकेट पर 186 रन ही बना पाई। यह केकेआर की लगातार चौथी हार है।

**रहाणे और दुबे ने गेंदबाजों को कूटा**

इस सीजन अलग अंदाज में खेल रहे अजिंक्य रहाणे ने 29 गेंद में पांच छक्कों और छह चौकों से नाबाद 71 रन की पारी खेलने के अलावा दुबे (21 गेंद में 50 रन, दो चौके, पांच छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए सिर्फ 32 गेंद में 85 रन की साझेदारी की। इससे टीम ईडन गार्डन्स पर टी20 क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इन दोनों की पारियों की बदौलत टीम ने अंतिम आठ ओवर में 126 रन जुटाए। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे (56) ने भी अर्धशतक जड़ा। कोलकाता के कप्तान नीतीश राणा ने टॉस जीतकर सुपरकिंग्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद कॉन्वे और गायकवाड (35) ने 7.3 ओवर में 73 रन जोड़कर एक बार फिर टीम को तेज शुरूआत दिलाई। गायकवाड़ ने सुनील नारायण का स्वागत लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ किया लेकिन सुयश शर्मा की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 20 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और तीन छक्के मारे। कॉन्वे ने नारायण पर छक्के और सुयश पर एक रन के साथ 34 गेंद में लगातार तीसरा अर्धशतक पूरा किया। रहाणे एक बार फिर अच्छी लय में दिखे। उन्होंने सुयश के लगातार ओवरों में चौके मारे। टीम के रनों का शतक 11वें ओवर में पूरा हुआ लेकिन अगले ओवर में कॉन्वे चक्रवर्ती की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑफ पर वाइसी को कैच दे बैठे। दुबे ने वाइसी की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ 15वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। रहाणे ने आंद्रे रसेल की गेंद पर चौके के साथ 24 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि दुबे ने खेजरोलिया पर छक्के के साथ सिर्फ 20 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की।

## दिल्ली-हैदराबाद की नजरें जीत पर

**हैदराबाद।** दिल्ली कैपिटल्स आइपीएल में सोमवार को हैदराबाद के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा जीत के सिलसिले को आगे बढाने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और उसे हर विभाग में निराशा हाथ लगी है। पृथ्वी शॉ और मिशेल मार्श का खराब फॉर्म टीम की समस्या बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला मार्श चार मैचों में दो बार खाता भी नहीं खोल सके। वहीं गेंदबाजी में भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसकी वजह से रोवमैन पॉवेल या रिली रोसोयू को उतारा जा सकता है। युवा बल्लेबाजों के नाकाम रहने की वजह से मनीष पांडे पर जिम्मेदारी बढ गई है। उन्हें अच्छी पारी खेलनी होगी ताकि आखिरी ओवरों में अक्षर खुलकर खेल सके। अनुभवी ईशांत शर्मा ने सत्र में पहला मैच खेलते हुए शानदार स्पैल डाला और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। खराब स्ट्राइक रेट के कारण आलोचना झेल रहे वॉर्नर केकेआर के खिलाफ लय में दिखे और इसे बरकरार रखना चाहेंगे।

**समय : शाम 7:30 बजे से**


## अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची धोनी की टीम

जीत के साथ चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। उसके सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक हैं। वहीं, कोलकाता की टीम के सात मैचों में दो जीत और पांच हार के साथ चार अंक हैं। टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर है।

**ईडन गार्डन्स में बनाया सर्वश्रेष्ठ स्कोर :** सीएसके के बल्लेबाजों ने विस्फोटक बैटिंग से सभी का दिल जीत लिया। इसी के साथ उन्होंने ईडन गार्डन्स में आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर बनाया। सीएसके ने 4 विकेट के नुकसान पर 235 रन बनाए। पिछला रिकॉर्ड घरेलू टीम केकेआर के नाम था जब उन्होंने अप्रैल 2019 में मुंबई के खिलाफ 232/2 का स्कोर बनाया था।

**सीएसके का तीसरा सबसे बड़ा टोटलः**


246/5 बनाम राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई, 2010
240/5 बनाम किंग्स इलेवन पंजाब, मोहाली, 2008
235/4 बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स, कोलकाता 2023



## ला लिगा : मैड्रिड ने सेल्टा को हराकर बार्सिलोना पर दबाव बनाया

**एजेंसी**

**बार्सिलोना।** रीयाल मैड्रिड ने सेल्टा विगो को 2.0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल में शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना पर दबाव बना दिया। मार्को असेंसियो ने हाफटाइम से तीन मिनट पहले गोल करके बढत बनाई। इसके बाद सेंटर बैक एडेर मिलिताओ ने 48वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत के बाद मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच सिर्फ आठ अंक का अंतर रह गया है। बार्सिलोना को रविवार को तीसरे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से खेलना है। बार्सिलोना को पिछले दो मैचों में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा जिससे मैड्रिड ने उसकी बढत का अंतर कम कर दिया। अन्य मैचों में रीयाल सोशिदाद ने रायो वालेकानो को 2.1 से हराकर चौथे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पांचवें स्थान पर काबिज रीयाल बेटिस को ओसासुना ने 3.2 से मात दी। एथलेटिक बिलबाओ ने अल्मेरिया को 2.1 से हराया जबकि वाल्लाडोलिड ने गिरोना को 1.0 से मात दी।



# पेज एक का शेष

## गिरफ्तार अमृतपाल को ...

उसने मोगा में पुलिस के सामने सरेंडर किया। उसकी गिरफ्तारी के बाद इलाके में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। अमृतपाल 18 मार्च से फरार था।

**अंदर 57 सीसीटीवी कैमरे, बाहर कमांडो का पहरा :** अमृतपाल सिंह को पंजाब से असम की डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में लाया गया। जेल के अंदर 57 सीसीटीवी कैमरे निगरानी करेंगे जबकि बाहर असम पुलिस के कमांडो तैनात हैं। पंजाब पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के अधिकारियों की एक टीम वारिस पंजाब दे प्रमुख के साथ डिब्रूगढ़ पहुंची। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'अमृतपाल को उसके सहयोगियों से दूर एक अलग सेल में रखा गया है। जिल सेल में अमृतपाल को रखा गया है, वहां कई लेयर की सिक्यॉरिटी है। सीआरपीएफ के जवान चौबीस घंटे जेल की निगरानी रख रहे हैं। इसके अलावा आईबी, रॉ और दूसरी खुफिया एजेंसियों की एक टीम डिब्रूगढ़ जेल पहुंचकर अमृतपाल से पूछताछ करेगी।

**कब चर्चा में आया अमृतपाल :** फरवरी में अमृतपाल तब चर्चा में आया जब उसके नेतृत्व में भीड़ ने पुलिस के साथ संघर्ष किया और अमृतसर के पास एक पुलिस स्टेशन का घेराव कर अपने एक साथी को छुड़ा लिया। अपहरण के एक कथित मामले में वह हिरासत में था। खूनी संघर्ष में छह पुलिसकर्मी घायल हो गये थे। अमृतपाल के खिलाफ एनएसए समेत करीब आधे दर्जन मामले दर्ज हैं। 30 वर्षीय अमृतपाल सिंह पंजाब के अमृतसर जिले के जल्लूपुर खेड़ा का रहने वाला है। उसका परिवार कथित तौर पर दुबई में एक परिवहन व्यवसाय चलाता है। किसान आंदोलन के दौरान वह दुबई से भारत आ गया था। भारत लौट कर वह 'वारिस पंजाब दे' संगठन का सदस्य बन गया।

## जंगल हो या...

लेकिन वह भालू से लड़ता रहा। लगभग 15 मिनट तक भिड़ंत के बाद संदीप ने कुल्हाड़ी उठा ली और अपने बचाव में भालू पर कुल्हाड़ी से वार करने लगा। इधर संदीप के शोर मचाने के बाद महुआ चुन रहे आसपास के लोग भी वहां पहुंच गये और जोर-जोर से आवाज करने लगे। इसके बाद दोनों भालू संदीप को छोड़कर जंगल की ओर भाग गये। आइआरबी जवान संदीप टोप्पो के चेहरे और आंख में गंभीर जख्म है।

## सरकार रोज खरीदेगी...

ऊंचे दर पर खरीदी होगी अतिरिक्त बिजली

वर्तमान संकट में तत्कालीन व्यवस्था के तहत इंडियन एनर्जी पावर एक्सचेंज से करीब 400 मेगावाट अतिरिक्त बिजली ली जा रही है। इस पर प्रतिदिन करीब 2 करोड़ रुपए का खर्च आ रहा है, जबकि जेबीएनएएल का विभिन्न कंपनियों के साथ हुए समझौते के आधार पर यह सवा तीन से से पांच रुपए के बीच औसतन पड़ता है। इसलिए सीएमडी, निदेशक केके वर्मा के निर्देश के बाद स्थाई तौर पर मांग के अनुसार, बिजली खरीदने के लिए पीपीए करने का निर्णय लिया गया है। निर्देश के बाद डिमांड और खपत पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके बाद सेंट्रल पावर एक्सचेंज की कंपनियां डीवीसी, एनटीपीसी और सेकी से पीपीए किया जाएगा।

सीएम के निर्देश के बाद डिमांड और खपत पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। गर्मी में डिमांड के अनुरूप बिजली की मांग को पूरी करने के लिए पीपीए किया जाएगा, ताकि ऊंचे दर पर बिजली न खरीदना पड़े। तत्काल बिजली खरीदी पर अनेक तरह की तकनीकी समस्या होती है। इसलिए सरकार इसके स्थाई हल की ओर बढ़ रही है। जल्द ही पीपीए कर लिया जाएगा-**केके वर्मा, निदेशक वितरण और प्रोजेक्ट, जेबीवीएनएल।**


## 90 साल की उम्र ...

चौपारण सीट का सिमरिया में विलय होने के बाद वह 1980 और 1985 के चुनाव में दो बार काग्रेंस पार्टी से चुनाव लड़े और जीते। 1990 के चुनाव में उन्होंने खुद को चुनाव लड़ने से अलग कर लिया और धनबल की राजनीति को तिलांजली दे दी।

**क्या है मामला :** 90 वर्षीय यह व्यक्ति आज भी गांव को जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। वह उम्र की परवाह किये प्रोजेक्ट भवन के दूसरे तल्ले पर चढ़ जा रहे हैं। गांव में सड़क बनवाने का जुनून ऐसा कि न तो ठीक से चल पा रहे हैं और न बोल। परंतु सड़क बनाने के लिए मंत्री से लगातार गुहार लगा रहे हैं। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री ने भी उनकी अर्जी को बिना देखे डीसी को फॉरवर्ड कर दिया था। इसके बाद वह अर्जी लेकर डीसी चतरा के पास गये। परंतु डीसी अबू ईमरान ने सड़क बनाने से साफ मना कर दिया। उनका कहना था कि सड़क की जितनी लंबाई है, वह जिले से नहीं बनायी जा सकती है। राज्य सरकार का अनुमोदन जरूरी है। फिर वह प्रोजेक्ट भवन स्थित ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पास पहुंचे। इस बार आलमगीर आलम तो से उनकी मुलाकात तो नहीं हुई, परंतु उनके कार्यालय के कर्मियों ने डीसी से बात की। जब सड़क नहीं बनाने का कारण पूछा तो पता चला कि जिला स्तर पर इतनी लंबी सड़क नहीं बन सकती। इसके बाद उनसे नया आवेदन मांगा गया और कहा गया कि सरकार के स्तर पर इसकी स्वीकृति दी जाएगी। फिर इसका निर्माण कराया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## सीएम योगी ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगायी हाजिरी



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नगर निकाय चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने के पूर्व श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई। मंदिर के गर्भगृह में अर्चकों ने बाबा विश्वनाथ का विधि विधान से पूजन कराया। दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में पहुंचे और दर्शन पूजन किया।

## बदरीनाथ-केदारनाथ में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

**गोपेश्वर।** बदरीनाथ-केदारनाथ में कपाट खुलने के अवसर पर श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों का स्वागत हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा के साथ होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के निर्देश पर शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री धामी के दिशा-निर्देश पर यात्रा ट्रांजिट कैंप ऋषिकेश और श्री गंगोत्री यमुनोत्री में कपाट खुलने के अवसर पर तीर्थयात्रियों के स्वागत में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा के बाद अब 25 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट और 27 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर तीर्थयात्रियों-श्रद्धालुओं के स्वागत में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

## तृणमूल के दो गुटों में झड़प, पांच घायल

**कूचबिहार।** सड़क निर्माण को लेकर तृणमूल के दो गुट आपस में भिड़ गये। घटना रविवार को मेखलीगंज के बोटबाड़ी इलाके में घटी है। घटना में दोनों पक्षों के करीब पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। मेखलीगंज के बोटबाड़ी गोविंदा पाड़ा में पथश्री परियोजना के तहत एक किमी पक्की सड़क का निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण शुरू होने पर पंचायत सदस्य के पति मुजीबर रहमान ने काम रोक दिया।

## कर्नाटक में करीब 250 करोड़ जब्त

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव की 29 मार्च को की गई घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बाद से प्रवर्तन एजेंसियों ने अबतक करीब 250 करोड़ रुपये की जब्ती की है। निर्वाचन आयोग ने रविवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने बताया कि 82 करोड़ रुपये की नकदी, 57 करोड़ रुपये की शराब, 78 करोड़ रुपये का सोना और चांदी, 20 करोड़ रुपये की मुफ्त में बांटी जाने वाली सामग्री और 17 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ शामिल हैं।

## अमेरिका के झील में दो भारतीय छात्रों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के इंडियाना की एक झील में तैरने के दौरान पिछले सप्ताह लापता हुए दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई है। सिद्धांत शाह (19) और आर्यन वैद्य (20) गत 15 अप्रैल को अपने मित्रों के एक समूह के साथ इंडियानापोलिस से लगभग 102 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित मोनरो झील में तैराकी के लिए गए थे, लेकिन वे पानी से बाहर नहीं आए।

## यमुनोत्री जा रहे तीर्थयात्री की मौत

**उत्तरकाशी ।** यमुनोत्री धाम के दर्शनों को जा रहे गुजरात के एक श्रद्धालु की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गयी । घटना शनिवार को हुई जब अक्षय तृतीया के पर्व पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलने के बाद सूरत के कौशम्भा के कनक सिंह मां यमुना के दर्शन के लिए जा रहे थे।

# कौशल-दक्षता के हाथों में होगी भविष्य की चाबी

**▶▶ तेज गति से होते नवाचार एवं प्रौद्योगिकी बदलाव के चलते पुरानी नौकरियां हो रही खत्म : धर्मेंद्र प्रधान**

### 21वीं सदी ज्ञान आधारित और प्रौद्योगिकी चालित होगी : शिक्षा मंत्री



एजेंसी

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि डिग्री के बजाय कौशल और दक्षता से भविष्य तय होगा क्योंकि त्वरित गति से होते नवाचार एवं प्रौद्योगिकी बदलाव के चलते पुरानी नौकरियां खत्म होनी शुरू हो गई हैं। वह तीसरी जी 20 शिक्षा कार्य समूह बैठक से पहले यहां एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

प्रधान ने कहा कि डिग्री के बजाय कौशल और दक्षता भविष्य को संचालित करेगी। ईश्वर के उपहार के रूप में मिली मानव बुद्धिमत्ता की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ निरंतर प्रतिस्पर्धा होगी। उन्होंने डीप टेक विद ए फोकस ऑन एडवांस्ड टेक्नोलॉजी इन फ्यूचर ऑफ वर्क थीम वाले सम्मेलन में कहा कि त्वरित गति से होते नवाचार एवं प्रौद्योगिकी बदलाव के चलते पुरानी नौकरियां खत्म हो रही हैं।

नयी तरह की नौकरियां उभर रही हैं, लेकिन हमारे कार्यबल को लगातार कौशल प्रदान करने, दोबारा कौशल प्रदान करने और अतिरिक्त कौशल बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए, हमें भविष्य की नौकरियों के लिए युवाओं को तैयार करने के नये तौर तरीकों के बारे में सोचना चाहिए। प्रधान ने विश्व के मौजूदा उत्पादन केंद्र चीन पर कहा कि सामग्री सभ्यता के भविष्य को प्रभावित नहीं करने जा रही है। उन्होंने कहा कि मानव का स्वभाव, मानव के भविष्य को प्रभावित करेगा। मंत्री ने कहा कि 21वीं सदी ज्ञान आधारित और प्रौद्योगिकी चालित होगी। उन्होंने कहा कि अपने सभ्यागत लोकाचार से दिशा निर्देशित और प्रतिभा, बाजार एवं संसाधनों के एक नैसर्गिक केंद्र के रूप में भारत 21वीं सदी की वैश्विक आकांक्षाओं को पूरा करने में एक अहम भूमिका निभाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट और वैश्विक कनेक्टिविटी ने हमें वैश्विक जरूरतों के बारे में सोचने का एक अवसर दिया है। सम्मेलन के दौरान, उद्योग जगत, अकादमिक जगत के लोग और स्टार्टअप परिवेश तथा अन्य हितधारक भारत को कौशलयुक्त कार्यबल का एक वैश्विक केंद बनाने पर मंथन करेंगे। जी20 शिक्षा कार्य समूह की पहली बैठक इस साल की शुरूआत में चेन्नई में हुई थी, जिसके बाद दूसरी बैठक पिछले महीने अमृतसर में हुई थी। इस साल जून में एक आम सहमति पर पहुंचने से पहले शिक्षा समूह की तीन अनुपूरक बैठकें होंगी।

## संबलपुर में इंटरनेट बहाल, कर्फ्यू में ढील

**संबलपुर (ओडिशा)।** ओडिशा सरकार ने संबलपुर में रविवार को दिन के समय का कर्फ्यू और इंटरनेट पर लगी पाबंदी हटा ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हाल में हनुमान जयंती समारोहों के दौरान संबलपुर में हुई हिंसा की घटनाओं के बाद ये प्रतिबंध लगाए गए थे।

उन्होंने कहा कि शहर में इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह बहाल कर दी गयी हैं और प्रशासन ने सुबह पांच बजे से रात आठ बजे तक कर्फ्यू में ढील दी है। हनुमान जयंती समारोहों के दौरान दो समूहों के बीच झड़प हो जाने के बाद 13 अप्रैल को इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गयी थीं और अगले दिन कर्फ्यू लगा दिया गया था ।

# अमृतपाल की गिरफ्तारी में पुलिस ने बरता संयम : मान

### कानून तोड़ने वालों को न्याय के दायरे में लाया जायेगा : सीएम

एजेंसी

**अमृतसर।** खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के गिरफ्तार होने के बाद रविवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब पुलिस की कार्रवाई की तारीफ की है। भगवंत मान ने कहा कि सरकार प्रतिशोध की राजनीति में शामिल नहीं है और पुलिस ने खालिस्तानी अलगाववादी अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी में संयम बनाए रखा।

पुलिस द्वारा पीछा करने के एक महीने से अधिक समय के बाद वारिस पंजाब दे के प्रमुख की गिरफ्तारी के बाद, मान ने कहा कि कानून तोड़ने वालों को न्याय के दायरे में लाया जायेगा और अमृतपाल सिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

सीएम ने कहा कि मैंने पंजाब पुलिस को निर्देश दिया कि गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्रता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अमृतपाल सिंह को 35 दिनों के बाद गिरफ्तार किया गया। अगर लोग शांति भंग करते हैं, तो कार्रवाई की जाएगी। हम बदले की राजनीति में लिप्त नहीं हैं। हमने ऐसा नहीं किया। मैं गिरफ्तारी के लिए कोई हिंसा नहीं चाहता। मैं शांति बनाए रखने के लिए 3.5 करोड़ पंजाबियों को धन्यवाद देता हूं। मुख्यमंत्री ने अमृतपाल सिंह पर नकेल कसने के लिए पंजाब पुलिस की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूरी रात अभियान पर नजर रखी। अमृतपाल सिंह को पुलिस ने रविवार सुबह मोगा जिले से गिरफ्तार किया गया।

**गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्रता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए**



### पिता बोले, योद्धा की तरह समर्पण किया

अपने बेटे की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए मां बलविंदर कौर ने कहा कि उन्हें पता चला है कि उसने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने मीडिया से कहा, मुझे गर्व महसूस हुआ कि उसने एक योद्धा की तरह आत्मसमर्पण किया, हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और जल्द से जल्द जाकर उनसे मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि उनका बेटा लोगों को नशे से दूर करने का अच्छा काम कर रहा है, लेकिन पंजाब में नशे की यह बीमारी फैलाने वालों को पकड़ने के बजाय पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह ने कहा कि टेलीविजन के माध्यम से उन्हें पता चला कि उसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। हम भी यही चाहते थे क्योंकि उनकी वजह से लोगों को परेशान किया जा रहा था, हम केस लड़ेंगे।' अमृतपाल सिंह को 1984 में भारतीय सेना के ऑपरेशन ब्लू स्टार में मारे गए जरनैल सिंह भिंडरावाले के पैतृक गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, उसे डिब्रूगढ़ जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है।

### आप सरकार शांति और सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि आप सरकार पंजाब में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसके लिए वह कड़े फैसले भी लेगी। उनकी टिप्पणी पंजाब पुलिस द्वारा रविवार तड़के मोगा के रोडे गांव से अलगाववादी अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार किए जाने के बाद आई है। अमृतपाल की गिरफ्तारी के साथ ही उसकी एक महीने से चल रही तलाश पूरी हो चुकी है।

### कट्टरपंथी उपनिदेशक की कगिरफ्तारी के साथ ही चूहे-बिल्ली का खेल खत्म

**चंडीगढ़।** खालिस्तान समर्थक एवं कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह को रविवार को पुलिस द्वारा पंजाब के मोगा जिले से गिरफ्तार कर लेने के साथ ही एक महीने से अधिक समय से जारी चूहे-बिल्ली का खेल आखिरकार खत्म हो गया। अमृतपाल 18 मार्च से पंजाब पुलिस को चकमा दे रहा था और उसे पकड़ने के लिए पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में तलाशी अभियान चलाया गया। रविवार को अमृतपाल को मोगा के रोडे गांव से पकड़ा गया। यहीं पर उसे पिछले साल सितंबर में वारिस पंजाब दे संगठन का प्रमुख बनाया गया था। पंजाब पुलिस ने 18 मार्च को अमृतपाल और उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। पंजाब के आईजी सुखचैन सिंह गिल ने कहा कि अमृतपाल को रविवार सुबह रोडे से गिरफ्तार कर लिया गया, जब पुलिसकर्मियों ने उसे घेर लिया, जिससे उसके बचने का कोई रास्ता नहीं बचा। पुलिस ने पिछले महीने कार्रवाई शुरू की थी, जब अमृतपाल और उसके समर्थक बैरिकेड तोड़ते हुए 23 फरवरी को अमृतसर शहर के बाहरी इलाके स्थित अजनाला पुलिस थाने में घुस गए और लवप्रीत सिंह तूफान को रिहा करने की मांग को लेकर पुलिसकर्मियों से भिड़ गए।

### गलवान झड़प के बाद पहली बार भारत आ रहे हैं चीनी रक्षामंत्री

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन की सीमा पर छिड़े तनाव के बीच चीनी रक्षामंत्री अगले हफ्ते भारत आयेंगे। साल 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद यह पहली बार होगा जब चीनी रक्षामंत्री भारत का दौरा करेंगे। चीनी रक्षामंत्री पहली बार भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से आमने-सामने बात करेंगे। चीन के रक्षामंत्री ली शांगफू और रूस के रक्षामंत्री सर्गेई शोइगु भारत में अगले हफ्ते होने वाली शंघाई सहयोग संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेंगे। भारत की अध्यक्षता में 27 और 28 अप्रैल 2023 को एससीओ रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। हालांकि अभी तक पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बैठक में हिस्सा लेने की पुष्टि नहीं हुई है। ख्वाजा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। गलवान घाटी में 2020 की झड़प के बाद यह पहली बार है जब चीनी रक्षामंत्री ली दिल्ली का दौरा करेंगे। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कुछ फ्रिक्शन पॉइंट्स पर पीछे हटने के बावजूद दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव जारी है। साथ ही गतिरोध के पुराने मुद्दों पर भी कोई समाधान नहीं हुआ है। गौरतलब है कि दिसंबर 2022 में अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के यांग्त्से में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। भारत की अध्यक्षता में एससीओ की बैठक अगले सप्ताह होगी । उन्होंने कहा कि 27 और 28 अप्रैल को होने वाली एससीओ रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक में पाकिस्तानी रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की व्यक्तिगत रूप से भागीदारी पर अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है।

# भारतीय संस्कृति रुढ़ीवादी नहीं : संघ

**विश्वगुरु बनने के लिए भारत को वेदों के ज्ञान को प्रोत्साहित करने की जरूरत : भागवत**



एजेंसी

**साबरकांठा (गुजरात)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को यहां कहा कि विश्वगुरु बनने के लिए भारत को वेदों के ज्ञान और प्राचीन भाषा संस्कृत को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति रुढ़ीवादी नहीं है, बल्कि समय के साथ बदलती रही है और ऐसी नहीं है जो हमसे यह कहे कि क्या खाना है और क्या नहीं खाना है।

यहां मुदेती गांव में श्री भगवान याज्ञवलक्य वेदतत्वज्ञान योगाश्रम ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वेद संस्कृत ज्ञान गौरव समारंभ में भागवत ने कहा कि भारत का निर्माण वेदों के मूल्यों पर हुआ है, जिनका पीढ़ी दर पीढ़ी अनुसरण किया गया। उन्होंने कहा कि इसलिए आज के भारत को प्रगति करनी है, लेकिन अमेरिका, चीन और रूस जैसी महाशक्ति नहीं बनना होगा जो शक्ति का इस्तेमाल करते हैं। हमें एक ऐसा देश बनना है जो आज के विश्व की समस्याओं का समाधान दे सके। हमें एक ऐसा देश बनना है जो विश्व को सही व्यवहार के जरिये शांति, प्रेम और समृद्धि का पथ दिखा सके। भागवत ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जो धर्म का प्रचार-प्रसार करने, हर किसी को एकजुट करने और एक विश्व गुरु बनने में विश्वास रखता है।

उन्होंने कहा कि विजय का मतलब धर्म विजय है। उन्होंने दावा किया कि यही कारण है कि वेदों के ज्ञान या वेद विज्ञान और संस्कृति को प्रोत्साहित करने की जरूरत है. यह सभी ज्ञान संस्कृत में है। इसलिए, संस्कृत को महत्व देना जरूरी है। यदि हम अपनी मातृ भाषा में बोलना जानते हैं तो हम 40 प्रतिशत संस्कृत सीख सकते हैं। भागवत ने यह भी कहा कि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसी को संस्कृत और संगीत का ज्ञान है तो विज्ञान तथा गणित की कई अवधारणाएं आसानी से सीखी जा सकती हैं।यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध पर भारत के रुख की सराहना करते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि दोनों देश चाहते हैं कि भारत उनका पक्ष ले, लेकिन भारत ने यह रुख कायम रखा कि ह्ववे दोनों ही इसके मित्र हैं तथा इसलिए हम अभी पक्ष नहीं लेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारत का यह कहना रहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है, इसलिए इसे रोका जाए। भागवत ने कहा कि आज के भारत को विश्व की महाशक्तियों को यह कहने की हिम्मत है, जिसका अतीत में अभाव था। उन्होंने कहा कि कभी चीन और पाकिस्तान का मित्र रहा और भारत से दूरी बनाये रखने वाला श्रीलंका जब (आर्थिक) संकट में फंस गया तब उसने भारत का रुख किया।

# शिंदे सरकार 15-20 दिन में गिर जायेगी : राउत

**जलगांव।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार का डेथ वारंट जारी हो गया है और अगले 15-20 दिन में सरकार गिर जाएगी। शिवसेना के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले धड़े के प्रमुख नेता राउत ने पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी अदालत के आदेश का इंतजार कर रही है और उम्मीद कर रही है कि न्याय किया जाएगा। राज्यसभा सदस्य उच्चतम न्यायालय में लंबित उन याचिकाओं का जिक्र कर रहे थे जिनमें से एक में शिवसेना (शिंदे धड़े) के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया गया है जिन्होंने ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत की थी। राउत ने दावा किया कि मौजूदा मुख्यमंत्री और उनके 40 विधायकों की सरकार 15-20 दिन में गिर जाएगी। इस सरकार का डेथ वारंट जारी हो गया है। अब यह तय होना है कि कौन इस पर हस्ताक्षर करेगा।

# पोंजी ऐप पर कसेगा शिकंजा

**मोटी रकम के नाम पर हो रही धोखाधड़ी : सीतारमण**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि उनका मंत्रालय पोंजी ऐप पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि भोले-भाले निवेशकों की गाढ़ी कमाई को बचाने के लिए इस संबंध में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) तथा रिजर्व बैंक के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। सीतारमण ने पोंजी ऐप के खिलाफ निवेशकों को आगाह करते हुए कहा कि उन्हें भी सावधानी बरतनी चाहिए और आकर्षक प्रतिफल के बहकावे में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐप भी हैं, जो लोगों तक पहुंच रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि हम यह कर सकते हैं, हम ऐसा कर सकते हैं। आपको इतना पैसा दिलाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि उनमें से कई पोंजी हैं। इन पर शिकंजा कसने के लिए हम इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पोंजी योजना निवेशकों के साथ धोखाधड़ी है, जिसमें नए निवेशकों से जुटाए धन से पुराने निवेशकों को पैसा दिया जाता है, और कुछ समय के बाद यह योजना पूरी तरह से डूब जाती है। उन्होंने कर्नाटक के तुमकुरु में एक कार्यक्रम में कहा कि निवेशकों को भी अपनी मेहनत की कमाई की रक्षा करनी चाहिए और इस संबंध में सावधानी के साथ फैसला करना चाहिए।

# शिल्पा ने बच्चों संग कुलदेवी मंदिर का किया दर्शन



**बॉलीवुड** की मशहूर अदाकारा शिल्पा शेट्टी ने अपने परिवार के साथ मैंगलोर में कतील श्री दुर्गापरमेश्वरी मंदिर में दर्शन किए। बॉलीवुड अभिनेत्री ने कहा कि वह अपने बच्चों को मंगलोरियन विरासत और संस्कृति से परिचित कराना चाहती हैं, जिस पर उन्हें बहुत गर्व है। शिल्पा ने रविवार को इंस्टाग्राम पर अपनी मां, बहन शमिता और अपने दोनों बच्चों वियान और समिशा का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया: मैंगलोर में अपनी मूल जड़ों में वापस। अपनी कुलदेवी कतील दुर्गापरमेश्वरी को अपनी प्रार्थना अर्पित कर रही हूं और अपने बच्चों को अपनी मंगलोरियन विरासत और संस्कृति से परिचित करा रही हूं, जिस पर मुझे बहुत गर्व है। काम के मोर्चे पर, शिल्पा रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' में दिखाई देंगी, जो एक आगामी पुलिस एक्शन ड्रामा स्ट्रीमिंग सीरीज है। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में हैं। उन्हें आखिरी बार 2022 में 'निकम्मा' में बड़े पर्दे पर देखा गया था, जिसमें अभिमन्यु दासानी और शर्ली सेतिया भी थे।







